RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 286
नई दिल्ली, शनिवार, 27 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




एशिया कप में होगी महाद्वीपीय बादशाहत की जंग
स्पोर्ट्स-12

# पांच दशक बाद आजाद ने कांग्रेस को कहा अलविदा

● राहुल गांधी पर किया तीखा हमला बचकानी हरकत अपरिपक्व व चापलूसों पर भरोसा करने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने करीब पांच दशकों के बाद शुक्रवार को पार्टी को अलविदा कह दिया और दावा किया कि देश का सबसे पुराना दल अब समग्र रूप से नष्ट हो चुका है तथा इसका नेतृत्व आतंरिक चुनाव के नाम पर धोखा दे रहा है। उन्होंने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर अपरिपक्व और बचकाने व्यवहार का भी आरोप लगाया और कहा कि अब सोनिया गांधी नाममात्र की नेता रह गई हैं क्योंकि फैसले राहुल गांधी के सुरक्षागार्ड और निजी सहायक करते हैं।

कांग्रेस ने आजाद पर पलटवार करते हुए कहा कि उनका डीएनए अब मोदी-मय हो चुका है तथा उनका रिमोट कंट्रोल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में है जिस कारण उन्होंने पार्टी के साथ धोखा किया है। आजाद ने कांग्रेस से अपना रिश्ता उस वक्त तोड़ा है जब पार्टी संगठनात्मक चुनाव की दिशा में आगे बढ़ रही है। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की तिथि निर्धारित करने के संदर्भ में कांग्रेस कार्य समिति रविवार को बैठक करने वाली है। आजाद फिलहाल कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य थे। उनके इस्तीफे को, पहले से ही समस्याओं का सामना कर रही कांग्रेस के लिए एक और झटका माना जा रहा है। इससे पूर्व कई बड़े नेता पार्टी छोड़ चुके हैं जिसमें कपिल सिब्बल, अश्विनी कुमार आदि शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आजाद पर निशाना साधते हुए यह कहा कि जीएनए (गुलाम नबी आजाद) का डीएनए मोदी-मय हो गया है। रमेश ने कहा, जिस व्यक्ति को कांग्रेस नेतृत्व ने सबसे ज़ूयादा सम्मान दिया, उसी व्यक्ति ने कांग्रेस नेतृत्व पर व्यक्तिगत आक्रमण करके अपने असली चरित्र को दर्शाया है। पहले संसद में मोदी के आंसू, फिर पद्म विभूषण, फिर मकान का एक्सटेंशन, यह संयोग नहीं, सहयोग है। पार्टी सूत्रों का यह भी कहना है कि गुलाम नबी आजाद ने राहुल गांधी से निजी खुन्नस और राज्यसभा में न भेजे जाने के कारण त्यागपत्र में अनर्गल बातें की हैं।

कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने दावा किया कि राज्यसभा न भेजे जाने के कारण आजाद तड़पने लगे। खेड़ा ने आरोप लगाया, पार्टी को कमजोर करने में इन्हीं लोगों का तो योगदान रहा है। आप लोगों की वजह से पार्टी कमजोर हुई... पार्टी का कार्यकर्ता इस धोखे को जानता है। कार्यकर्ता यह भी जानता है कि जो व्यक्ति इस समय धोखा दे रहा है, उसका रिमोट कंट्रोल नरेंद्र मोदी के हाथ में है। कांग्रेस के कई अन्य नेताओं ने भी आजाद के कदम की निंदा की। आजाद ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजे पांच पृष्ठ के त्यागपत्र में अपनी शिकायतों का सिलसिलेवार उल्लेख किया। 73 वर्षीय आजाद ने कहा कि वह भारी मन से यह कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि (शेष पेज 8)

## नए राजनीतिक दल का फैसला कांग्रेस के लिए बड़ा झटका

**मोहित** कंडारी। जम्मू

**कांग्रेस** को अलविदा कहने वाला पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद जम्मू-कश्मीर में अपनी जमीन मजबूत करने को नई राजनीतिक पार्टी शुरू करने के लिए तैयार हैं। त्यागपत्र देने के बाद नई दिल्ली में टीवी समाचार चैनलों से बातचीत में आजाद ने यह ऐलान किया। बहरहाल, इस बात की पूरी संभावना है कि नए अवतार में आजाद की इस भूमिका से भाजपा को लाभ मिल सकता है जो जम्मू क्षेत्र से अपने बलबूते ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतना चाहती है।

दूसरी ओर पार्टी छोड़ने के उनके फैसले से कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई सकते में है। नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी भी पूरे जम्मू क्षेत्र में अपनी जमीन मजबूत करने में विफल रही। इन क्षेत्रीय पार्टियों से संबंधित कुछ नेता पहले ही अपनी पार्टियों को छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया था। पूर्व मंत्रियों और पार्टी विधायकों समेत आठ

### ● आजाद के समर्थन में जम्मू-कश्मीर के आठ नेताओं ने दिया इस्तीफा

वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को देर शाम तक पार्टी हाईकमान को अपना इस्तीफा भेज दिया था। इसमें इंदरवाल से पूर्व विधायक जीएम सरूरी, मोहम्मद अमीन भट, गुलजार अहमद वानी, हाजी अब्दुल रशीद चौधरी, मोहम्मद असलम, आरएस चिब तथा जुगल किशोर शामिल हैं।

आजाद कैंप से करीबी ताल्लुक रखने वाले कुछ और नेताओं के भी कांग्रेस छोड़ने की उम्मीद है। जम्मू विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रमुख रह चुके पूर्व प्रोफेसर हरिओम ने पायनियर से कहा कि ऐसे अहम समय मे आजाद का पार्टी छोड़ने का फैसला बहुत से लोगों को चौंका सकता है लेकिन सत्ता के गलियारे बड़े हिस्सेदार बनने के लिए वे लंबे समय से पर्दे के पीछे से काम कर रहे (शेष पेज 8)

# आरोपियों ने मौत से पहले सोनाली फोगाट को नशीला पदार्थ दिया था: गोवा पुलिस

**भाषा।** पणजी


सोनाली फोगाट की फाइल फोटो

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सोनाली फोगाट के ड्रिंक में उनके दो सहयोगियों ने एक पार्टी के दौरान नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया था। संभवत: इसके चलते फोगाट की मौत हुई। यह दोनों फोगाट हत्याकांड में आरोपी हैं। गोवा पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि फोगाट (42) की हत्या के पीछे की वजह आर्थिक हित हो सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों - सुधीर सांगवान और सुखविंदर सिंह - को गिरफ्तार कर लिया गया है ताकि वे सबूतों से छेड़छाड़ और गवाहों को प्रभावित नहीं कर सकें।

पुलिस महानिरीक्षक ओमवीर सिंह बिश्नोई ने बताया कि दोनों आरोपी पेय पदार्थ में कुछ रासायनिक पदार्थ मिलाते देखे गए थे, जिसे अंजुना के रेस्तरां में हुई पार्टी में फोगाट को पिलाया गया। सांगवान और सिंह 22 अगस्त को फोगाट के साथ गोवा गए थे। बिश्नोई ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान उत्तरी गोवा में अंजुना के रेस्तरां में फोगाट को जानबूझकर नशीला पदार्थ पिलाने की बात स्वीकार की है। यह घटना 22-23 अगस्त की मध्यरात्रि की है। उन्होंने कहा कि अंजुना पुलिस ने हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जांच अधिकारी ने रेस्तरां की सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल की, जिसमें पाया गया कि सांगवान ने कथित तौर पर जबरन फोगाट को पेय पदार्थ पिलाया। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को तड़के करीब 4:30 बजे दोनों आरोपी फोगाट को प्रसाधन कक्ष (वॉशरूम) ले गए थे, जहां तीनों लोग दो घंटे तक अंदर ही रहे थे।

बिश्नोई ने कहा कि हिरासत में पूछताछ के बाद ही यह पता चल पाएगा कि उन दो घंटे के दौरान क्या हुआ था। उन्होंने कहा कि पार्टी के दौरान आरोपियों के साथ दो महिलाएं भी थीं और इन्हें केक काटते देखा गया था। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि दोनों महिलाओं से भी पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फोगाट के शव पर चोट के कई निशान होने से जुड़े सवाल पर बिश्नोई ने कहा कि आरोपियों ने पूछताछ में कहा है कि फोगाट को अस्पताल ले जाने के दौरान खरोंच लगने के कारण ऐसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि फोगाट को अस्पताल ले जाने पर उनके शरीर पर चोट के कोई निशान नजर नहीं आ रहे थे इसलिए चिकित्सकों ने संदेह जताया था कि मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना हो सकता है। बिश्नोई ने कहा कि ऐसा जान पड़ता है कि फोगाट की मौत नशीले पदार्थ के कारण हुई है। बिश्नोई ने कहा कि पुलिस उन टैक्सी चालकों का भी बयान दर्ज करेगी जिनमें से एक फोगाट को रेस्तरां से होटल लेकर आया था और दूसरा फोगाट को अस्पताल लेकर गया था।

गोवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में फॉरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा बृहस्पतिवार सुबह फोगाट के शव का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद अंजुना पुलिस ने अप्राकृतिक मौत के मामले में हत्या का आरोप जोड़ा था और बताया था कि रिपोर्ट में उनके शरीर पर गहरी चोट के कई निशान होने की बात कही गई है। टिकटॉक ऐप से शोहरत हासिल करने वाली हरियाणा के हिसार जिले की भाजपा नेता फोगाट 22 अगस्त को सांगवान और सिंह के साथ गोवा आईं और अंजुना में एक होटल में ठहरी थीं। तबीयत ठीक न लगने की शिकायत के बाद 23 अगस्त को सुबह उन्हें सेंट एंथनी अस्पताल ले जाया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने तब दिल का दौरा पड़ने के कारण उनकी मौत होने की आशंका जताई थी।

# केजरीवाल ने विस सत्र बढ़ाया कल विश्वासमत प्रस्ताव लाएंगे

● उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा मेरे खिलाफ सीबीआई की एफआईआर पूरी तरह फर्जी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को विधानसभा का विशेष सत्र एक दिन और बढ़ा दिया। अब वह सोमवार को विश्वासमत प्रस्ताव भी लाएंगे। विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने गोवा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, असम मध्य प्रदेश, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और मेघालय में चुनी हुई सरकारों को गिराकर अपनी सरकार बनाई है।

जनता एक सरकार चुनती है और भाजपा उसे गिरा देती है। यही सब वे दिल्ली में करना चाहते थे। उनके प्रयास को विफल कर दिया गया है।

विधानसभा में शुक्रवार को नई शराब नीति और विधायकों की कथित खरीद के प्रयासों के आरोपों पर भारी हंगामा हुआ। बढ़ते हंगामे के बीच डिप्टी स्पीकर राखी बिड़ला ने भाजपा के सभी आठों विधायकों को मार्शलों के जरिए विधानसभा से बाहर निकाल दिया। केजरीवाल ने कहा कि सभी देशविरोधी ताकतें आप सरकार के विरोध में आ गई हैं। वे हमें तोड़ना चाहते हैं। हमारे सभी विधायक एकजुट हैं। सीएम ने कहा कि गुजरात चुनाव तक वे हमारे खिलाफ झूठे केस दर्ज करते रहेंगे।

इससे पहले, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा कि उनके खिलाफ केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पूरी तरह से फर्जी है। दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में भ्रष्टाचार का सीबीआई के पास कोई सबूत नहीं (शेष पेज 8)

# आप की बातों में किताब लेकिन कर्मों में शराब: अनुराग ठाकुर

● केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री केजरीवाल पर बोला हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने आबकारी नीति को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर हमला जारी रखते हुए शुक्रवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) की बातों में भले ही किताब हो लेकिन उनके कर्मों में शराब है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप सरकार ने दिल्ली में पाठशाला तो नहीं बनाया लेकिन उसने मधुशाला बहुत सारे खोल दिए।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता आबकारी नीति में हुए कथित भ्रष्टाचार पर केजरीवाल और सिसोदिया की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। आप सरकार की आबकारी नीति की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच कर रहा है। ठाकुर ने कहा कि शराब घोटाले से आप का चेहरा बेनकाब हुआ है और यह दर्शाता है कि वह ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। क्यों उसके नेता आबकारी नीति पर पूछे जा रहे सवालों का जवाब नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सरकार को यह जवाब देना होगा कि क्यों शराब के ठेकेदारों को 144 करोड़ रुपए लौटा दिए गए और 30 करोड़ रुपए की कमाई वापस क्यों कर दी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यदि उनकी आबकारी नीति सही थी तो उसे वापस क्यों लिया। सच्चाई ये है कि इसमें गंभीर भ्रष्टाचार हुआ है। उनके स्वास्थ्य मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं और शराब मंत्री के खिलाफ जांच चल रही है। ऐसे मंत्री शिक्षा पर क्या प्रभाव छोड़ेंगे। ज्ञात हो कि शिक्षा मंत्री सिसोदिया के पास आबकारी विभाग का भी जिम्मा है। ठाकुर ने कहा कि यदि एक मंत्री शराब के दुकानों की संख्या बढ़ाने में ही व्यस्त रहेगा तो उससे शिक्षा को लेकर क्या उम्मीद की जा सकती है। ज्ञात हो कि आप सरकार (शेष पेज 8)

# पूर्वी लद्दाख में सेना ने शुरू किया प्रोजेक्ट जोरावर

● एलओसी पर चीन से निपटने के लिए ऊंचे इलाकों में तैनात कर रही देश में बने हल्के टैंक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारतीय** सेना ने प्रोजेक्ट जोरावर के तहत देश में निर्मित हल्के टैंकों को ऊंचाई वाले स्थान पर तैनात कर रही है। सेना का यह निर्णय कदम भारत-चीन की लद्दाख सीमा से लगे वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर कायम गतिरोध और भविष्य में भी इसके बने रहने की आशंका के बीच लिया गया है। इस कदम का उद्देश्य किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए गोलाबारी करने की सेना की संपूर्ण क्षमता को बढ़ाना है।

सूत्र ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय सेना द्वारा लद्दाख व अन्य क्षेत्रों में टैंकों की तैनाती का लक्ष्य चीन द्वारा तैनात टैंको के किसी भी खतरे की स्थिति में मुंहतोड़ जवाब देना है। हल्के टैंकों को आवश्यकता के अनुसार स्थानीय दुर्गम क्षेत्रों में एयरलिफ्ट किए जा सकते हैं और इससे ऑपरेशन के दौरान स्थानीय कमांडरों को तेजी से आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। जारी गतिरोध के बीच चीन ने पिछले साल लद्दाख के एलएसी समेत कई अग्रिम मोर्चे पर हल्के टैंक तैनात किए थे।

इसके जवाब में भारत ने भी टी-90 और टी-72 टैंक तैनात किए हैं। टी-90 टैंक का वजन 46 टन और टी-72 का वजन 45 टन है। सूत्र ने हल्के टैंक की जरूरत के बारे में बताते हुए कहा कि सेना का शक्ति प्रदर्शन चीन की बढ़त बनाने से रोकना है। रक्षा एवं सुरक्षा प्रतिष्ठानों के सूत्रों ने बताया कि आवश्यकता की स्वीकार्यता या शुरूआती मंजूरी रक्षा मंत्रालय द्वारा अगले महीने प्रदान किए जाने की संभावना है।

सूत्रों ने बताया कि हल्के टैंक की गोला दागने की क्षमता मौजूदा टैंक के अनुरूप होगी और उन्हें शीघ्र तैनाती तथा थल सेना की फुर्ती बढ़ाना सुनिश्चित करने के लिए हासिल किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि यह महसूस किया गया कि जब मौजूदा टैंक को इस तरह के भू-भाग में उपयोग करने की बारी आई तब एक जरूरत महसूस की गई और इसलिए हल्के टैंक तैनात करने का फैसला किया गया। सूत्रों ने बताया कि शत्रु (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,833 | ↑ 59 | |
| निफ्टी | 17,558 | ↑ 36 | |
| सोना | 52,031 | ↓ 254 | /10g |
| चांदी | 55,979 | ↑ 21 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मुरादाबाद में आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच की मौत

**मुरादाबाद (उप्र)।** मुरादाबाद जिले के गलशहीद थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में बृहस्पतिवार की रात शार्ट सर्किट से तीन मंजिले मकान की गोदाम में आग लग गई, जिससे एक ही परिवार के तीन बच्चों समेत पांच लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घनी आबादी वाले असालतपुरा मोहल्ले में कबाड़ कारोबारी इरशाद का तीन मंजिला मकान है, जिसमें निचले तल के हॉल में कबाड़ का गोदाम बनाया गया था, जबकि परिवार के सदस्य मकान में पहली और दूसरी मंजिल पर रह रहे थे। उत्तराखंड के रानीखेत में रहने वाला इरशाद का बेटा अयाज शुक्रवार को परिवार में एक शादी समारोह के लिए अपनी पत्नी शमा परवीन (36), बेटी जुबिया (सात) और बेटे एबाद (पांच) के साथ आया था। घर में कुछ अन्य रिश्तेदार भी मौजूद थे।

# हेट स्पीच मामले में योगी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जुड़े, कथित रूप से नफरत फैलाने वाला भाषण देने के 2007 के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने कहा कि इस मामले में मंजूरी देने से इनकार करने पर चर्चा करने की आवश्यकता नहीं है।

पीठ ने कहा, मंजूरी से जुड़े कानूनी प्रश्नों को किसी उपयुक्त मामले से निपटने के लिए खुला रखा जाएगा। उच्च न्यायालय ने फरवरी 2018 को दिए अपने फैसले में कहा था कि उसे अभियोग चलाने की मंजूरी देने से इनकार करने का निर्णय लेने की प्रक्रिया या जांच में कोई प्रक्रियात्मक त्रुटि नहीं मिली है। तत्कालीन सांसद आदित्यनाथ और कई अन्य लोगों के खिलाफ दो समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने के आरोप में गोरखपुर के एक पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

यह आरोप लगाया गया था कि आदित्यनाथ द्वारा कथित रूप से नफरत फैलाने वाला भाषण देने के बाद गोरखपुर में उसी दिन हिंसा की कई घटनाएं हुईं। हाई कोर्ट ने फरवरी 2018 को दिए अपने फैसले में कहा था कि (शेष पेज 8)

## मुफ्त उपहार चुनावी वायदे संबंधी याचिकाओं को तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चुनाव से पहले राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहार के वायदे का मुद्दा उठाने वाली याचिकाओं को तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किए जाने का शुक्रवार को निर्देश दिया और कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि उसके समक्ष रखे गए पहलुओं की व्यापक सुनवाई की आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि इन याचिकाओं में उठाए गए कुछ प्रारम्भिक मुद्दों पर विचार किए जाने की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति रमण के कार्यकाल का आज अंतिम दिन था और न्यायालय का यह आदेश मुफ्त उपहार बनाम कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जारी बहस के बीच आया है। न्यायालय ने (शेष पेज 8)

# धोखाधड़ी में 27 साल कैद, 171.74 करोड़ का जुर्माना

● मोटे मुनाफे का लालच देकर लोगों से जमा कराए थे 870.10 करोड़

● कोयम्बटूर की अदालत ने दो लोगों और तीन कंपनियों को दोषी पाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**तमिलनाडु** के कोयम्बटूर में एक निचली अदालत ने शुक्रवार को कमलावल्ली और के मोहनराज नाम के दो लोगों को एक दुर्लभ मामले में 27 साल की सश्रम कारावास और प्रत्येक को 42.76 करोड़ रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

यही नहीं, निवेशकर्ताओं से 870.10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में अदालत ने तीन अन्य आरोपी फर्मों पाजी फोरेक्स ट्रेडिंग इंडिया प्रा.लि., पाजी ट्रेडिंग इंक एवं पाजी मार्केटिंग कंपनी पर 28.74 करोड़ रुपये (प्रत्येक) का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने अपने एक बयान में कहा कि इस तरह आरोपियों पर कुल मिलाकर 171.74 करोड़ का जुर्माना ठोका गया है। मद्रास हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने 15 जून 2011 को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप लगाया गया था कि के मोहनराज द्वारा संचालित पाजी मार्केटिंग कंपनी, तिरुपुर, अन्य निजी कंपनियों सहित अन्य निदेशकों ने जुलाई 2008 से सितंबर 2009 के बीच विभिन्न योजनाएं शुरू कीं और अलग-अलग जमाकर्ताओं से 870.10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

उन्हें मोटे मुनाफे का लालच दिया गया था। यह भी आरोप लगाया गया था कि वेबसाइट www.paazeemarketing.com के माध्यम से कंपनियों के निदेशकों सहित अन्य आरोपियों ने धोखाधड़ी से जमा और निवेश को लेकर जमाकर्ताओं से यह वादा किया कि जनता द्वारा जमा किए गए उसी पैसे का उपयोग विदेशी मुद्रा व्यापार व्यवसाय में किया जाएगा।

आरोपियों ने यह भी वादा किया कि इस तरह जमा की गई रकम पर बहुत कम अवधि में भारी लाभांश/ब्याज का भुगतान किया जाएगा। आरोपियों ने विभिन्न बैंकों के पोस्ट-डेटेड चेक जारी किए, जहां आरोपियों ने पाजी फॉरेक्स ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पाजी ट्रेडिंग इंक. और पाजी मार्केटिंग कंपनी के नाम से खाते खोले थे। इस मामले में गहन जांच के बाद 7 अक्टूबर, 2011 को आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था। निचली अदालत ने दो आरोपियों और तीन कंपनियों को दोषी पाया। अब उन्हें सजा सुनाई गई है। यह ऐसा मामला है जो रेयरेस्ट यानी दुर्लभतम मामलों में शामिल है।

## ट्विन टावर ध्वस्तीकरण

# सुरक्षा मानकों का कड़ाई से हो पालन : योगी

### सीएम ने की तैयारियों की समीक्षा, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के दिए आदेश



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में मैसर्स सुपरटेक के ट्विन टावर्स के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को यहां जारी सरकारी बयान के अनुसार ध्वस्तीकरण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए योगी ने कहा कि टावर को ध्वस्त करने की पूरी प्रक्रिया में आस-पास के आवासीय परिसर में रहने वाले लोगों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जाए, साथ ही, पर्यावरणीय मानकों का भी ध्यान रखा जाए। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने डेढ़ दशक पुराने इस मामले के दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्वाई करने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री की समीक्षा के बाद अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कुमार ने बताया कि आगामी 28 अगस्त को निर्धारित ट्विन टावर्स के ध्वस्तीकरण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ट्विन टावर्स के निकट स्थित एमराल्ड कोर्ट के 660 भवन और एटीएस विलेज के 762 भवन 28 अगस्त को सुबह 07 बजे खाली करा लिए जाएंगे। एमराल्ड कोर्ट और एटीएस विलेज सोसाइटी के वाहनों की वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था और बाग-बगीचों की सुरक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप ध्वस्तीकरण के दौरान ट्विन टावर्स के चारों ओर की सड़कों पर आवागमन प्रतिबंधित रखा जाएगा। ध्वस्तीकरण के समय सुरक्षा के दृष्टिगत नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे आधे घंटे बंद होगा।

उल्लेखनीय है कि एडफिस इंजीनियरिंग को 28 अगस्त को लगभग 100 मीटर उंचे ट्विन टावर को सुरक्षित रूप से ढहाने का जिम्मा सौंपा गया है। कंपनी ने इस जोखिम भरे काम के लिए दक्षिण अफ्रीका की जेट डिमॉलिशन्स से हाथ मिलाया है। उसे दोनों टावर को कुछ इस तरह से गिराना है कि महज नौ मीटर की दूरी पर स्थित आवासीय इमारतों को कोई नुकसान न पहुंचे। मुख्यमंत्री ने ट्विन टावर्स के ध्वस्तीकरण के दृष्टिगत पर्यावरणीय चुनौतियों का भी ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में ध्वस्तीकरण के बाद वायु गुणवत्ता की जांच के लिए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा छह जगहों पर उपकरण लगाए जाएंगे।

### नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

नोएडा। सुपरटेक के 29 और 32 मंजिल के दोनों टॉवर को गिराने के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। इसके मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन का प्लान जारी कर दिया है। प्लान के मुताबिक पुलिस ने कई मार्गों को सुबह सात बजे से स्थिति सामान्य होने तक बंद कर दिया है। कुछ मार्गों को डायवर्ट किया गया है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस.वे पर यातायात डायवर्जन दोपहर 2.45 बजे से लागू होगा। इसके तहत नोएडा से ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे की ओर जाने वाले यातायात को महामाया फ्लाई ओवर से सेक्टर 37 की ओर डायवर्ट किया जाएगा। यह यातायात सिटी सेंटर, सेक्टर 71 होकर गन्तव्य की ओर जाएगा। नोएडा से ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस.वे की ओर जाने वाले यातायात को फि ल्म सिटी फ्लाई ओवर से एलीवेटेड रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा। यह यातायात एलीवेटेड रोड होकर सेक्टर-60, सेक्टर-71 होकर गन्तव्य की ओर जाएगा।

नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे की ओर जाने वाले यातायात को नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस.वे व सर्विस रोड को फरीदाबाद फ्लाई ओवर से पहले सेक्टर-82 कट के सामने पूर्ण बंद किया जाएगा। यह यातायात गेझा तिराहा, फेस.2 होकर गंतव्य की ओर जाएगा। ग्रेटर नोएडा से नोएडा, दिल्ली की ओर जाने वाले यातायात को परी चौक से सूरजपुर की ओर डायवर्ट किया जाएगा। यह यातायात सूरजपुर, यामाहा, फेस-2 अथवा बिसरख, किसान चौक होकर गंतव्य की ओर जाएगा। एक्सप्रेस-वे की ओर जाने वाले यातायात परीचौक की ओर डायवर्ट किया जाएगा।




फोटो: रंजन डिमरी

### आपात स्थिति के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार

**नोएडा।** नोएडा का स्वास्थ्य विभाग किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों के अलावा, तीन निजी अस्पताल भी किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में मरीजों को समायोजित करने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील शर्मा ने कहा, मेडिकल टीम और दवाओं के साथ साइट पर छह एम्बुलेंस तैनात की जाएंगी। जिला अस्पताल के साथ जेपी अस्पताल, फेलिक्स अस्पताल और यथार्थ अस्पताल में लोगों के रहने की व्यवस्था की जाएगी। विध्वंस के बाद किसी भी आवश्यक स्थिति में अस्पतालों में बिस्तर भी आरक्षित कर दिए गए हैं। सीएमओ ने कहा कि एम्बुलेंस व्यवस्था के नोडल अधिकारी डॉ. जयस लाल होंगे। शर्मा ने कहा कि तीन निजी अस्पतालों और जिला अस्पताल के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। सीएमओ ने कहा, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के नोएडा क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ सुनील अवाना और मैं नियंत्रण कक्ष से सभी गतिविधियों की निगरानी करेंगे। इससे पहले बुधवार को फेलिक्स अस्पताल ने किसी भी आपात स्थिति में विध्वंस के दिन 50 बेड आरक्षित करने की घोषणा की थी।

# नियमों का उल्लंघन होता है तो जवाबदेही तय की जाएगी: सीईओ

● 26 अधिकारियों की मिली-भगत मिली, सभी पर दर्ज है एफआईआर



सीईओ ऋतु माहेश्वरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ऋतु माहेश्वरी ने शुक्रवार को कहा कि अगर नियमों का उल्लंघन होता है तो आज नहीं तो कल, इसकी जवाबदेही निश्चित तौर पर तय की जाएगी। उन्होंने सभी से सरकार और अदालतों द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन करने की अपील भी की। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की वरिष्ठ अधिकारी माहेश्वरी ने कहा कि सुपरटेक के ट्विन टावर का मामला सरकारी अधिकारियों के लिए एक सबक भी है, क्योंकि परियोजना में संलिप्तता के आरोप में नोएडा प्राधिकरण के 26 अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि सुपरटेक की घटना ने नोएडा प्राधिकरण को मानदंडों को संशोधित करने और निर्माताओं को तल क्षेत्र अनुपात (एफएआर) के वितरण के मामले में अधिक सख्ती बरतने के लिए प्रेरित किया है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। घटना से बिल्डरों को मिले सबक पर माहेश्वरी ने कहा, अगर उल्लंघन हुआ है तो आज नहीं तो कल, निश्चित रूप से इसकी जवाबदेही तय की जाएगी। सभी को सरकार और अदालत द्वारा तय किए गए मानदंडों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत से दिशा-निर्देश मिले थे और यह एक पुराना मामला था, जिसे उत्तर प्रदेश सरकार ने गंभीरता से लिया।

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने कहा, राज्य सरकार ने एक एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन किया, जिसने मामले में अलग-अलग समय पर 26 अधिकारियों की मिली-भगत पाई। इन सभी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने कहा, सरकार ने इन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। अदालत और सरकार ने सख्त संदेश दिया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। माहेश्वरी ने कहा, यह सरकार और नोएडा प्राधिकरण लगातार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि काम पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किया जाए।


## सार्वजनिक सूचना

### रिजक्राफ्ट होम्स प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, नेक्स्ट डोर, यू-ब्लॉक, बीपीटीपी पार्कलेण्डस, सैक्टर-76, फरीदाबाद, हरियाणा – 121001 • वेबसाइटः www.ridgecraft.in

यह सार्वजनिक सूचना निदेशक टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग, हरियाणा, चण्डीगढ़ ("डीटीसीपी") द्वारा जारी मीमो नंबर एलसी-3845-एडी (एनके)-2022/25552 दिनांक 25-08-2022 के अनुपालन में जारी की जा रही है।

यह कि रिजक्राफ्ट होम्स प्राइवेट लिमिटेड डीडीजेएवाई, 2016 के तहत डीटीसीपी द्वारा दिये गये लाइसेन्स संख्या 80/2019, दिनांक 30-07-2019 के प्रावधानों के अनुसार सैक्टर-85, फरीदाबाद में 5.575 एकड़ भूमि पर अफोर्डेबल आवासीय प्लॉटेड कॉलोनी विकसित कर रही है।

यह कि उक्त कॉलोनी के लिए पहले स्वीकृत लेआउट प्लान ड्राइंग नं0 डीटीसीपी-7245, दिनांक 20-11-2019 को अब संशोधित करने का प्रस्ताव है।

यह कि निदेशक टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग, हरियाणा, चण्डीगढ़ के कार्यालय द्वारा जारी मीमो नंबर एलसी-3845-एडी (एनके)-2022/25552 दिनांक 25-08-2022 के तहत लेआउट प्लान में इस तरह के संशोधन की अनुमति के लिए मौजूदा आवंटियों से लेआउट प्लान में इस तरह के संशोधन के सम्बन्ध में मौजूदा आवंटियों/आम जनता से आपत्तियां/सुझाव मांगा जाना आवश्यक है।

तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से लाइसेन्स संख्या 80/2019 के प्रावधानों के अनुसार सैक्टर-85, फरीदाबाद में 5.575 एकड़ भूमि पर विकसित होनी वाली डीडीजेएवाई कॉलोनी के आवंटियों से लेआउट प्लान के प्रस्तावित संशोधन पर आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। पहले से स्वीकृत लेआउट प्लान की एक प्रति ड्राइंग नं0 डीटीसीपी-7245, दिनांक 20-11-2019 और संशोधित "सैद्धान्तिक रूप से" मंजूर मीमो नंबर एलसी-3845-एडी (एनके)-2022/25552 दिनांक 25-08-2022 साथ में ड्राइंग नं0 डीटीसीपी-8559, दिनांक 24-08-2022 जोकि हमारी वेबसाइट www.ridgecraft.in पर अवलोकन के लिए उपलब्ध है। उक्त लेआउट प्लान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय तृतीय तल, नेक्स्ट डोर, यू-ब्लॉक, बीपीटीपी पार्कलेण्डस, सैक्टर-76, फरीदाबाद, हरियाणा – 121001 के साथ-साथ जिला टाउन प्लानर (योजना), एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सैक्टर-12, फरीदाबाद के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।

कम्पनी ने ई-1ए से ई-27 तक पहुँच प्रदान करने के लिए हरियाणा सरकार के पक्ष में एक गिफ्ट डीड के माध्यम से 9 मीटर चौड़ी सड़क के विकास के लिए भूमि दान की है जोकि 18 मीटर चौड़ी आंतरिक आवागमन सड़क का हिस्सा है।

किसी भी आवंटी को संशोधित लेआउट प्लान पर कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की अवधि के अन्दर जिला टाउन प्लानर (योजना), एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सैक्टर-12, फरीदाबाद के कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। ऐसा ना करने पर यह मान लिया जाएगा कि उक्त कॉलोनी के संशोधित लेआउट प्लान पर किसी को भी कोई आपत्ति नहीं है।

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 26.08.2022

रोहित मोहन
कृते मैसर्स डिजाईनर रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड



### एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड

Edelweiss Ideas create, values protect

सीआईएन-यू67100एमएच2007पीएलसी174759
पंजीकृत कार्यालय : एडलवेइस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई-400098
+91 22 4088 6090/6620 3149

परिशिष्ट- IV-ए [(देखें नियम 8(6) का परंतुक]

**अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्ति की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) को सूचना दी जाती है कि ईएआरसी ट्रस्ट एससी-406 के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड ("ईएआरसी") के पास बंधक/प्रभारित रखी गई निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा ईएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा 09 अगस्त, 2022 को लिया जा चुका है, ईएआरसी की मैसर्स मैगपाई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गोल्डन लोटस इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, श्री कैलाश चंद जैन, श्री सुरेश जैन, सुश्री अनुराधा जैन, सुश्री रानी जैन, श्री मनीष भास्कर तथा मैगपाई इंटरनैशनल लिमिटेड ("कर्जदारगण") की तरफ 27-08-2022 तक बकाया रू. 34,80,02,343/- (रू. चौंतीस करोड़ अस्सी लाख दो हजार तीन सौ तेतालीस मात्र) उस पर आगे संविदात्मक दरों पर ब्याज तथा अन्य खर्चों एवं लागतों सहित की वसूली के लिए "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर ई-नीलामी एजेन्सी मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से उनके वेबसाइट पोर्टल https://edelweissarc.auctiontiger.net पर 07 अक्टूबर, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 1.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ, यदि ई-नीलामी की समाप्ति से पहले कोई बोली दी जाती है, बेची जाएगी।

सम्पत्ति हेतु सुरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्नानुसार होंगे :

| सुरक्षित मूल्य :- | 28,00,00,000/- | धरोहर राशि जमा : | 2,80,00,000/- |
|---|---|---|---|

| | |
|---|---|
| बोली में वृद्धि | रू. 10,00,000/- (रूपए दस लाख मात्र) |
| प्रतिभूत आस्तियों के निरीक्षण की तिथि | 25-09-2022 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक |
| बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 06-10-2022 अप. 03.00 बजे से पहले |
| ई-नीलामी पोर्टल/हेल्पडेस्क | https://edelweissarc.auctiontiger.net/ 099785 91888/092655 62818 |
| ई-नीलामी की तिथि एवं समय | 07 अक्टूबर, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 1.00 बजे तक 5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तारों के साथ |

अचल सम्पत्ति का वर्णन : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति प्लॉट नंबर टीपी-4, परिमाप 16011.60 वर्ग मीटर तथा स्थित सेक्टर-38, फेज-1, एचएसआईआईडीसी इंडस्ट्रियल एस्टेट, राई, सोनीपत, हरियाणा-131001. उत्तर : खाली प्लॉट, पूरब : इंडस्ट्रियल एस्टेट को रोड, पश्चिम : 45 मीटर चौड़ी रोड, दक्षिण : रोड (राई से बहादुरगढ़), उसके ऊपर सभी बिल्डिंग्स, स्ट्रक्चर्स सहित।

नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया लिंक नामतः www.edelweissarc.in/Propertysale देखें। इच्छुक बोलीदाता धरोहर राशि जमा ईएआरसी के बैंक खात में भेज सकते हैं, विवरण नीचे दिया गया है :

| | |
|---|---|
| बैंक :- आईडीबीआई बैंक, | खाता नाम :- एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड |
| खाता नंबर 000410300054719 | आईएफएससी कोड नंबर आईबीकेएल0000004 |
| शाखा :- मित्तल कोर्ट, नरीमन प्वाइंट | |

बोली प्रस्तुत करने से पहले, संभावित बोलीदाताओं को उपरिवर्णित वेबसाइट्स देखने तथा ई-नीलामी के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के उल्लेखयुक्त बोली दस्तावेज आद्यंत पढ़ने की सलाह दी जाती है।

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
तिथि : 27-08-2022
स्थान : मुंबई
वास्ते एडलवेइस असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
फोन नंबर : 88797 89517


## डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप, बच्ची की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेनो वेस्ट के रोजा जलालपुर गांव में रहने वाले एक साढ़े साल की बेटी की मौत का मामला आया है। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर के गलत इंजेक्शन लगाने पर बच्ची की मौत हुई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक बच्ची की फेफड़ों में पश पड़ गया था।

इससे शरीर में इंफेक्शन फैलने से मौत हुई है। रोजा जलालपुर गांव में देवेंद्र सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी साढ़े तीन साल की बेटी काफी दिन से बीमार चल रही थी। वह देवला गांव में एक डॉक्टर से बेटी का इलाज करवा रहे थे। गुरुवार शाम डॉक्टर ने बच्ची को एक इंजेक्शन लगाया था। इसके बाद अचानक बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी।

परिजन बच्ची को एक अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने कोतवाली में शिकायत करते हुए डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया। कोतवाली प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर बच्चे के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। पीएम रिपोर्ट के मुताबिक बच्ची के दोनों फेफड़े खराब हो गए थे। इससे उनमें पश पड़ गया था। इससे उसके पूरे शरीर में इंफेक्शन फैल गया।

## प्रभात दीक्षित को मिली कौशांबी थाने की कमान

**गाजियाबाद।** एसएसपी मुनिराज ने कौशांबी व नन्दग्राम थानों में एसएचओ की तैनाती कर दी है। इस क्रम में एसएसपी ने अपने पीआरओ प्रभात दीक्षित को पिछले काफी समय से प्रभारीविहीन चल रहे कौशांबी थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया है।

इसके अलावा नन्दग्राम थाने की कमान खोड़ा थाने में तैनात निरीक्षक रमेश सिंह सिद्धू का सौंपी है। सूत्रों की माने तो जल्द ही कप्तान जहां कई थानों के प्रभारियों को इधर से उधर कर सकते हैं, वहीं भोजपुर थाने को भी नया प्रभारी भी शीघ्र मिल जायेगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि कप्तान उन चौकियों पर भी नये प्रभारी तैनात करने वाले हैं, जहां तैनात चौकी प्रभारियों को उपनिरीक्षक से निरीक्षक बनने के बाद लाइन भेज दिया था।

## श्रीकांत त्यागी को तीन मामलों में मिली जमानत

● पर अभी जेल से नहीं आएगा बाहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा की ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में महिला से बदसलूकी करने के आरोपी नेता श्रीकांत त्यागी को शुक्रवार को तीन मामलों में जमानत मिल गई है, लेकिन गैंगस्टर एक्ट में उसे जमानत नहीं मिली है।

इसके चलते श्रीकांत को अभी जेल में ही रहना होगा। जानकारी के अनुसार, श्रीकांत त्यागी को आईपीसी की धाराओं 354, 420 और गाली.गलौज के मामले में जमानत मिल गई है। हालांकि, गैंगस्टर एक्ट केस में जमानत अभी नहीं मिली है।



श्रीकांत के ऊपर चार मुकदमे दर्ज किए गए थे, जिनमें से तीन में जमानत मिल गई है। श्रीकांत त्यागी के वकील सुशील भाटी ने बताया गैंगस्टर एक्ट मामले में भी जल्द जमानत होगी। गौरतलब है कि, नोएडा में 5 अगस्त को ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में एक महिला से अभद्रता करने के मामले में नोएडा पुलिस ने श्रीकांत त्यागी को 9 अगस्त को सुबह मेरठ से तीन अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद सूरजपुर कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि श्रीकांत त्यागी कथित तौर पर खुद को भाजपा नेता बताकर लोगों पर रौब झाड़ता था, लेकिन महिला के साथ बदसलूकी के मामले में श्रीकांत त्यागी का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने उससे पल्ला झाड़ लिया था। स्थानीय भाजपा सांसद डॉ महेश शर्मा ने त्यागी के भाजपा सदस्य होने से इनकार किया था।

इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे, जिनमें से एक में त्यागी महिला के खिलाफ कथित तौर पर गंदी.गंदी गालियां देने के साथ अपशब्दों का इस्तेमाल करते और हाथापाई करते दिख रहा था। त्यागी ने महिला के पति के लिए भी कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

# नए मास्टर प्लान पर 1325 आपत्तियों की सुनवाई पूरी

● सुझावों पर चर्चा कर फाइनल ड्राफ्ट तैयार करेगा जीडीए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिले के नए मास्टर प्लान 2031 को लेकर आई 1,325 आपत्तियों और सुझावों की सुनवाई गुरुवार को पूरी हो गई है। अब इन पर कमेटी चर्चा कर मास्टर प्लान का फाइनल ड्राफ्ट तैयार करेगी।

इसे आगामी बोर्ड बैठक से स्वीकृत कराकर शासन को भेजा जाएगा। जहां से इसे लागू करने की प्रक्रिया पूरी होगी। जीडीए उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमेटी ने पांच अगस्त से नए मास्टर प्लान 2031 पर आई आपत्तियों और सुझावों पर सुनवाई शुरू की थी। कमेटी ने हर दिन 100 आपत्तियों, सुझावों की सुनवाई की है।

इसमें सबसे पहले गाजियाबाद-डासना के नए मास्टर प्लान पर आई आपत्तियों को सुना गया। फिर लोनी और बाद में मोदीनगर और मुरादनगर के ड्राफ्ट की आपत्तियों को सुना गया। इन आपत्तियों में हरित क्षेत्र बढ़ाने के खिलाफ आई आपत्तियों को सबसे पहले प्राथमिकता से सुना गया था। जीडीए अधिकारियों के अनुसार 21 दिन तक सुनवाई करने के बाद अब जो सुझाव मान्य योग्य होंगे, उन्हें नए मास्टर प्लान 2031 में शामिल किया जाएगा। इसके बाद मास्टर प्लान का फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।




जीडीए बोर्ड की मुहर लगने के बाद यह ड्राफ्ट शासन को भेजा जाएगा। फिर वहां से हरी झंडी मिलने के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। बता दें कि गत 30 अप्रैल को मेरठ मंडलायुक्त सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में नए मास्टर प्लान 2031 पर मुहर लगने के बाद प्राधिकरण ने आपत्तियों और सुझाव मांगे थे। जीडीए को 30 जून तक 1325 आपत्तियां मिली। मास्टर प्लान पर आई आपत्तियों और सुझावों को सुनने के बाद अब कमेटी दस दिन तक इन सभी पर चर्चा करेगी। इसमें से जो मान्य होगा, उन्हें मास्टर प्लान में शामिल किया जाएगा। अन्य को छोड़ दिया जाएगा। फिर इसका एक फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर आगामी बोर्ड बैठक में पास कराया जाएगा। जहां से फिर शासन को भेज दिया जाएगा।

जीडीए उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह कमेटी की अध्यक्षता में जीडीए सचिव बृजेश कुमार, अपर सचिव सीपी त्रिपाठी, जीडीए के मुख्य अभियंता राकेश कुमार गुप्ता आदि शामिल रहे। मास्टर प्लान में गाजियाबाद, डासना, मुरादनगर, मोदीनगर और लोनी क्षेत्र में करीब 130 हेक्टेयर जमीन का भू-उपयोग बदलकर उसे विकसित करने की तैयारी है। कृषि को बदलकर आवासीय, व्यवसायिक और औद्योगिक किया जाएगा। ताकि जीडीए क्षेत्र विस्तार हो सके और यहां वेयरहाउस, लाजिस्टिक पार्क, ट्रांसपोर्टनगर आदि योजनाएं लाई जा सके।

> "नए मास्टर प्लान पर 1325 आपत्तियों और सुझावों की सुनवाई गुरुवार को पूरी हो गई है अब शुक्रवार को अन्य किसी की आपत्ति या सुझाव के लिए आरक्षित रखा है। इसके बाद इन पर कमेटी चर्चा कर नए मास्टर प्लान का ड्राफ्ट फाइनल करेगी। फिर यह आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।"
>
> **-सीपी त्रिपाठी, अपर सचिवए जीडीए**


### सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुनेंद्र दीक्षित/ ज्योति दीक्षित/ LBGUR00001378121 | फ्लैट नंबर- 3020, तीसरी मंजिल, टाइप-सी, श्रीकृष्ण लोक, वृंदावन मथुरा-281204/ अगस्त 24, 2022 | मई 23, 2022 रु. 7,10,683/- | दिल्ली/एनसीआर और मथुरा, यू.पी |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : अगस्त 26, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


## नोएडा फिल्म सिटी को लेकर मंथन आज

**नोएडा।** यीडा के सेक्टर.21 में प्रस्तावित फि ल्म सिटी को लेकर शनिवार को लखनऊ में बैठक होगी। इसमें फिल्म सिटी के निविदा प्रपत्र और अनुबंध पत्र को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद विकासकर्ता कंपनी की तलाश के लिए टेंडर निकाले जाएंगे।

फिल्म सिटी का दोबारा से टेंडर निकालने से पहले शासन स्तर पर फिल्मी दुनिया से जुड़े लोगों से कई बार चर्चा हो गई है। सिटी में कौन-कौन सी सुविधाएं और बढ़ाई जाए, इसको लेकर भी फीडबैक लिया गया है। शनिवार को लखनऊ में फिल्म सिटी को लेकर बैठक होगी। इसमें अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल समेत तमाम अधिकारी शामिल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिसरख में करोड़ों की जमीन अवैध कब्जे से मुक्त कराई



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बिसरख में अधिसूचित जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को ढहा दिया। कालोनाइजर करीब 35 हजार वर्गमीटर एरिया पर अवैध कालोनी काट रहे थे। अवैध कब्जे से मुक्त जमीन की कीमत करीब 70 करोड़ रुपये आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को बिसरख में प्राधिकरण की अधिग्रहित व कब्जा प्राप्त जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि बिसरख गांव के खसरा नंबर.112, 113 व 125 की जमीन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की कब्जा प्राप्त जमीन है। कालोनाइजर यहां की करीब 35 हजार वर्गमीटर जमीन पर अवैध कालोनी काट रहे थे।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर किसानों का धरना

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहित की गई जमीन से प्रभावित 6 गांव के सैकड़ों किसान एयरपोर्ट साइट पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान अमन ठाकुर के नेतृत्व में कृषक शक्ति के बैनर तले धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। अमन ठाकुर ने हमारे संवाददाता को बताया कि गांवों को विस्थापित करते समय यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा लोक लुभावने वादे किए गए थे। ग्रामीणों ने एयरपोर्ट बनने के लिए जमीन दे दी, लेकिन उन्हें जहां पर बसाया गया है वहां पर मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारी उनकी समस्याओं को दूर नहीं कर रहे हैं।

### अश्लील हरकत करने वाले चार कश्मीरी युवक गिरफ्तार

**नोएडा।** एक कश्मीरी युवती के साथ अश्लील हरकत करने तथा उसके अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने और हत्या का प्रयास करने सहित विभिन्न धाराओं में वांछित चल रहे चार कश्मीरी युवकों को थाना सेक्टर 58 पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विवेक त्रिवेदी ने बताया कि एक कश्मीरी युवती ने रियाज मीर सहित चार युवकों पर आरोप लगाया था, कि उन्होंने सेक्टर 71 स्थित कैलाश अस्पताल के सामने उसके साथ अश्लील हरकत की, तथा उसकी अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने आज रियाजमीर सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

### प्रेम संबंध में असफल रहने पर युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना फेस-2 क्षेत्र के गेझा गांव में रहने वाले एक 26 वर्षीय युवक ने प्रेम संबंध में असफल रहने के बाद पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि मोहम्मद सादिक ने बीती रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि वह पश्चिम बंगाल की रहने वाली युवती से प्रेम करता था। प्रेम में असफल रहने पर उसने आत्महत्या किया है।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# भाजपा और आप का एक दूसरे पर पलटवार

# हंगामेदार रहा दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र

## शराब नीति व सीबीआई छापों पर दोनों दलों के बीच चलते रहे आरोप-प्रत्यारोप के तीर

### ● नारेबाजी करने वाले भाजपा के आठ विधायकों को मार्शल ने सदन से किया बाहर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नई आबकारी नीति को लेकर मचे घमासान के बीच शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र हंगामेदार रहा। विशेष सत्र में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उसके विधायकों को खरीदने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए खोखा-खोखा के नारे लगाए, जबकि विपक्ष ने कथित शराब घोटाले का जिक्र करते हुए धोखा-धोखा के नारे लगाए। दोनों पक्षों के नारेबाजी के बीच, एक आप विधायक द्वारा विपक्ष के मुख्य सचेतक अजय महावर पर लगाए गए सदन की कार्यवाही के वीडियो को रिकॉर्ड करने के आरोप पर दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़ला ने भाजपा के सभी आठ विधायकों को विशेष सत्र के पूरे दिन के लिए मार्शल की मदद से बाहर निकाल दिया।

इससे पहले बिड़ला ने सदन में व्यवस्था कायम करने की कोशिश की और दोनों पक्षों के विधायकों को नारेबाजी बंद करने को लेकर चेतावनी देते हुए सीट पर बैठने को कहा। उपाध्यक्ष के बार-बार चेतावनी देने के बावजूद चुप नहीं होने पर उन्होंने आप के विधायक ऋतुराज को सदन से बाहर भेज दिया।

सत्तारूढ़ आप ने उसके विधायकों को कथित रूप से लुभाने की भाजपा की कोशिश पर चर्चा करने और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए सत्र आहूत किया था।

दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि भाजपा ने आप के 40 विधायकों को 20-20 करोड़ रुपए की पेशकश करके उनकी वफादारी को अपदस्थ करने के लिए 800 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। सदन से मार्शल की मदद से बाहर निकाले जाने के बाद भाजपा के विधायकों ने विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे प्रदर्शन किया। वह शिकायत दर्ज कराने के लिए उपराज्यपाल वी के सक्सेना के पास भी गए। सदन में उपाध्यक्ष ने विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी से पूछा कि क्या महावर ने वीडियो रिकॉर्ड किया है या नहीं। उनके बार-बार सवाल करने पर बिधूड़ी ने दावा किया कि सत्तारूढ़ दल के विधायकों ने भी विधानसभा सत्र के दौरान वीडियो रिकॉर्ड किया।

प्रश्नों का उत्तर नहीं दिए जाने पर बिड़ला ने भाजपा विधायकों को मार्शल की मदद से बाहर निकालने का आदेश दिया। भाजपा के एक विधायक ने कहा, हम आबकारी नीति घोटाले पर चर्चा करना चाहते थे, लेकिन हमारे अनुरोध ठुकरा दिए गए, इसलिए हम उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को केजरीवाल के मंत्रिमंडल से तत्काल हटाए जाने की मांग को लेकर गांधी की प्रतिमा के पास धरना दे रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी विधायकों को इसलिए बाहर निकाला गया, क्योंकि कथित शराब घोटाले संबंधी भाजपा के सवालों का आप सरकार के पास कोई जवाब नहीं है।

सिसोदिया ने विभिन्न क्षेत्रों में केजरीवाल सरकार द्वारा किए काम पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि आबकारी नीति 2021-22 से उपभोक्ताओं पर कोई बोझ नहीं पड़ा और इससे राजस्व में वृद्धि हुई, लेकिन भाजपा इसमें भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है।



सदन से निकाले जाने बाद महात्मा गांधी की मूर्ति के नीचे विरोध प्रदर्शन करते भाजपा के विधायक। फोटो रंजन डिमरी

### केजरीवाल और सिसोदिया का पुतला फूंका



नई दिल्ली। विधानसभा के बाहर भाजपा ने केजरीवाल सरकार की नई आबकारी नीति में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल और सिसोदिया का पुतला फूंका। भीड़ को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा कर और पानी की बौछारों से रोकने का प्रयास किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी, प्रवेश साहिब सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल और विधायक विजेंदर गुप्ता, पार्टी के असम सह-प्रभारी पवन शर्मा ने मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग करते हुए केजरीवाल और सिसोदिया का पुतला फूंका। केजरीवाल पर भाजपा द्वारा पूछे गए सवालों से बचने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो सवालों से बचता है वह चोर होता है। विरोध प्रदर्शन में भाजपा नेताओं पर पानी के बौछारों से पुलिस द्वारा रैली को रोकने की कोशिश की गई। आदेश गुप्ता ने विरोध प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने ने 8 सालों के कार्यकाल में सिर्फ भ्रष्टाचार ही किया है। आखिर किस विकास मॉडल की बात केजरीवाल करते रहते हैं। सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान का ढोल बजाने वाले दिल्ली में जगह-जगह ठेके खुलवाकर लोगों को युवाओं और उनके परिवारों को उजाड़ने वाली नीति को बहुत अच्छा बताते हैं। सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि शराब माफियाओं के साथ मिलकर खजाना लूटने वालों का स्थान कैबिनेट नहीं बल्कि जेल है। विजय गोयल ने कहा कि कोरोना के वक्त केजरीवाल ने लूटने का प्लान तैयार किया।

## आप का कोई विधायक नहीं टूटाः केजरीवाल

### ● गुजरात चुनाव के चलते सीबीआई के छापेः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



विस सत्र में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया।

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि गुजरात विधानसभा चुनाव के कारण दिल्ली के मंत्रियों के खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा हाल में छापेमारी की गई है।

केजरीवाल ने यहां विधानसभा में दिए भाषण में कहा कि वह यह साबित करने के लिए दिल्ली विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव लाएंगे कि आप का कोई विधायक नहीं टूटा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का गुजरात का किला खतरे में है, टूट रहा है। आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव के कारण प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) हमारे खिलाफ छापेमारी कर रहे है। उन्होंने कहा कि सीबीआई को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर छापे के दौरान एक फूटी कौड़ी भी नहीं मिली। केजरीवाल ने सदन में कहा कि निहित स्वार्थों की वजह से अब दिल्ली सरकार को गिराने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने मणिपुर, गोवा, मध्य प्रदेश, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र में सरकारों को गिरा दिया। दिल्ली विधानसभा के एक विशेष सत्र को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि विधायकों को खरीदने के लिए भाजपा जीएसटी संग्रह, पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा अब तक 277 विधायकों को खरीद चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने अब हमारे स्कूलों की जांच शुरू की है। वे स्कूलों और अस्पतालों में किए जा रहे अच्छे कामों को रोकना चाहते हैं।

### आईटीबीपी के जवानों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा ने पिछले महीने पहलगाम में एक बस दुर्घटना में जान गंवाने वाले भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि दी और सदस्यों ने उनके सम्मान में कुछ पलों का मौन रखा।

### विशेष सत्र जवाबदेही कम करने को बुलाया : कांग्रेस

नई दिल्ली। अरविन्द केजरीवाल की विधानसभा का विशेष सत्र सिर्फ अपने उपर जनता का दवाब और जवाबदेही को कम करने कोशिश के लिए बुलाया गया। यह आरोप दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सीबीआई की शराब घोटाले की एफआईआर में मुख्य आरोपी के तौर पर मनीष सिसोदिया का नाम है, आरोप साबित होने पपर उनका जेल जाना तय है। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े विषयों और सरकारी विषयों के लिए विधानसभा के पटल का प्रयोग करने की बजाय अपना बचाव और अपनी वाहवाही करना पटल का दुरुपयोग किस श्रेणी में आता है, यह भी बड़ा विषय है। चौधरी ने कहा कि जनता देख रहे है कि भाजपा विधायक सदन का वाकआउट करके केजरीवाल को बचने का खुला मौका दे रहे है। यदि वास्तव में भाजपा केजरीवाल का विरोध कर रही है तो उनके विधायकों को सदन में रहकर शराब घोटाले पर चर्चा के लिए आवाज उठानी चाहिए।

## दिल्ली-असम के मुख्यमंत्री के बीच तेज हुई ट्वीटर पर जंग

### ● केजरीवाल ने कहा, मेरा इरादा गलतियां निकालना नहीं, एक दूसरे से सीखना है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली और असम के मुख्यमंत्री के बीच ट्वीटर पर जंग तेज हो गई है। वहीं शुक्रवार को सीएम अरविंद केजरीवाल ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा को दिए अपने जवाब में कहा कि उनका इरादा गलतियां निकालने का नहीं था और हमें देश को मजबूत करने के लिए एक दूसरे से सीखना होगा।

इससे पहले गुरुवार को सरमा ने केजरीवाल को कुछ भी बोलने से पहले तैयारी करने की सलाह दी थी। केजरीवाल ने बुधवार को असम में कुछ स्कूलों के बंद होने संबंधी खबर के लिंक के साथ ट्वीट किया था कि स्कूल बंद करना कोई हल नहीं है तथा देशभर में और अधिक स्कूल खोलने की जरूरत है। शर्मा ने गुरुवार को ट्विटर पर ही केजरीवाल पर पलटवार करते हुए स्कूलों को मिलाए जाने की बात कही थी और कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को टिप्पणी करने से पहले होमवर्क करना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया कि प्रिय अरविंद केजरीवाल, हमेशा की तरह आपने बिना तैयारी के टिप्पणी की। शिक्षा मंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल से अब तक, कृपया ध्यान दीजिए, कि असम सरकार ने 8610 से अधिक नए स्कूल स्थापित किए हैं या निजी क्षेत्र से सरकारी क्षेत्र में लिए हैं।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर राज्य और दिल्ली के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी के हालात कमोबेश नगर निगम के समान हैं।

## दिल्ली-सहारनपुर हाईवे के लिए कटेंगे 5,100 पेड़

### ● क्षतिपूर्ति के तौर पर बदरपुर के एनटीपीसी ईको पार्क मे किया जाएगा पौधरोपण



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा छह लेन वाले दिल्ली-सहारनपुर राजमार्ग के निर्माण के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में 5,100 से अधिक पेड़ काटे जाएंगे।

आधिकारिक दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। दिल्ली में कुल 9.58 हेक्टेयर क्षेत्र में वन भूमि होने का अनुमान है। उप वन संरक्षक (मध्य) के अनुसार, अनुमानित वन भूमि पर 5,104 पेड़ काटे जाएंगे और 8.66 करोड़ रुपए की लागत से एनटीपीसी इको पार्क, बदरपुर में क्षतिपूर्ति के तौर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। दिल्ली-सहारनपुर राजमार्ग का दिल्ली हिस्सा अक्षरधाम राष्ट्रीय राजमार्ग-नौ जंक्शन से उत्तर प्रदेश के साथ शहर की सीमा तक फैला हुआ है। उप वन संरक्षक की स्थल निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार, वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के उल्लंघन की कोई सूचना नहीं मिली है।

इसके अलावा, यह वन क्षेत्र किसी राष्ट्रीय उद्यान, किसी वन्यजीव अभयारण्य, बायोस्फीयर रिजर्व, बाघ अभयारण्य, हाथी अभयारण्य या वन्यजीव प्रवास गलियारा का हिस्सा नहीं है। साथ ही, यह किसी पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में नहीं आता है। हालांकि, यह क्षेत्र ओखला पक्षी अभयारण्य स्थल से 5.45 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

## कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक सवार की मौत

### ● गुरुवार देर रात वजीराबाद इलाके में हुआ था हादसा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक कुत्ते को बचाने की कोशिश के दौरान हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान राहुल के रूप में की गई है और वह बिहारीपुर में रहता था। पुलिस ने कहा कि उन्हें गुरुवार रात करीब 11.29 बजे सूचना मिली कि पुस्ता रोड पर एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हालत में मिला है। पुलिस के मुताबिक मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि गली के एक कुत्ते को बचाने की कोशिश में मोटरसाइकिल पर सवार राहुल फिसल कर गिर गया और वहां से गुजर रही एक पिकअप वैन की चपेट में आ गया। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी के मुताबिक मोटरसाइकिल से गिरने के बाद राहुल को वहां से गुजर रही एक पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। सिर में चोट लगने से राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के समय राहुल ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था।

पुलिस की एक टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और वहां की सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद वजीराबाद पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। राहुल अविवाहित था और पिछले करीब एक साल से कड़कड़डूमा अदालत परिसर के पास लीला होटल में सहायक एवं रसोइए का काम करता था। पुलिस ने बताया कि उसके पिता यहां दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के किचन में काम करते हैं।

## उपराज्यपाल ने स्कूलों में कमरों के निर्माण के संबंध में रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के लिए अतिरिक्त कमरों के निर्माण की जांच के संबंध में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की रिपोर्ट पर कार्रवाई करने में ढाई साल से अधिक की देरी को लेकर मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि उपराज्यपाल ने इस अत्यधिक देरी को गंभीरता से लिया है, जो सीवीसी नियमावली के उल्लंघन के अलावा, घोर कदाचार को छिपाने का एक स्पष्ट प्रयास प्रतीत होता है और भ्रष्टाचार का संकेत मिलता है। एक शिकायत मिली थी जिसमें सतर्कता निदेशालय को सीवीसी के पत्र की एक प्रति संलग्न की गई थी।

## दक्षिणी दिल्ली में 157 सीलिंग और 473 के खिलाफ कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के दक्षिणी क्षेत्र ने दक्षिणी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ बड़े स्तर पर तोड़- फोड़ और सीलिंग अभियान चला रहा है। इस वर्ष 01 जनवरी 2022 से लेकर 18 अगस्त 2022 तक 473 अनधिकृत निर्माण ध्वस्त किए गए तथा 157 के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई की गई।

दक्षिणी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सैदुलाजाब, खिड़की एक्सटेंशन, पंचशील विहार, छतरपुर, फ्रीडम फाइटर एन्क्लेव, सावित्री नगर, किशनगढ़, खानपुर, गौतम नगर और महरौली इत्यादि स्थानों पर अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण सीलिंग की कार्रवाई की गयी।

निगम आने वाले समय में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में तेजी लायेगा। अनधिकृत निर्माण के विरुद्ध दिल्ली नगर निगम द्वारा की गई कार्रवाई ने अनधिकृत निर्माण में लिप्त बिल्डरों को एक कड़ा संदेश भेजा है कि वो सरकार के नियमों एवं प्रोटोकॉल का सम्मान करें एवं निगम द्वारा बनाए गए कानूनों का पालन करें।

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद नरेश ने राज्य मंत्री अजय से की मुलाकात

नई दिल्ली। अग्निवीर भर्ती में विसंगतियों को लेकर सांसद नरेश बंसल ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से मुलाकात की। बंसल ने अवगत कराया है कि भर्ती प्रक्रिया में उत्तराखंड के युवाओं को शारीरिक मापदंड की छूट नहीं मिल रही है। लंबाई में उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र के युवाओं के लिए 163 सेमी तक थी अब 170 सेमी लंबाई पर चयन हो रहा है। दौड़ का समय भी 5.40 मिनट से कम कर 5 मिनट किया गया है। सांसद नरेश बंसल ने अग्निवीर भर्ती मे उत्तराखंड के युवाओं को सेना मे भर्ती में मिल रही छूट को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को समस्या को लेकर पत्र लिखा है। सांसद ने रक्षा राज्यमंत्री से आग्रह किया है कि जिन विसंगतियों की वजह से उत्तराखंड के युवा अग्निवीर योजना का समुचित लाभ नही ले पा रहे वो दूर हो व उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र के युवाओं के दृष्टिगत रखते हुए पूर्व निर्धारित मानक ही लागू किए जाएं ।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट से मुलाकात करते सांसद नरेश बंसल

### जेल में फोन इस्तेमाल करने वाले कैदियों की सजा रद्द

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित तौर पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने के अपराध के लिए जेल के दो कैदियों को दी गई सजा निरस्त कर दी है। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने याचिकाकर्ता कैदियों को एक महीने तक कॉलिंग सिस्टम का इस्तेमाल न करने देने और मुलाकात से रोकने की सजा इस आधार पर रद्द कर दी कि यह सजा जेल नियमों का उल्लंघन करके जारी की गई थी। मौजूदा मामले में, एक कैदी के बयान के आधार पर चार मोबाइल फोन और दो सिम कार्ड बरामद होने की बात कही गई थी। याचिकाकर्ताओं के नामों का भी खुलासा किया गया था। अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ताओं को एक ही अपराध के लिए एक ही अधिकारी द्वारा दो बार दंडित किया गया था और गवाहों की गैर-मौजूदगी में मौखिक बयानों दिल्ली जेल नियमों में कोई जगह नहीं दी जा सकती है।

### संजीवनी जीवन शक्ति का प्रतीकः डॉ. उपासना



नई दिल्ली। सर्विसेज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ने संजीवनी-इंडिया हील्स 2022 के लिए पर्दा उठाने का आयोजन किया। पर्दा उठाने वाले इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम के प्रस्तावना के रूप में भारत को विश्वसनीय और समग्र स्वास्थ्य सेवा के एक गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए शुरू हुआ। यशोदा हॉस्पिटल समूह कौशाम्बी की सीएमडी डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा कि संजीवनी जीवन शक्ति का प्रतीक है जो किसी चीज को उसकी जीवन शक्ति, और अधिक शक्ति प्रदान करती है। अरोड़ा ने कहा कि इस क्षेत्र में भारत विश्व गुरु के रूप में पुनः स्थापित हो चुका है, क्योंकि दुनिया के सबसे अच्छे डॉक्टर भारतीय हैं। वहीं, सुनील एच. तलाती, अध्यक्ष एसईपीसी ने बताया कि एसईपीसी की प्रमुख घटना संजीवनी 2022 की पहचान की गई, जो स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में उत्सुक देशों के बीच निरंतर साझेदारी बनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। वहीं, एसईपीसी के वाइस चेयरमैन करण राठौर ने कहा कि संजीवनी का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में तेजी लाना है।

# रेड फोर्ट सेंटर ने फिर से जीवंत किया लाल किले का इतिहास

## संस्कृति मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और डालमिया भारत ने किया डिजाइन

### ● पर्यटकों को होगा अनूठा अनुभव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लाल किले के भीतर नवाचार के इस्तेमाल से नवनिर्मित रेड फोर्ट सेंटर में सभी के लिए कुछ न कुछ है। इसमें 360 डिग्री पर घूमने वाले दृश्यों के अनुभव के साथ ऑगमेंटेड रियलिटी तकनीक से दिखाई गई तस्वीरें मुगल इतिहास को ताजा कर देती हैं।

सत्रहवीं सदी में बने इस महलनुमा किले में आने वाले आगंतुकों को ऐसा अनुभव पहले नहीं हुआ होगा जैसा रेड फोर्ट सेंटर को देखने के बाद होगा। किले के भीतर ब्रिटिशकाल की बैरक में निर्मित यह केंद्र छाता बाजार और नौबतखाने के बीच स्थित है। इसे लाल किले के स्मारक मित्र डालमिया भारत, संस्कृति मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा डिजाइन किया गया है। केंद्र में मनोरंजन के लिए पहेलियां, दास्तानगोई जैसे सत्र और छाता बाजार में बेची जाने वाली वस्तुएं मुगल बादशाह शाहजहां के जमाने की याद दिलाते हैं।



डालमिया भारत लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पुनीत डालमिया ने कहा, हम दुनियाभर से आने वाले आगंतुकों का दिल्ली के बेहतरीन रेड फोर्ट सेंटर में स्वागत करते हैं। इसका लक्ष्य लोगों को दिल्ली में हुए बदलाव और इस भव्य इमारत के वैभवशाली इतिहास से परिचय कराना है।

इस केंद्र में भूतल पर दुकानों के अलावा ऑगमेंटेड रियलिटी तकनीक से युक्त फोटोग्राफी की सुविधा भी उपलब्ध है जहां आगंतुक लाल किले की प्राचीर पर भारतीय ध्वज या मयूर सिंहासन के साथ फोटो खिंचवा सकते हैं जिसे शाहजहां ने बनवाया था।

डालमिया भारत के सीईओ आनंद भारद्वाज के अनुसार, इस बैरक को बड़ी मेहनत से सीमेंट की बजाय चूने से उसी तरह बनाया गया है जैसा कि अंग्रेजों ने 1857 के विद्रोह के बाद बनवाया था। उन्होंने कहा कि उस काल में अंग्रेजों ने लाल किले की संरचना का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा नष्ट कर दिया था।

भारद्वाज ने कहा कि संरक्षण कार्य फरवरी 2019 में शुरू हुआ था और पूरा होने में तीन साल से थोड़ा कम समय लगा। इस दौरान कोविड के समय (जब स्मारक बंद था) काम किया गया।

### मुंडका दोहरे हत्याकांड में हत्यारों की हुई पहचान

नई दिल्ली। पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली के मुंडका इलाके में दोहरे हत्याकांड में शामिल दो हत्यारों की पहचान की है। पुलिस ने गुरुवार को कहा था कि इस सप्ताह की शुरुआत में की गई दोनों हत्याएं गलत पहचान के कारण की गई थीं।

पुलिस ने बताया कि मुंडका गांव का निवासी अंकेश लाकड़ा और मंडोली जेल में बंद एक व्यक्ति को दोनों हत्याओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) समीर शर्मा ने कहा, हमें लाकड़ा की एक दिन की पुलिस हिरासत मिली थी। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि अमित और फौजी ने अपराध किया है। बता दें कि मुंडका इलाके में सोमवार को हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

# अग्रसेन जयंती समारोह : नवीन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ को दिया न्योता

## विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता करेंगे समारोह की अध्यक्षता

## ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होगा जयंती पर अग्र महाकुंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


अग्रसेन जयंती के लिए प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को निमंत्रण पत्र देने के दौरा बुके भेंट करते नवीन गोयल।

**आगामी** एक अक्टूबर को गुरुग्राम में मनाई जा रही महाराजा अग्रसेन जयंती ऐतिहासिक होगी। इसकी तैयारियां काफी समय से की जा रही है। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ होंगे, वहीं हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता अध्यक्षता करेंगे। समारोह में पूरे हरियाणा से वैश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी लोग शिरकत करेंगे, वहीं राष्ट्रीय स्तर के कवि, सिंगर मनोज मुंतशिर भी शिरकत करेंगे।

यह जानकारी देते हुए महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के मुख्य संयोजक नवीन गोयल ने बताया कि एक अक्टूबर को यह जयंती समारोह भव्यता से यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में मनाया जाएगा। समारोह की विशेषता यह रहेगी कि 1857 से लेकर 1947 तक वैश्य समाज के जितने भी स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्रता संग्राम में योगदान दिया, उनके जीवन का वृतांत यहां दिखाया, बताया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से वैश्य समाज अपने उन अग्रजों को नमन करेगा।

नवीन गोयल ने बताया कि समारोह के आयोजन के लिए मार्गदर्शन समिति, आयोजन समिति, महिला समिति और युवा समिति का गठन किया गया है। यह समिति अलग-अलग कार्यों को देखेगी और समारोह की तैयारियों में अपनी अहम भूमिका निभाएगी। मार्गदर्शक समिति में अग्रवाल सभा के प्रधान रामनिवास मंगला, सेक्टर-4/7 वैश्य धर्मशाला के संरक्षक सुंदर दास अग्रवाल, गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रधान जेएन मंगला, नेचर इंटरनेशनल एनजीओ के चेयरमैन शरद गोयल, पूर्व पार्षद चेतन दास और दीपमाला साड़ीज के चेयरमैन नरेश अग्रवाल शामिल हैं। इनके अलावा आयोजन समिति, युवा समिति और महिला समिति भी गठित की गई है।

# सीएम उड़नदस्ता ने अवैध स्विमिंग पूल सील किया


गांव खरौदा में बने अवैध स्विमिंग पूल का सील किया बोरवेल।

**सोहना।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने शुक्रवार को खंड के गांव खरौदा में अवैध रूप ये चल रहे स्विमिंग पूल को सील कर दिया। टीम के साथ बिजली निगम, खेल विभाग, जिला नगर योजनाकार और पंचायत विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिन्होंने ने अपने-अपने विभाग संबंधी कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई गई।

सोहना के गांव खरौदा में वाटिका चौक के निकट खेत में अवैध रूप से स्विमिंग पुल बनाकर चलाया जा रहा था। जिसे खरौदा निवासी ज्ञानचंद पिछले करीब चार साल से चला रहा है। कोरोना काल में भी स्विमिंग पुल को प्रतिबंध के बावजूद बंद न करके अवैध कमाई की गई थी। शुक्रवार को सीएम उड़नदस्ता टीम के साथ पंचायत विभाग से पटवारी दिनेश कुमार, बिजली निगम से जेई राजेश कुमार, खेल विभाग के स्विमिंग कोच गुरुग्राम से रविन्द्र सिंह जिला योजनाकार विभाग से शुभम शर्मा आदि अधिकारी ने अवैध रूप से चल रहे स्वीमिंग पूल पर छापा मारा।

**क्या-क्या मिला छापे में :** सीएम उड़नदस्ता टीम के साथ गए अलग-अलग विभाग के अधिकारियों ने जांच की। जांच में बिजली कनेक्शन पर क्षमता से अधिक लोड पाया गया। खेल विभाग अधिकारी को स्विमिंग चलाने का कोई लाइसेंस नहीं मिला।

# संक्षिप्त समाचार

## पांच साल से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी की टीम ने चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी यशपाल उर्फ चिन्टू गांव गौच्छी का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में बिजली विभाग की गाडी से बैटरी चोरी करने की वारदात को वर्ष 2016 में अंजाम दिया था। जिसमें आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर बैटरी बरामद की जा चुकी है। आरोपी माननीय अदालत से जमानत पर था। जो अदालत में अभी तक जमानत के दौरान पेश नही हुआ है। आरोपी के खिलाफ उद्धघोषित अपराध की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से पटेल चौक से थाना एसजीएम नगर के मुकदमें में गिरफ्तार किया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## साध्वी संजनानंद गिरि का महामंडलेश्वर पद पर हुआ पट्टाभिषेक


साध्वी संजना गिरि का पट्टाभिषेक करते महंत कैलाशानंद व महंत रविन्द्र पुरी।

**फरीदाबाद।** मां कामाख्या की उपासक साध्वी संजनानंद गिरि को पंचायती अखाड़ा निरंजनी का महामण्डेलश्वर बनाया गया है। अखाड़े के पंच-परमेश्वरों की अध्यक्षता में आचार्य पीठाधीश्वर में उनका महामण्डेश्वर पद पर पट्टाभिषेक किया गया। आचार्य पीठाधीश्वर कैलाशानंद गिरि, सचिव एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविन्द्रपुरी ने साध्वी संजनानन्द गिरि का विधि विधान से चादर और माल्यार्पण कर महामंडलेश्वर पद पर आसीन किया। कैलाशानन्द गिरि ने कहा कि महामंडलेश्वर सजनानंद गिरि मां कामाख्या की बड़ी साधक है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन देश व समाज की सेवा में समर्पण किया है। साध्वी नारी शक्ति के लिए बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि महामण्डेलश्वर पद पर आसीन होकर साध्वी संजनानंद गिरि निरंजनी अखाड़े की परम्पराओं को देश भर में फैलाने का काम करेगी। आनंद अखण्ड़े के आचार्य महामण्डेश्वर बालकानानंद गिरि ने साध्वी को शुभकामनाएं दी। महंत रविंन्द्रपुरी ने कहा कि साध्वी निरंजनी अखाड़े की परंपराओं के साथ ही सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित भाव से अपनी सेवा देकर श्रद्धालुओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करेगी। पंडित शिव नारायण शर्मा, मोहनचंद पंड़ित, पंकज जोशी, हरिओम नौटियाल ने मंत्रोच्चारण कर विधि-विधान से पट्टाभिषेक सम्पन्न कराया।

## ट्रेन के आगे आकर व्यक्ति ने आत्महत्या की

**फरीदाबाद।** रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़-संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के आगे आकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। व्यक्ति के शव की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी ने शव पहचान व पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। सबइंस्पेक्टर हीरालाल के अनुसार व्यक्ति की उम्र करीब 35 साल थी, जिसने कोको कोला रंग की पैंट पहनी हुई थी। शायद कमीज ट्रेन में फंस गई है, क्योंकि उसके शरीर पर कमीज नहीं मिली है। यह घटना शुक्रवार सुबह 10:35 बजे की है। हीरालाल ने बताया कि व्यक्ति ने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या की है। इस बारे में ट्रेन के लोको पायलट ने स्टेशन के अधिकारियों को जानकारी दी है। पुलिस ने शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों को बुलाया, पर शव की पहचान नहीं हो सकी है।

## जुआ खेलते हुए पांच गिरफ्तार, 24 हजार रुपये नगद बरामद



**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लबगढ़ कुशल सिंह के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना शहर बल्लबगढ़ प्रबंधक की टीम पुलिस चौकी बल्लभगढ़ बस स्टैण्ड ने जुआ खेलते हुए 5 आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी बस स्टैण्ड की टीम ने बल्लबगढ़ की शारदा कॉलोनी में जुआ खेलते हुए आरोपी बुद्धराम, प्रेमपाल, संजय, सोनू और शकील को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से काबू किया है। पांचों आरोपी बल्लबगढ़ की शारदा कॉलोनी के रहने वाले है। मौके पर आरोपियों की तलाशी लेने पर 24000 रुपये नगद बरामद हुए है। आरोपियों के खिलाफ थाना शहर बल्लबगढ़ में जुआ की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## पशुपालक पशु बीमार होने पर तुरंत करें पशु चिकित्सक से संपर्क

**फरीदाबाद।** डीसी यशपाल ने बताया कि पशुओं की लम्पी स्कीन बीमारी (एसएसडी) की रोकथाम व पशुधन को बीमारी से बचाने के लिए पशुपालन विभाग की टीमें गांव पहुंचकर पशुपालकों लगातार जागरूक कर रही हैं। डीसी ने कहा कि पशु पालकों को लम्पी बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि सावधानी बरतने की जरूरत है। शासन-प्रशासन की ओर से बीमारी की रोकथाम के लिए सभी संभव कदम उठाए जा रहे हैं। किसी भी पशु में लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत अपने नजदीक के पशु चिकित्सक से संपर्क करें। पशुपालन विभाग के पास बीमार पशु के ईलाज के लिए पशु चिकित्सक व दवाई उपलब्ध हैं। उपनिदेशक कार्यभार पशुपालन विभाग डॉ विनोद दहिया के मोबाइल नंबर 9643577557 पर संपर्क कर सकते हैं। पशु बीमार होने पर पशुपालक तत्काल अपने नजदीक के सरकारी पशु चिकित्सालय से संपर्क करें। विभागीय टीमों द्वारा पशु पालकों को बीमारी से बचाव की तरीके समझाए जा रहे हैं। पशु बीमार होने पर इलाज के लिए कैसे और कहां संपर्क करें यह भी बताया जा रहा है। उपमंडल स्तर पर भी पशु चिकित्सकों के मोबाइल नंबर पशुपालकों को बताए जा रहे हैं। उपायुक्त यशपाल ने कहा कि जिला में लम्पी की रोकथाम के लिए सभी हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। पशुपालन विभाग द्वारा बीमारी की रोकथाम के लिए टीकाकरण, फॉगिंग, स्प्रे का कार्य तेज गति से चलाया हुआ है। जिला फरीदाबाद को अब तक 35 हजार 300 वैक्सीन की डोज मिल चुकी है। इनमें से आठ हजार एक सौ डोज जो पहली खेप में मिली वह पशुओं को लगाई भी जा चुकी है। दूसरी खेप में मिली 27 हजार 200 वैक्सीन की डोज बीते शाम यानी वीरवार से पशुओं लगानी शुरू कर दी गई है। जिला भर की गौशालाओं में फोगिगं व स्प्रे कार्य किया जा रहा है। गौशाला संचालकों के साथ पशुपालन विभाग की टीमें निरंतर संपर्क बनाए हुए हैं। डीसी यशपाल ने गौ भक्तों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि यह बीमारी गौवंश में फैलती है। गोभक्त टोली बनाकर गोवंश पालकों को बीमारी की रोकथाम के बारे में जागरूक करें और निराश्रित बीमार गोवंश को नजदीक के पशु चिकित्सालय तक पहुचाएं। इससे बीमारी को फैलने से रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि गोभक्त पहले भी अच्छा कार्य करते आए हैं और प्रशासन को पूरी उम्मीद है निराश्रित गौवंश को बचाने के लिए सार्थक सहयोग करेंगे। डीसी यशपाल ने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिला फफरीदाबाद में 39000 के लगभग पशु है। जिला फरीदाबाद में कुल 66 पशु अस्पताल हैं। इनमें से 22 बडे पशु अस्पताल हैं।

# कूड़ा न उठाने वाली एजेंसी को नगर परिषद करेगी ब्लैकलिस्टेड

## ठेका लेने के बाद कार्य न करने के आरोप में लग सकता है 4 से 45 लाख रुपये जुर्माना

## ठेका लेने के बाद बीते 14 दिन में एजेंसी ने कार्य शुरू ही नहीं किया

**सोहना।** नगर परिषद प्रशासन ने डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की कवायद शुरू कर दी है। जिस पर ठेका लेने के बाद कार्य न करने पर 40 से 45 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया जाएगा। नगर परिषद के 21 वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी लेने वाली एजेंसी पूडा कंश्यलेशन को जल्द ही ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

नगर परिषद ने जुलाई माह में ऑनलाइन चली ठेका छोड़ने की प्रक्रिया पूजा कंश्यलेशन एजेंसी ने सबसे कम रेट देते हुए एक साल का ठेका लिया था। जिसे 12 अगस्त से 31 जुलाई 2023 तक ठेका दिया गया था। इसके अलावा एजेंसी को हर दिन उठाया जाने वाले कूड़े की छंटनी करने के बाद परिषद सीमा से बाहर लेकर जाने की

> “**आम** आदमी के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं किया जाएगा। परिषद प्रशासन को पूजा कंश्यलेशन एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश जारी कर दिए है।
>
> जितेन्द्र गर्ग ( एसडीएम )

सख्त निर्देश दिए गए थे, लेकिन बीते 14 दिन में एजेंसी ने अपना कार्य शुरू नहीं किया है। जिसको लेकर परिषद प्रशासन ने एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**एजेंसी पर लाखों रुपयों का जुर्माना :** नगर परिषद से प्राप्त जानकारी के अनुसार कूड़ा न उठाने वाली एजेंसी को कार्य न करने की ऐवज में दिए गए नोटिस का जबाव नहीं दिया। अब परिषद ने एजेंसी पर 40 से 45 लाख रुपये का जुर्माना लगाने की लगभग तैयारी हो गई है। ताकि डोर टू डोर का ठेका अन्य एजेंसी को दिया जा सके। तब तक परिषद इस कार्य को अपने दम पर करेगी।

**परिषद को दी वाहन जुटाने की मंजूरी :** नगर परिषद के प्रशासक एसडीएम जितेन्द्र ने परिषद प्रशासन को डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली नई एजेंसी के आने तक अपने दम पर यह कार्य करने के लिए और वाहन खरीद करने की अनुमति दे दी है।

# डा. डीपी गोयल बने एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश सह-संयोजक

## प्रदेश संयोजक स्वाति यादव ने सौंपा नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कैनविन** फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल को एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा में प्रदेश सह-संयोजक का दायित्व दिया गया है। प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजक स्वाति यादव ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। डा. डीपी गोयल ने कहा कि इस पद पर वे अपनी तरफ से भरपूर सेवाएं देकर प्रकोष्ठ और पार्टी को मजबूती देंगे।

अपनी नियुक्ति पर डा. डीपी गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह और प्रदेश संयोजक स्वाति सिंह का आभार


डा. डीपी गोयल को नियुक्ति पत्र सौंपती भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजक स्वाति यादव।

जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी और वरिष्ठ नेताओं ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे और अधिक मजबूत करेंगे।

डा. डीपी गोयल को बधाई देते हुए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा कि वे अपने पद का सदा सम्मान रखते हुए पार्टी हित में काम करेंगे, ऐसी सभी को उम्मीद है। डा. डीपी गोयल को भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ हरियाणा के सदस्य बाली पंडित, जिला-सह संयोजक ईशु वाल्मीकि, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा भाजपा गुरुग्राम जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल, एनजीओ प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा पारस बक्शी, कमल शर्मा, राजेश बंसल, मोहित वत्स, डिम्पल राठी, कमांडर उदयवीर यादव, धर्मेंद्र शर्मा, हनीष केडिया, अजय राज, विहिप अध्यक्ष लोकेश नारंग, रिषी अग्रवाल, सुधीर कलसन, विजयपाल यादव, मनीष सौदा, श्रीराम वेल्फेयर सोसायटी के संस्थापक पंकज पाठक, योगेश शर्मा, एडवोकेट जय बख्शी, एडवोकेट साहिल शर्मा, प्रदेश किसान मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष अत्तर सिंह संधू समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# ...जब दीक्षांत गाउन पहनकर मुस्कुराईं ग्रामीण महिलाएं

## एम3एम फाउंडेशन के कौशल संबल प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षित महिलाओं को एक दीक्षांत समारोह में किया गया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के केआईआईटी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग में एम3एम फाउंडेशन के कौशल संबल प्रोग्राम के तहत दीक्षांत समारोह में सम्मानित प्रशिक्षित महिलाएं।

**वह** समय उन महिलाओं के लिए खास था, जब उन्हें दीक्षांत गाउन पहनाकर सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इन पलों को महिलाएं अपने मन, मस्तिष्क में सहेज कर ले गईं। जिले के खंड सोहना के गांव घामड़ोज, भोंडसी और खेड़ला गांवों की 35 महिलाओं को कल केआईआईटी कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग में एक दीक्षांत समारोह में बुनाई प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट मिला। दीक्षांत समारोह में उपस्थित सशस्त्र बलों के परिवारों की ग्रामीण महिलाओं को कार्यक्रम के दौरान उनके परिवारों और ग्रामीणों ने समर्थन दिया। यह सपोर्ट एम3एम फाउंडेशन के कौशल संबल पहल के तहत मिला और प्रशिक्षण नवज्योति इंडिया फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य अच्छी गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान करना था, ताकि वे अपने परिवारों को सपोर्ट कर सकें और अपनी वित्तीय स्थिति को बेहतर बना सकें। बुनाई के अलावा उन्हें मार्केटिंग में पैकेजिंग का भी प्रशिक्षण दिया गया।

एम3एम फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने कहा कि हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि प्रशिक्षण के दौरान उनके द्वारा बनाए गए। उत्पादों मफलर और टोपी तथा बांस की बनी राखियों को पैक करके लेह, लद्दाख सीमा पर हमारे सेना के भाइयों के लिए प्यार और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में भेजा गया था। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में आशीष द्विवेदी सहायक कमांडेंट (बीएसएफ), डॉ. ऐश्वर्या महाजन अध्यक्ष एम3एम फाउंडेशन और उजाला चौधरी ईडी नवज्योति इंडिया ट्रस्ट शामिल रहे।

# पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले की ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने छात्रों के हित को ध्यान में रखकर नए शैक्षणिक सत्र 2022 -2023 के तहत विभिन्न पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख आगे बढ़ा दी है।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि ऐसे छात्र जो गुरुग्राम विवि द्वारा संचालित पीजी पाठ्यक्रमों में एडमिशन लेना चाहते हों और किसी वजह से अभी तक आवेदन न कर पाएं हों, उनके लिए यह सुनहरा अवसर है। वे इस मौके का फायदा उठाकर जीयू की ऑफिशियल वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# बिजली बिल : पंचायतें 95 प्रतिशत डिजिटली पेमेंट करें और पाएं पांच लाख पुरस्कार

## प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने कहा, डिजिटल पेमेंट के प्रति आकर्षित करने को है ये स्कीम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पीसी मीणा।

**दक्षिण** हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली बिलों के ऑनलाइन डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित किया जा रहा है। 95 प्रतिशत डिजिटल पेमेंट करने वाली पंचायत को 5 लाख रुपये की राशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी।

इसी तरह 90 से 95 प्रतिशत भुगतान करने वाली पंचायत को 2 लाख और 80 से 90 प्रतिशत डिजिटल पेमेंट करने वाली पंचायत को एक लाख रुपये पुरस्कार राशि के रूप में दिए जाएंगे। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने बताया कि उपभोक्ताओं को डिजिटल पेमेंट माध्यम को प्रोत्साहित करने के लिए यह राशि पंचायतों के लिए निर्धारित की गई है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि वर्तमान में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा लगभग 1400 करोड़ के जारी किए जा रहे बिलों में से 1100 करोड़ रुपये ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से बिजली निगम में जमा हो रहे हैं । बिजली निगम के कुल उपभोक्ताओं में से लगभग 60 प्रतिशत उपभोक्ता डिजिटल पेमेंट के माध्यम से भुगतान कर रहे हैं और बिलों की राशि का लगभग 80 प्रतिशत भुगतान डिजिटल पेमेंट द्वारा हो रहा है। इसमें बिजली निगम के घरेलू, व्यवसायिक, कृषि एवं औद्योगिक उपभोक्ता शामिल हैं। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की वेबसाइट से उपभोक्ता अपने बिजली बिल की जानकारी ले सकते हैं और डिजिटल पेमेंट कर सकते हैं। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने बताया कि बिजली निगम द्वारा ऑनलाइन पेमेंट करने वाले ग्रामीण उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए 2100 रुपए के पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इसमें पंचायत के एक भाग्यशाली उपभोक्ता को पुरस्कृत किया जाता है।

उन्होंने बताया कि बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को अपने बिजली के बिल ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए प्रोत्साहन योजना के तहत पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य है कि बिजली उपभोक्ता अपने बिल का ऑनलाइन भुगतान करना आरंभ करें। इससे उपभोक्ताओं का बिजली बिल भुगतान करने के लिए बिजली निगम कार्यालय तक आवागमन का समय बचेगा और बिजली उपभोक्ता उपयोग की गई बिजली का बिल समय पर भुगतान कर बिजली निगम की योजना के मुताबिक पुरस्कार भी प्राप्त करेगा।

# उपप्रधान पद का चुनाव स्थगित होने से दावेदारों के चेहरे लटके

**सोहना।** नगर परिषद उप प्रधान पद का चुनाव स्थगित हो गया है। जिसके फरमान उपायुक्त गुरुग्राम ने जारी कर दिए हैं। यह चुनाव सोमवारए 29 अगस्त को होना था। वहीं ऐसा न होने से संभावित दावेदारों के चहरे मुरझा गए हैं। चुनाव को लेकर चल रही राजनीति गतिविधियों पर ब्रेक लग गया है। सोहना नगर परिषद चुनाव प्रक्रिया को लेकर एक बार चर्चा का विषय बन गई है।

29 अगस्त को होने वाला उपचेयरमैन का चुनाव को रद्द कर दिया गया है। जिसके जिला उपायुक्त निशान्त यादव के आदेश पर एसडीएम नगर परिषद कार्यालय में पहुंचे। चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर पूरी तैयारी की हुई थी। चुनाव के लिए सभी पार्षदों को आमंत्रण भी भेज दिया था। जिसको कराने की जिम्मेवारी सोहना एसडीएम को दी गई थी। जिससे समस्त चुनावी प्रक्रिया पर रोक लग गई है। चुनावी समर में उतरे संभावित उम्मीदवारों के चहरे भी लटक कर रह गए हैं। काफी दिनों से पार्षदों को अपने समर्थन में लाने के लिए रात दिन एक किये हुए थे।

# दुकानदार और मकान मालिक दे रहे अतिक्रमण को बढ़ावा

## अपनी दुकानों के सामने फुटपाथ पर मोटी कमाई के लालच में बैठा लिए हैं दुकानदार


सोहना के बाजार में दीवार के साथ और सड़क किनारे बैठा दुकानदार।

**सोहना।** शहर के बाजारों में दुकानदार और मकान मालिक मोटी कमाई के लालच में आम रास्ते व सड़कों के साथ सब दुकानदारों को बैठाकर अवैध अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं। जिससे नगर परिषद द्वारा चलाए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान टॉय-टॉय फिस्स होकर रह गए हैं।

शहर के बाजार व आम रास्तों अवैध अतिक्रमण समाप्त होने का नाम तक नहीं ले रहा है। जिसका का कारण दुकानदार और मकान मालिक द्वारा छोटे दुकानदारों को बैठाना माना जा रहा है, क्योंकि सड़क किनारे या दीवारों के साथ वाले स्थान को किराए पर उठा दिया है। वे हजारों रुपये की कमाई कर रहे हैं। जिन्होंने ने 6से 8 फुट तक अवैध कमाई कर रहे है। जिनकी संख्या सैंकड़ों तक है। ये अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं। वे वाहन चालकों से झगड़ा

> “**यह** मामला उनकी संज्ञान में नहीं आया है। वह जल्दी ही इस प्रकार से बैठे दुकानदारों का सर्वे कराके हटाया जाएगा।
>
> जितेन्द्र गर्ग ( एसडीएम सोहना )

करने में एक मिनट लगाते हैं।

**परिषद की दुकानों के सामने अतिक्रमण :** नगर परिषद भले ही अतिक्रमण के खिलाफ समय-समय अभियान चलाया जाता रहा है। लेकिन परिषद प्रशासन आज तक 33 केवीए एसडीओ कार्यालय के साथ बनी दुकानों के आगे अतिक्रमण हो रहा है। दुकानदारों ने अपने आगे छोटें दुकानदार बैठाए हुए हैं। जिनसे 4 हजार से लेकर 8 हजार रुपये की हर माह मोटी कमाई कर रहे है। जिसके प्रति नगर परिषद प्रशासन आज तक ध्यान नहीं दे सका है।

# अधूरी सूचना दी तो रेडक्रॉस पर लगाया 25 हजार का जुर्माना

कविता। फरीदाबाद

आरटीआई में पूरी सूचना न देने पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी पर राज्य सूचना आयोग ने 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आरटीआई रविन्द्र चावला ने बताया कि वर्ष 2020 में लगाई गई आरटीआई का जवाब रेडक्रॉस ने गोलमोल दिया था। कुछ सवालों के जवाब तो रेडक्रॉस ने अधूरे हैं। पूरी सूचना न देने पर रेडक्रॉस पर जुर्माना लगाया गया है।

रविन्द्र चावला ने बताया कि उन्होंने रेडक्रॉस से कोविड-19 के

## कोरोनाकाल में मिले दान से संबंधी जानकारी गोलमोल दी गई

दौरान पब्लिक के लिए किए गए कार्यों के बारे में पूछा था। जिसमें उन्होंने पूछा था कि किस किस संस्थान ने कोरोनाकाल में जिला रेडक्रॉस को आर्थिक सहायता दी है। रेडक्रॉस ने कितना सूखा राशन बांटा। दूध, बिस्कुट, कोल्ड ड्रिंक और सब्जी के कितने पैकेट बांटे। वहीं कितनी दान में वस्तुएं मिली।


जिला रेडक्रॉस सोसायटी का कार्यालय।


रविन्द्र चावला।

किस एनजीओ ने कितना खाना, साबुन, तेल, आटा, दाल, दूध व दवाईयां बांटी। वहीं 25 मार्च 2020 तक कितना धन कोविड के तहत मिला और इसे कहां खर्च किया गया। जिसके जवाब में रेडक्रॉस ने बताया कि इसकी संख्या वेबसाइट पर हैं। जो वेबसाइट में उन्हें नहीं मिली। वहीं एक संघर्ष एनजीओ द्वारा दिए 1500 पैड में से मात्र 80 पैड वितरण किए। जिस पर रेडक्रॉस ने कहा कि शेष दिव्यांग शिविरों और डालसा को दिए। वहीं रेडक्रॉस को फार्म बी के आधार पर क्यून क्लब बी-8 नेहरू ग्राउंड ने जो 24 लाख 69 हजार 600 रुपये आर्थिक मदद और 82320 फूड पैकेट के दिए थे, उनकी रसीद दी जाए। फार्म बी को किस आधार पर जारी किया गया। इस सवाल पर रेडक्रास ने जवाब दिया कि किसी भी संस्था ने पैसे नहीं दिए। वहीं सवाल था कि रेडक्रॉस ने 100 वर्ष पूरे होने पर समारोह किया था। इसका बजट कितना था और किसने परमिशन दी थी। जिसके जवाब में रेडक्रॉस ने बताया कि कोविड-19 में कोरोना योद्धाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया था। इसका पैसा रेडक्रॉस ने दिया। रेडक्रॉस के मैम्बरशिप लेने की प्रक्रिया पर जवाब मिला कि 500 रुपये देकर सदस्यता मिल जाती है। कोई समिति की बैठक नहीं होती सदस्यता देने के लिए।

रक्तदान शिविर कितने लगाए और कितना यूनिट रक्त मिला। जिसका जवाब मिला कि सिविल अस्पताल से इसकी जानकारी मिलेगी। साईंधाम ट्रस्ट से मिले थर्मामीटर, सैनिटाइजर की बोतल और मास्क आदि सामान कहां बांटा। जिसका जवाब था कि संस्थाओं के संग मिलकर बांटा गया है।

# डबुआ सब्जी मंडी के पास खाली पड़ी जमीन पर बनेगा ऑक्सीवन

### विधायक नीरज शर्मा ने की प्रदेश के उच्च अधिकारियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पेड़ों की कमी और गंदगी के कारण फरीदाबाद जिला आएदिन प्रदूषण के मामले में देश में पहले अथवा तीसरे स्थान पर आता रहता है। खासतौर में जिले के एनआईटी 86 इलाके में गंदगी, सीवर ओवरफ्लो, घनी आबादी की वजह से हरियाली के भारी अभाव और अन्य कई कारणों से प्रदूषण का स्तर काफी ऊपर रहता है। जिसे ध्यान में रखते हुए इलाके के विधायक ने प्रयास शुरू कर दिये हैं। उनके प्रयासों से डबुआ सब्जी मंडी के पास खाली जमीन पर ऑक्सीवन बनाने की योजना को जल्दी ही अमली जामा पहनाया जाएगा।

फरीदाबाद एनआईटी 86 के विधायक नीरज शर्मा ने मुख्यमंत्री


राजस्व आयुक्त पीके दास को अक्सीवन की योजना बताते विधायक नीरज शर्मा।

मनोहर लाल से सघन बस्ती वाले डबुआ इलाके को हरा भरा करने के संबंध में आग्रह किया था। इस संबंध में एक पत्र वनमंत्री कंवरपाल गुज्जर को भी भेजा गया था।

दरअसल डबुआ मंडी के समीप पुनर्वास विभाग की जमीन खाली पड़ी थी। जिसे कूड़े करकट से भरा जा रहा है। इस मामले में संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के आदेश पर वन सचिव ने इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया है। डीएफओ राजकुमार ने विधायक नीरज शर्मा के साथ मौके का मुआयना भी किया है। विधायक ने जमीनी स्तर की बदतर हालात से वनमंत्री को रूबरू कराते हुए बताया था कि डबुआ सब्जी मंडी के साथ पुनर्वास की कई एकड़ जमीन अब कूड़ा घर बन चुका है। जहां फैली बदबू से वहां आसपास रहने वाले और आसपास के लोगों को भिन्न तरह की बीमारियां हो रही है और कैंसर के मरीजों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नीरज शर्मा ने बताया था कि डबुआ में फैली गंदगी की वजह से वायु प्रदूषण का स्तर भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। उनके द्वारा विधानसभा में प्रश्न संख्या 744 भी लगाया गया था। जिसपर 16 मार्च को हुई चर्चा के दौरान सरकार द्वारा पेड़ लगाने का आश्वासन भी दिया गया था।

आज इसी को लेकर चंडीगढ़ में राजस्व आयुक्त पीके दास एवं शहरी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक डीके बहरा, नगर निगम आयुक्त एवं उपायुक्त फरीदाबाद यशपाल यादव, राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं वन विभाग के पीसीसीएफ तंवर के साथ नए सचिवालय सेक्टर 17 चंडीगढ़ में संयुक्त मीटिंग हुई। जिसमें ऑक्सीवन स्थापित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिस पर पीके दास राजस्व आयुक्त हरियाणा द्वारा यह कहा गया है कि कुछ तकनीकी कमियां हैं, इनको जल्द दूर करके जल्द ही ऑक्सीवन स्थापित किया जाएगा।

## अम्मा का आशीर्वाद लेने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा और कांग्रेसी नेता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुडडा ने वीरवार को सायं अमृता अस्पताल में पहुंचे और विश्वभर में मानवतावादी और आध्यात्मिक गुरु के रूप में अपनी पहचान रखने वाली माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि अम्मा प्रेम, सहानुभूति, सेवा और त्याग की मूर्ति हैं, वो भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं की वाहक हैं। अस्पताल एनसीआर सहित विभिन्न क्षेत्रों के गरीब मरीजों के लिए प्रभावी इलाज का एक उम्दा जरिया साबित होगा। इस 2,600 बिस्तरों वाले अस्पताल में 534 बिस्तर आईसीयू में हैं। अस्पताल में 81 स्पेशियलिटी विभाग होंगे।

यह बातें प्रतिपक्ष नेता भूपेन्द्र सिंह हुडडा ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विजय प्रताप सिंह, विधायक नीरज शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता तरुण तेवतिया, प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, अनिल नेता जी, संजय सोलंकी, विजय पाल सरपंच सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। पत्रकारों से वार्ता करते हुए हुडडा ने कहा कि वह


अम्मा के संग पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा।

आज यहां माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) से आर्शिवाद लेने आया था। उनका लक्ष्य गरीबों को सस्ता इलाज मुहैया कराना है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, उन्होंने कहा कि 2014 में हरियाणा में नम्बर विकास की दृष्टि से नम्बर वन था लेकिन अब हरियाणा महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार में नम्बर वन है। उन्होंने सोनाली फोगाट के मामले में कहा कि वह उनका परिवार का मामला है वह कहते हैं कि जांच होनी चाहिए तो जांच होनी चाहिए। परिवार की संतुष्टि जरूरी है। उनका शक दूर होना चाहिए। इसके उपरांत नेता भूपेन्द्र सिंह हुडडा, विजय प्रताप सिंह हरियाणा के सीआईडी चीफ आलोक मित्तल आईपीएस की बहन के निधन पर सैक्टर-16 उनके निवास पर शोक प्रकट करने पहुंचे।


# रैंगा और डिज्नी की भागीदारी से मिलेगा डिजिटल सुरक्षा कवच

### सर्वे में पाया गया कि 70 प्रतिशत यूजर्स अपनी ऑनलाइन निजता और सुरक्षा को लेकर चिंतित है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा पर केंद्रित भारतीय स्टार्टअप रैंगा और सबसे बड़े मीडिया घरानों में से एक डिज्नी स्टार इंडिया के बीच विशेष रिपोर्ट 'रेस्पोंसिबल डिजिटल सिटीजनशिप एंड ऑनलाइन सेफ्टी' में डिजिटल विकास पर संवाद एवं वार्ता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। इस रिपोर्ट का मकसद सेफ्टी टूल्स के साथ युवा ऑनलाइन यूजर्स की दक्षता का आकलन करना, और सीखने के उनके पसंदीदा माध्यम की पहचान करना था। सामने आए कई निष्कर्ष में यह पाया गया था कि 84 प्रतिशत यूजर्स को फेक न्यूज ऑनलाइन का सामना करना पड़ा।

रेस्पोंसिबल डिजिटल सिटीजनशिप ऑनलाइन सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रैंगा की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इस स्टार्टअप को डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने, रेस्पोंसिबल डिजिटल सिटीजन के तौर पर छात्रों की लर्निंग एवं बिहेवियर को बढ़ावा देने और, ऑनलाइन क्षेत्र में उनके मानसिक एवं भावनात्मक विकास को सुनिश्चित करने के लिए डिज्नी स्टार इंडिया का समर्थन मिला है। यह सर्वे इस




प्रोग्राम के साथ साथ वर्कशॉप, प्रशिक्षण, फोकस-ग्रुप डिस्कशन और पाठ्यक्रम डिजाइन के पहले चरण में कई प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। स्कूली छात्रों से संबंधित रिपोर्ट में पाया गया कि सबसे बड़ा खतरा यूजर्स द्वारा इमेज की अंधाधुंध शेयरिंग की वजह से पैदा हो रहा है। छात्रों ने यह भी खुलासा किया कि कक्षा में भले ही साइबर धमकी और गलत सूचनाओं जैसे विषयों पर चर्चा की जाती है, लेकिन असल जिंदगी में बदलाव लाने के लिए इन पर गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'विषयों पर चर्चा की जाती है, लेकिन इन पर अमल नहीं होता है। इसलिए इनका वास्तविक असर नहीं होता।'

यूजर्स ने उन विशिष्ट विषयों की सूची बनाई है जिन्हें वे अपने स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कराना चाहते हैं, जिनमें लीगल प्रोटेक्शन, इंटरनेट प्राइवेसी और साइबर वेलनेस मुख्य रूप से शामिल हैं। बेहद महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि 70 प्रतिशत यूजर्स अपनी ऑनलाइन निजता और सुरक्षा को लेकर चिंतित थे।

# 2041 मास्टर प्लान के विरोध में प्रदर्शन किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अरावली के प्रति अपना प्रेम और समर्पण दर्शाने, और एनसीआर क्षेत्रीय योजना 2041 के विरुद्ध प्रदर्शन करने के लिए 30 से अधिक नागरिकों ने अरावली पर्वत श्रृंखला के उन पेड़ों को गले लगा के अपना प्रेम और कृतज्ञता दर्शाई। अरावली बचाओ सिटीजन्स मूवमेंट ने समाज के विभिन्न वर्गों से एनसीआर क्षेत्रीय योजना 2041 पर सरकार को आपत्ति और सकारात्मक सुझाव भेजने के लिए एक अभियान शुरू किया है। जिससे कि इस योजना से पर्यावरण संबंधी खामियों को दूर कर, इसे प्रकृति, जैव विविधता और जीवन की गुणवत्ता के दृष्टिकोण से और मजबूत बनाया जा सके।

अरावली बचाओ सिटीजन्स मूवमेंट से अनुराधा प्रसाद धवन का कहना है की-दिल्ली-एनसीआर भारत में सबसे प्रदूषित और पानी की कमी वाले क्षेत्रों में से एक है। जैसे-जैसे ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तेज होंगे, इस क्षेत्र पर और अधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अरावली जैसे हमारे प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र ही हमारी एकमात्र ढाल हैं जो हमारे सिर पर मंडरा रहे जलवायु संकट से हमारी रक्षा कर सकते हैं। हमने इस विरोध का आयोजन एनसीआर क्षेत्रीय योजना 2041 से 'अरावली', 'वन', 'प्राकृतिक संरक्षण क्षेत्र' जैसे शब्दों को इसके दायरे से हटाने पर अपनी तीखी आपत्तियों जताने के लिए किया। अपनी प्राकृतिक दरारों के साथ अरावली में हर साल 2 मिलियन




लीटर पानी प्रति हेक्टेयर जमीन में डालने की क्षमता है और इस तरह यह पानी की कमी वाले एनसीआर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण जल रिचार्ज क्षेत्र के रूप में कार्य करता है, जहां कुछ जिलों में भू जल निकासी भू जल रिचार्ज से 300 फीसदी अधिक है, और भूजल स्तर चिंताजनक रूप से कम है। अरावली के बिना, दिल्ली-एनसीआर में जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल है। अरावली के जंगलों में घूमते हुए, लोगों ने जंगल के प्रति अपना स्नेह दिखाने के लिए देशी प्रजातियों के बीज से बने हुए सीड बॉल भी जंगल में जगह जगह फैलाये, और इस तथ्य पर अपनी आपत्ति दर्ज की कि पिछले दो दशकों में एनसीआर क्षेत्र का वनआवरण लगातार कम हुआ है। इसके चलते जहाँ हमे वन क्षेत्र बढ़ाने का प्रयत्न करना चाहिए उसकी जगह एनसीआर क्षेत्रीय योजना 2021 में निर्धारित वन क्षेत्र को 10 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य ही एनसीआर क्षेत्रीय योजना 2041 से ही हटा दिया गया है। यह एक प्रतिगामी कदम है।

# सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल में मनाई इन्वेस्टेचर सेरिमनी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल में इन्वेस्टेचर सेरेमनी का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। जिसमें सीनियर छात्र, छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिनिधियों ने अपने अपने भाषण से स्कूल के बच्चों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए सभी से वोट देने का आग्रह किया। वोटों की गिनती के पश्चात सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने हेडबॉय के रूप में मानव चौधरी व हेड गर्ल के रूप में छाया सिंह को चुना एवं वाइस हेड ब्वॉय वंश नागर वाइस हेड गर्ल महक शर्मा को चुना गया।

चार सदनों (सुप्रीम, लीडर, लेजंड एवं विक्टर) के कैप्टन के रूप में सुप्रियांक, निशांत त्यागी, शोभित, कृष शर्मा व वाइस कैप्टन सैफ्रिक सिंह, सौरभ सिंह, मनस्वी शर्मा व मोहम्मद अमानत को चुना गया। कक्षा पांचवी से बारहवीं तक के प्रतिनिधि एवं अन्य सदस्यों को भी चुना गया। जिसमें स्पोर्ट क्लब हेड संयोगराज पुरोहित के क्लब हेड अमीश सक्सेना ,और श्रेया


इन्वेस्टेचर सेरिमनी में शपथ ग्रहण करते स्कूल कॉउंसिल के मेंबर।

मोहपात्रा, म्यूजिक क्लब की हेड अक्सा थॉमस, डांस क्लब हेड जिया अरोड़ा, आर्ट्स क्लब हेड तेजस्विनी तोमर, इको क्लब हेड मोहम्मद शाहदिल व स्कूल वेलफेयर कैप्टन वंश अग्रवाल, नीरज सिंह आदि का चयन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मार्च पास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल के मुख्य निदेशक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र भड़ाना, प्रधानाचार्या शुभ्रता सिंह, उप प्रधानाचार्या नंदा शर्मा, एकेडमिक हेड कविता शर्मा ने सभी का स्वागत किया। अपने अपने सदनों के ध्वज के साथ खड़े हुए छात्र छात्राएं अत्यंत मनमोहक लग रहे थे। चुने हुए सभी काउंसिल सदस्यों ने अपने अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने की शपथ ग्रहण की। इसके उपरांत सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या ने चुने हुए सभी काउंसिल सदस्यों को बैजज व शैशे पहनाते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया। सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल के मुख्य निदेशक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र भड़ाना ने चुने हुए बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने व आगे बढ़ने का आशीर्वाद देते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और अपने जीवन में हमेशा आगे बढ़ने का संदेश भी दिया।

## एमएलए ने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को दी बधाई

फरीदाबाद। विधायक राजेश नागर ने आज केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर उन्हें भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति में शामिल होने पर बधाई दी। नागर ने पार्टी के वरिष्ठ नेता को उनकी निरंतर तरक्की के लिए शुभकामनाएं दीं।

विधायक राजेश नागर ने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को उनके कार्यालय में शॉल ओढ़ाई और बुके भेंट किया। विधायक श्रीनागर ने कहा कि पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति में आपके शामिल होने से हरियाणा का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। इससे पूरे हरियाणा में प्रसन्नता का माहौल है। हमें उम्मीद है कि आप निरंतर तरक्की करेंगे और हरियाणा प्रदेश के विकास में अपना और योगदान देंगे। नागर ने कहा कि हम सदैव आपके साथ हैं। विधायक राजेश नागर ने बताया कि भाजपा में काम करने वाले कार्यकर्ता को प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष तक बनने का अवसर प्राप्त होता है। जबकि अन्य दलों में ऐसा संभव ही नहीं है।

# अम्मा से थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों ने लिया आशीर्वाद



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों, उनके अभिभावकों व संस्था के सदस्यों को अम्मा अमृतानंदमयी से गले मिल कर आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। थैलासीमिया ग्रस्त बच्चो, उनके अभिभावकों व् संस्था के सदस्यों को अम्मा अमृतानंदमयी ने सभी को गले लगाया। लम्बी आयु व् स्वस्थ जीवन आशीर्वाद दिया।

संस्था के प्रधान हरीश रतरा व महा सचिव रविंद्र डुडेजा श्रीमाता अमृतानंदमयी अम्मा को शाल ओड़ा कर अपने आप को गोरवंतित किया। साथ श्रीमाता अम्मा को शानदार हॉस्पिटल के अनावरण के लिए शुभ कामनाये दी। श्रीमाता अम्मा जी को लिखित रूप में बताया गया की थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों को हर 15-20 दिन बाद रक्त चढ़ाना पड़ता है। यह सिलसिला उनकी अंतिम सांस तक चलता रहता है। फरीदाबाद के बहुत सारे हॉस्पिटल मौत के साये में जी रहे बच्चो को निशुल्क रक्त चढ़ाने की सुविधा दे रहे है। रोटरी ब्लड बैंक से बच्चो को निःशुल्क रक्त मिलता है व वहीं पर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिड टाउन द्वारा बने रोटरी थैलासीमिया यूनिट में निः शुल्क रक्त चढ़ाया जाता है। आपसे भी इसी प्रकार की आशा की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली अमेंडमेंट बिल के खिलाफ किया प्रदर्शन



फरीदाबाद। कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी, बिजली मंत्री की हठधर्मिता और बिजली (अमेंडमेंट) बिल 2022 के खिलाफ शुक्रवार को बिजली कर्मचारियों ने सर्कल आफिस सेक्टर-23 में आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद आक्रोशित बिजली कर्मचारियों ने हार्डवेयर-सोहना रोड से रैली निकाली और सेक्टर-22 श्मशान घाट के सामने बिजली मंत्री का पुतला दहन किया। आक्रोश प्रदर्शन एवं पुतला दहन में एसकेएस के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के राज्य प्रधान सुरेश राठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, डिप्टी जरनल सेक्रेटी जितेंद्र तेवतिया व आडीटर रामफल दलाल भी पहुंचे। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के राज्य प्रधान सुरेश राठी ने आरोप लगाया कि बिजली कर्मचारियों द्वारा 15 जून को एसीएस पावर के पंचकूला कार्यालय और 13 अगस्त को बिजली मंत्री रणजीत सिंह के सिरसा कार्यालय पर प्रदर्शन करने के बावजूद मांगों का समाधान करना तो दूर बातचीत तक करने की जरूरत नहीं समझा। सर्कल सचिव कृष्ण कुमार व राम चरण की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन में बल्लभगढ़, ग्रेटर, एनआईटी व ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन के अधीनस्थ सब डिवीजनों के हजारों की संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया और राज्य प्रधान द्वारा घोषित 22 नवंबर की राज्यव्यापी हड़ताल का पुरजोर समर्थन किया। बिजली अमेंडमेंट बिल पास हुआ तो बिजली, गरीब व किसान की पहुंच से बाहर जाएगी। इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एचपीसी वर्कर यूनियन के उप प्रधान सुभाष लांबा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपने चेहते पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए कर्मचारियों और किसानों के तीखे विरोध के बावजूद बिजली अमेंडमेंट बिल 2022 को संसद में पारित करवाने पर आमादा है।

### चैंपियनशिप में भाग लेंगे जिले के 30 खिलाड़ी

फरीदाबाद। हरियाणा राज्य यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप का दो दिवसीय 27 और 28 अगस्त को करण स्टेडियम करनाल में किया जाएगा। इस राज्य प्रतियोगिता में फरीदाबाद के लगभग 30 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है एवं 16-17 अगस्त को हुई जिला प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी ही इस राज्य प्रतियोगिता में एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के द्वारा दिए गये दिशा निर्देश अनुसार ही भाग लेंगे। यह जानकारी जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य यूथ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 1 जनवरी 2005 से 31 दिसम्बर 2006 तक आयु के लड़का और लड़की वर्ग एथलीट खिलाडी भाग लेंगे।

### देवेंद्र गुलियर होंगे नए जिला खेल अधिकारी

फरीदाबाद। करनाल से प्रमोट होकर आए जिला खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया का फरीदाबाद पहुंचने पर स्वागत किया गया। खेल अधिकारी का पद रिक्त था। खेल अधिकारी का ढोल बजाकर स्वागत किया गया। 30 जून को खेल अधिकारी अनीता भाटिया रिटायर्ड हो गई थी, तब से यह पद खाली था। हालांकि जिला गुड़गांव की खेल अधिकारी सिंधु बाला को फरीदाबाद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था, ताकि विभागीय कार्य प्रभावित न हो। का कहना है कि वे खेल क्षेत्र में बेहतर कार्य करेंगे। स्वागत करने वालों में डिप्टी डायरेक्टर गिर्राज सिंह, एथलीट कोच डा धर्मेंद्र, भूपेंद्र सिंह, दीपक अहलावत, फुटबाल कोच प्रमोद कुमार, कुलदीप, टेबलटेनिस कोच मनोज कुमार, कोच बलराम, हॉकी कोच निरेश यादव और जूडो कोच हेमंत समेत अनेक लोग मौजूद थे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी एनआईटी नरेन्द्र कादयान के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना एनआईटी प्रबंधक सुनीता की टीम ने शादी का झांसा देकर औरत के साथ दुष्कर्म की वारदात को अन्जाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अभिषेक दिल्ली के उत्तम नगर का रहने वाला है। आरोपी मैसेन्जर के माध्यम से औरत का फोन नम्बर लेकर वर्ष 2019 में मिलने के लिए फरीदाबाद आया। यहां आरोपी ने लड़की को होटल में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। औरत के ससुराल वालों को आरोपी और औरत के संबंध के बारे में पता चला तो औरत को घर से निकाल दिया। औरत ने आरोपी लड़के से बात की। जिसपर आरोपी औरत को शादी का झांसा देकर दिल्ली में किराए के कमरे में लेकर रह रहा था।

### पेयजल किल्लत को लेकर निगमायुक्त से मिले जजपा नेता

फरीदाबाद। बड़खल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दयालबाग कालोनी में पिछले काफी समय से व्याप्त पानी की किल्लत और रेनीवेल के पानी की सप्लाई सुचारू करवाने की मांग को लेकर वरिष्ठ जजपा नेता अजय भड़ाना ने आज नगर निगम आयुक्त यशपाल यादव से उनके सेक्टर-12 लघु सचिवालय स्थित कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान अजय भड़ाना ने निगमायुक्त को बताया कि मौजूदा समय में दयालबाग कालोनी में पानी की किल्लत के चलते लोगों को जूझना पड़ रहा है, कहने को यहां रेनीवेल के कनेक्शन हुए, पड़े है, लेकिन बावजूद इसके लोगों को कई-कई दिनों तक पानी नहीं मिलता, जिसके चलते मजबूरन लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। अजय भड़ाना ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया हैए लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। स्थानीय लोगों की मांग पर वह स्वयं आज इस मांग को उठाने के लिए यहां पहुंचे है।

### मुख्यमंत्री शहीद डीएसपी सुरेंद्र मांझू के परिजनों से मिले

कुरुक्षेत्र। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार शहीद डीएसपी सुरेंद्र कुमार मांझू के परिजनों के साथ खड़ी है और परिजनों को हर संभव सहयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल शुक्रवार को कुरुक्षेत्र सेक्टर चार में स्थित शहीद डीएसपी सुरेंद्र कुमार मांझू के निवास स्थान पर पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शहीद डीएसपी सुरेंद्र कुमार मांझू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर के श्रद्धांजलि अर्पित की और मुख्यमंत्री ने शहीद डीएसपी सुरेंद्र कुमार मांझू की धर्मपत्नी कौशल्या देवी, बेटे सिद्धार्थ व भाई अशोक बिश्नोई से दुःख सांझा किया। मुख्यमंत्री ने शहीद डीएसपी सुरेंद्र कुमार मांझू की धर्मपत्नी कौशल्या देवी से बातचीत भी की। इस दौरान बिश्नोई समाज की तरफ से ओमप्रकाश बिश्नोई, सरजीत सिंह बिश्नोई, भगवान दास, आत्मा राम, छोटू राम, हनुमान, राजेश और अशोक कुमार ने भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल को एक मांगपत्र सौंपा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ-साथ सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक सुभाष सुधा, उपायुक्त मुकुल कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया, एसडीएम अदिति, डीएसपी सुभाष चंद्र, समाज सेवी एडवोकेट अक्षय नंदा, रामकिशन दुआ आदि ने भी शहीद डीएसपी सुरेंद्र सिंह मांझू को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### श्रीकृष्ण मन्दिर जीर्णोद्धार कमेटी के प्रधान बने भुवनेश्वर शर्मा

कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण मन्दिर, इन्दिरा कॉलोनी सुधार सभा (रजि.) के प्रधान भुवनेश्वर शर्मा ने सभी कॉलोनी वासियों से बात विचार करके सर्वसम्मति से श्रीकृष्ण मन्दिर के जीर्णोधार के लिए एक कमेटी का गठन किया। कमेटी का नाम श्रीकृष्ण मन्दिर जीर्णोधार कमेटी होगा। कार्यकारिणी में भुवनेश्वर शर्मा को प्रधान, भगवानदीन को उप प्रधान, कुलवंत सिंह को सचिव, कपिल यादव को संयुक्त सचिव, विनोद कुमार को कोषाध्यक्ष, कृष्ण लाल को आडिटर व राकेश कुमार को संरक्षक चुना गया। सदस्य के तौर पर रामसुख, रामबरन, मनफूल सिंह, शिवप्रसाद, अजय, ओमप्रकाश वर्मा, सुरेन्द्र यादव, रामतीर्थ, निर्मला, मेनका, विधासागर, माली देवी, धर्म सिंह, मुरारी, ओम प्रकाश यादव, राम अजोर, जयप्रकाश, मनोज, सरिता देवी, रामकरण, राजेश कुमार, घनश्याम यादव, अमित कुमार, सतीश कुमार, जसमेर, सुभाष, शीशपाल और मोती राम को शामिल किया गया है।

# शीर्ष न्यायालय का निर्णय

## पीएमएलए की समीक्षा

**सर्वोच्च** न्यायालय ने उचित निर्णय लेते हुए प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट-पीएमएलए, 2002 पर अपने दिए निर्णय पर पुनर्विचार की बात कही है। यह पुनर्विचार या समीक्षा दो मुद्दों पर होगी, निरपराध होने का अनुमान उलटना तथा प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट-ईसीआईआर साझा करना। इस वर्ष 27 जुलाई को जस्टिस खानविलकर के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने पीएमएलए को उचित माना था। इससे प्रवर्तन निदेशालय-ईडी का उत्साह बढ़ गया था क्योंकि धन शोधन मामलों में गिरफ्तार करने व तलाशी लेने, आदि की उसकी शक्तियों को उचित माना गया था। पीठ ने कहा था, 'आरोपी को निरपराध होने के अनुमान का सिद्धान्त एक मानवाधिकार है, लेकिन यह अनुमान संसद द्वारा बनाए कानून से बाधित किया जा सकता है।' उसने यह भी कहा था कि चूंकि ईसीआईआर की तुलना प्रथम सूचना रिपोर्ट या एफआईआर से नहीं की जा सकती है, इसलिए हर मामले में आरोपी व्यक्ति को ईसीआईआर देना जरूरी नहीं है। अदालत ने कहा था कि 'यह काफी होगा कि ईडी गिरफ्तारी के समय ऐसी गिरफ्तारी का आधार बता दे।' विपक्षी दलों तथा न्यायविदों ने इस निर्णय की व्यापक आलोचना की थी। विपक्षी नेता लंबे समय से ईडी को मिली व्यापक शक्तियों की शिकायत कर रहे थे। उन्होंने नरेन्द्र मोदी सरकार पर राजनीतिक उद्देश्यों से ईडी के प्रयोग का आरोप भी लगाया था। हालांकि, सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने इस आरोप का जोरदार तरीके से खंडन किया था। वैसे भी राजनेता लगातार एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहते हैं, ऐसे में कुछ तथ्यों को रेखांकित करने की आवश्यकता है। पहला, यदि पीएमएलए ज्यादा धारदार व ईडी बेलगाम



बनी है, तो ऐसा केवल वर्तमान सरकार में नहीं हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने 26 जुलाई के फैसले में पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा के दिसंबर, 1999 में दिए भाषण का संदर्भ दिया था। उन्होंने कहा था कि 'आने वाले वर्षों में धन शोधन के खिलाफ संघर्ष की भावना बन गई है।' न्यायाधीश ने पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम का संदर्भ भी दिया जिन्होंने दिसंबर, 2012 में राज्यसभा में दिए अपने भाषण में पीएमएलए में संशोधनों की आवश्यकता बताई थी। लेकिन अब बाजी उलट गई है। ईडी तथा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो स्वयं चिदम्बरम के खिलाफ जांच कर रही हैं। उनके बेटे कार्ति चिदम्बरम के खिलाफ भी दो एजेंसियां जांच कर रही हैं जो चाहते थे कि सर्वोच्च न्यायालय अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे। दूसरा, विपक्षी नेता लगातार केन्द्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर विलाप किया गरते हैं, पर उन्होंने इस दिशा में कभी कोई ठोस कार्रवाई के प्रयास नहीं किए। सही दृष्टिकोण से सोचने वाला कोई भी व्यक्ति नहीं चाहेगा कि इन एजेंसियों का दुरुपयोग किया जाए, इसलिए केवल विलाप करने का कोई अर्थ नहीं है। विपक्ष को जनता को बताना चाहिए कि वे इन एजेंसियों के कामकाज को सक्षम और निष्पक्ष कैसे बनाना चाहते हैं। धन शोधन एक बड़ी समस्या है और इसी तरह भ्रष्टाचार व आतंकवाद, आदि हैं। इस प्रकार ऐसी बुराइयों के खिलाफ संघर्ष जारी रहे, लेकिन इसे इस प्रकार किया जाना चाहिए कि उससे राजनीतिक रूप से लक्षित करने के कारण कोई और नुकसान न हो। ऐसे में केवल बड़बोले बयान देने तथा आकर्षक एक पंक्ति वाले ट्वीट करने से न राजनेताओं को कोई सहायता मिलेगी और न न्यायिक प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। इस मामले में ठोस कार्रवाई जरूरी है।

# आयुर्वेद से समग्र स्वास्थ्य

**प्राचीन काल से आयुर्वेद ने मनुष्यों को समग्र स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराई है। एलोपैथी का विकल्प बनने के लिए इसे थोड़ी सहायता की जरूरत है।**



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक सुपरिचित स्तम्भकार हैं)



यदि देश में कार्यरत सभी चिकित्सा विशेषज्ञ भारत में चिकित्सा की पृष्ठभूमि से परिचित होते तो शायद आयुर्वेद बनाम एलोपैथी या आयुर्वेद की क्षमता संबधी वर्तमान विवाद शायद न पैदा हुआ होता। शताब्दियों तक भारत आयुर्वेद व यूनानी चिकित्सा पद्धतियों पर निर्भर रहा है। यूनानी या ग्रीक चिकित्सा पद्धति देश में मुसलमानों के साथ आई थी। इन पद्धतियों का आज भी देश में व्यापक प्रयोग होता है, लेकिन दुर्भाग्य से इनमें शोध तथा विकास का कार्य ठीक से नहीं हुआ है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों से दिल्ली में सरिता विहार के निकट सरकार ने इनको नया जीवन देने का प्रयास शुरू किया है।

हमारे देश में प्रचलित चिकित्सा की अन्य शाखाओं में होम्योपैथी, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति या नेचुरोपैथी हैं। लेकिन केवल एलोपैथी को ही शोध का लाभ मिला है जो खासतौर से बड़े पैमाने पर पश्चिमी देशों में की गई है।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंतिम वर्षों में शोध एवं विकास के अभाव में आयुर्वेद में गिरावट आई। उदाहरण के लिए, चरक की तरह सुश्रुत भी महान आयुर्वेदिक चिकित्सक थे जिनको अक्सर भारतीय शल्य चिकित्सा का पिता माना जाता है। चरक ने स्वयं को शुद्ध चिकित्सा व मुख्यत: गैस्ट्रोनोमी तक सीमित रखा। कहा जाता है कि उन्होंने स्वयं को गैस्ट्रोनोमी तक सीमित रखा और बिना पेट खोले या शल्यक्रिया के पाचन नलिका की बीमारियों का इलाज तलाशा। प्राचीन व मध्यकालीन युग में आयुर्वेद चिकित्सा में रीढ़ की हड्डी बनी रही। यह स्थिति 19वीं शताब्दी तक बनी रही। आयुर्वेद केवल बीमारियों के लक्षणों की चिकित्सा तक सीमित न होकर लंबा जीवन सुनिश्चित करने वाली विधा है। विद्वानों का दावा है कि यह केवल बीमार का इलाज करने तक सीमित न रह कर 'जीवन का विज्ञान' है जो स्वस्थ को और स्वस्थ बनाने का प्रयास भी करता है। इसका आदर्श वाक्य 'स्वस्थस्य स्वास्थ्य रक्षणम, आतुरस्य विकार प्रशमनं च' है। च्यवनप्राश इसका साधारण उदाहरण है, जबकि रसायन या पुनर्जीवन उपचार इस दिशा में उत्कृष्टतम आयाम है। बीसवीं शताब्दी के दशकारंभ में एलोपैथी की प्रगति के पहले एलोपैथी के बजाय आयुर्वेद का वर्चस्व स्थापित था। उदाहरण के लिए, आयुर्वेद में उच्च रक्तचाप की चिकित्सा के लिए सर्पगंधा या सरपेंटाइना का प्रयोग होता था, जबकि एलोपैथी के पास इसका कोई इलाज नहीं था और वह खून निकालने तथा उसकी सप्लाई घटाने के लिए रोगियों के माथे पर जीवित जोंकें चिपकाने के सिवा और कुछ नहीं कर सकती थी। मेरे बाबा का निधन 45 वर्ष की आयु में नेफराइटिस के कारण हो गया था जिसने उनकी किडनियों को निष्प्रभावी बना दिया था। उनकी अंतिम चिकित्सा 1933 में चार सप्ताह के लिए वियेना और लंदन में हुई थी। उस समय कोई एंटीसेप्टिक नहीं था और एंटीबायोटिक का तो सवाल ही नहीं था। एंटीसेप्टिक की खोज ने आयुर्वेद को पीछे धकेला था क्योंकि द्वितीय विश्व युद्ध में पेनीसिलीन के प्रयोग ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। इसके बावजूद भारतीय विद्वानों ने जीवन के विज्ञान को पुनर्जीवित करने के कोई रणनीतिक प्रयास नहीं किए। हमारा 'जीवन का विज्ञान' या आयुर्वेद एक प्रकार से भारतीय सभ्यता को पुनर्जीवित करने के समान है ओर इस पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। 'सकारात्मक स्वास्थ्य रक्षा' की इसकी अवधारणा को पूरी तरह से खोजा जाना चाहिए। क्या हम बेहतर तथा लंबे समय तक जीवन नहीं चाहते हैं? मैंने 20 वर्ष की आयु में कामकाज शुरू किया और यह उस समय बहुत जल्दी माना जाता था। मेरे सेवायोजक अपने कर्मचारियों व कार्यकारियों को 55 साल की आयु में सेवानिवृत्त कर देते थे। आज 60 की आयु में भी सेवानिवृत्त होने वाले लोग स्वयं को लगातार व्यस्त रखने के प्रयास करते हैं। उनमें से अधिकांश स्वयं को काम के लिए फिट अनुभव करते हैं।

**आयुर्वेद ने अनेकानेक वैज्ञानिक व चिकित्सकीय खोजों का रिकार्ड बनाया है और मानव जीवन के प्रति अपने समग्र दृष्टिकोण के चलते पूरी भारतीय सभ्यता को मजबूत बनाए रखा है। लेकिन आज आयुर्वेद चिकित्सकों, यानी वैद्यों के प्रति आम जनता में ज्यादा विश्वास पैदा करने की आवश्यकता है।**

आज 71 या 72 साल की आयु में मृत्यु को बहुत कम आयु में दु:खद मृत्यु माना जाता है। देश की स्वतंत्रता के समय जीवन के समापन के लिए 60 साल की आयु उचित व स्वीकार्य मानी जाती थी। मानें या न मानें, आज अच्छे खाते-पीते परिवारों में औसत आयु में 20 साल की वृद्धि हो चुकी है।

ऐसे में आयुर्वेद या किसी अन्य चिकित्सा पद्धति के समक्ष चुनौती यह है कि जीवन को लंबा करने के साथ उसे दिलचस्प कैसे बनाए रखा जाए और यह अधिकांशत: आनन्द का माध्यम बने। आयुर्वेद व उसकी रसायन चिकित्सा में पुनर्जीवन की संभावनायें हैं। यह अच्छी तरह से ढके शिविर में दो महीने की चिकित्सा है। इसके दो मुख्य तत्व मलत्याग को सरल बनाना तथा कठोरता से सूर्य के प्रकाश से दूर रहना है।

इसी प्रकार प्राकृतिक चिकित्सा या नेचुरोपैथी आश्चर्यजनक परिणाम दे सकती है। मैंने देखा है कि कैसे मेरी एक संबंधी अपना वजन घटाने में सफल हुई। जब उसका इलाज शुरू हुआ तो उसकी आयु 18 साल तथा वजन 216 पौंड था, जबकि चिकित्सा के बाद उसका वजन घट कर 130 पौंड रह गया। इसमें दवाओं का प्रयोग बहुत कम था, पर सप्ताह में 6 दिन भोजन पर कठोरता से नियंत्रण रखा जाता था। हालांकि, सप्ताह में एक दिन उसे चाकलेट की एक बार खाने की अनुमति थी। व्यापक गरीबी वाले देश में होम्योपैथी एक अच्छा विकल्प हो सकती है। कुछ लोगों में होम्योपैथी दवा की कुछ बूंदें आश्चर्यजनक नतीजे दिखाती हैं और इन पर बहुत कम पैसे खर्च होते हैं। इस चिकित्सा में कोई दर्द नहीं होता है, सुइयां नहीं लगानी पड़ती हैं तथा सर्जरी से मुक्ति मिल सकती है। होम्योपैथी की खोज जर्मनों ने की थी और इसके लिए उनको भूरि-भूरि धन्यवाद दिया जाना चाहिए। दुर्भाग्य से शायद ही किसी ने इसका प्रयोग शोध के साथ किया हो। इसलिए यह आश्चर्यजनक चिकित्सा पद्धति भी बहुत आगे नहीं बढ़ सकी है। इसके बावजूद होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को समुचित प्रोत्साहन मिलना चाहिए तथा इसे ज्यादा संरक्षण देने की आवश्यकता है।


संयोग से इस चिकित्सा पद्धति को होम्योपैथी नाम इसलिए दिया गया था क्योंकि यह कोई विरोधाभासी चिकित्सा पद्धति नहीं है। यह पद्धति लक्षणों पर आधारित है। इसमें दवा रोग के कुछ लक्षणों को इस उम्मीद से उभार सकती है कि वे अंतत: रोग को शरीर से बाहर निकाल दिया जाएगा। इसे 'सिमलिया सिमलिबिस क्यूरेंटिस' वाक्यांश से परिभाषित किया गया है। रोग चिकित्सा की अधिकांश अन्य पद्धतियों को विरोधाभासी माना जाता है क्योंकि उसका अर्थ उनको समाप्त करने के लिए लक्षणों पर हमला करना है। आयुर्वेद व नेचुरोपैथी इस दृष्टिकोण से अलग किस्म की पद्धतियां हैं कि इनमें रोगी के पूरे जीवन या 'आयु' पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार किया जाता है।

नेचुरोपैथी या प्राकृतिक चिकित्सा का झुकाव प्रकृति की ओर है और यह रोगी को उस दिशा में जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है जिसकी आशा प्रकृति उससे करती है। विरोधाभासी किस्म की चिकित्सा से प्रतिक्रिया होने की संभावना होती है और होम्योपैथी इस मामले में दूसरों से अलग है। आयुर्वेद को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने सेवा की भावना या नर्सिंग की खोज की है। शताब्दियों पहले पुरुष व महिला नर्सों का काम शुरू हुआ था, लेकिन नर्सिंग पेशे के विस्तार में बहुत लंबा समय लग गया। वास्तव में आयुर्वेद ने अनेकानेक वैज्ञानिक व चिकित्सकीय खोजों का रिकार्ड बनाया है और मानव जीवन के प्रति अपने समग्र दृष्टिकोण के चलते पूरी भारतीय सभ्यता को मजबूत बनाए रखा है। लेकिन आज आयुर्वेद चिकित्सकों, यानी वैद्यों के प्रति आम जनता में ज्यादा विश्वास पैदा करने की आवश्यकता है। आयुर्वेद का योगदान स्वीकार करते हुए उसमें और ज्यादा निवेश की भी आवश्यकता है।

# भारत का भारत-प्रशांत दृष्टिकोण

**क्वाड को भारत की इंडो-पैसिफिक रणनीति को आगे बढ़ाने के लिए विवेकपूर्ण तरीके से बढ़ाया जाना चाहिए। यह इंडो-पैसिफिक रणनीति में अहम भूमिका निभा सकता है।**

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



विदेश मंत्री एस जयशंकर पिछले हफ्ते थाईलैंड में थे, जहां उन्होंने भारत की हिंद-प्रशांत दृष्टि पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया। भारत बहुपक्षीय और बहुपक्षीय प्लेटफार्मों पर राजनयिक हलकों में अपनी इंडो-पैसिफिक दृष्टि को उजागर करता रहा है। हालांकि, यह संभवत: पहली बार था जब छात्रों, शिक्षाविदों और अन्य संबंधित हितधारकों के लिए एक रोडमैप और आगे की योजना की रूपरेखा तैयार की गई थी।

जयशंकर ने थाईलैंड के चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय में व्याख्यान दिया। भारत द्वारा परिभाषित हिंद-प्रशांत क्षेत्र अफ्रीका के पूर्वी तटों से लेकर अमेरिका के पश्चिमी तटों तक फैला हुआ है। यह क्षेत्र वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 60 प्रतिशत का योगदान देता है और अधिकांश व्यापार समुद्री मार्गों से होता है। द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में, अमेरिका प्रशांत महासागर को डॉट करने वाले राष्ट्रों के लिए सुरक्षा छाता के प्राथमिक प्रदाता के रूप में उभरा और अन्यथा जुड़े हिंद और प्रशांत महासागर के बीच एक पानी वाली सीमा रेखा उभरी। भारत ने भी पिछले कई दशकों में अपनी क्षेत्रीय चिंताओं (पाकिस्तान, चीन) के कारण अंतर्देशीय महाद्वीपीय सुरक्षा पर अपेक्षाकृत रूप से अधिक ध्यान केंद्रित किया है और सामरिक हित के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में समुद्री क्षेत्र पर कम ध्यान दिया गया है।



हालांकि, भारत के बैकवाटर (हिंद महासागर) में चीन का आक्रामक रुख, दक्षिण चीन सागर में इसकी आक्रामक रणनीति, छोटे देशों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए इसकी गैर-पारदर्शी बाध्यकारी वित्तीय सहायता, जिससे उनकी संप्रभुता को खतरा है और अमेरिका के साथ संबंधों में गिरावट आई है। भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आक्रामक रूप से बहु-आयामी जुड़ाव शुरू करने के लिए मजबूर किया है। जयशंकर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत की इंडो-पैसिफिक दृष्टि कथित विदेश नीति दिशा %एक्ट ईस्ट पॉलिसी% पर बहुत अधिक निर्भर करती है। भारत इस क्षेत्र (सागर) में सभी के लिए सुरक्षा और विकास की पुष्टि करता रहा है और एक मुक्त, खुला, समावेशी, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र की परिकल्पना करता है। यह आक्रामक चीन के बीच इस क्षेत्र के साथ और उसके बाहर भारत के जुड़ाव के लिए प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर प्रकाश डालता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-प्रशांत महासागर की पहल की घोषणा की और सदस्य देशों के बीच सहयोग के सात स्तंभों की रूपरेखा तैयार की, जो एक सुरक्षित, सुरक्षित, खुले समुद्री क्षेत्र की ओर केंद्रित थे। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) पूर्व, दक्षिणपूर्व और दक्षिण एशिया के 18 देशों के लिए नेतृत्व स्तर के शिखर सम्मेलन में एक वार्षिक मंच है। ईएएस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए बातचीत के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है क्योंकि यह आसियान को नेतृत्व के केंद्र बिंदु पर रखता है और अमेरिका, जापान, चीन, ऑस्ट्रेलिया, रूस और भारत सहित सदस्य देशों को अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करने के लिए एक मंच मिलता है।

इंडो-पैसिफिक के भारत के दृष्टिकोण में, यह ईएएस सदस्यों को सात स्तंभों को चुनने की परिकल्पना करता है, और ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, सिंगापुर और यूके जैसे कई लोगों ने वर्टिकल का नेतृत्व करने की अपनी इच्छा की घोषणा की है। बहुपक्षीय स्तर पर, भारत मई 2022 में अमेरिका के नेतृत्व वाले इंडो पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के संस्थापक भागीदार के रूप में शामिल हुआ। इस क्षेत्रीय व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य भारत प्रशांत क्षेत्र में चीन के सैन्य आर्थिक प्रभाव को नियंत्रित करना है। 14 सदस्यीय आईपीईएफ के बीच सहयोग के चार स्तंभ व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा, आपूर्ति श्रृंखला और कर और भ्रष्टाचार विरोधी हैं।

आईपीईएफ के बारे में विवरण, सदस्यों के बीच समझौते और बातचीत के लिए एक बुनियादी पाठ, अभी भी कुछ समय दूर है, भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों का उपयोग मंच और इंडो पैसिफिक क्षेत्र के लिए ईएएस विजन को करीब लाने के लिए कर सकता है। यह तर्क दिया जा सकता है कि ईएएस में चीन और रूस की उपस्थिति को देखते हुए, आईपीईएफ और ईएएस के बीच संरेखण असंभव हो सकता है, लेकिन यह अभी भी एक कोशिश के काबिल हो सकता है। क्वाड को भारत की इंडो-पैसिफिक रणनीति को आगे बढ़ाने के लिए विवेकपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। यह इंडो-पैसिफिक रणनीति में अहम भूमिका निभा सकता है।

## आप की बात

### भ्रष्टाचार मामलों का निस्तारण

**ईडी**, सीबीआई, इंकम टैक्स के सारे देश मे पड़ रहे छापों में जिस प्रकार अकूत धन, प्रॉपर्टी, हथियार बरामद हो रहे हैं। उससे यह तो साफ है कि सभी नेताओं के पास चाहे किसी भी पार्टी के हो काले धन की भरमार है। सरकार को चाहिए कोई ऐसी व्यवस्था बनाएं जिसमें अधिकतम तीन साल के अंदर इस तरह के मामलों का निस्तारण हो सके। जिससे नेता सजायाफ्ता होकर चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित हो जाएं। बार बार चुनाव लड़ कर फिर से जनता को ना लूट सके। इसी क्रम में सभी राज्यों में इस तरह की व्यवस्था हो जिसमें शिक्षक भर्ती, बैंक में भर्ती, रेलवे में भर्ती और राज्य के अन्य विभागों में भर्ती हेतु एक ही राज्य स्तरीय परीक्षा हो। जिससे युवाओं को बार-बार परीक्षा ना देनी पड़े। और भ्रष्टाचार की संभावना खत्म हो जाए। चारा घोटाले में लालू यादव पर आरोप सिद्ध होने में तीस से पैंतीस वर्ष लग गए। और अभी भी मामला पूरी तरह साफ नहीं हुआ है। अगर इसी प्रकार भ्रष्टाचार के मामलों मे अदालतों में तीस तीस साल लगने लगे तो इस देश से भ्रष्टाचार कभी समाप्त नहीं हो सकता। इस तरह भ्रष्टाचारी भ्रष्टाचार करते रहेंगे जनता और देश को लूटते रहेंगे और ईमानदारी का नारा लगाते रहेंगे।

– **अतिवीर जैन**, पराग, मेरठ

### बेरोजगारी की समस्या

**दुनिया** के दूसरे सबसे ज्यादा आबादी वाले भारत में विशाल मानव संसाधन हैं। मशीनीकरण और कम्प्यूटरीकरण ने रोजगार के अवसरों को अल्प कर दिया है। फिरभी दूसरे विभागों में जो जमीनी है। युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है। सरकार सीधे युवाओ को भर्ती न कर संविदा और ठेके पर कार्य करा रही है। जहां युवाओ का शोषण होता है। सरकार हर सरकारी विभाग में वेतन में को संशोधित कर न्यूनतम वेतन में पर नियुक्ति कर सकती है। उप्र के एक सांसद ने युवाओं से आवाज उठाने का आवाहन किया। उनका यह कहना सही है। आजादी बड़ी कुर्बानी से मिली है।उसके बाद लोकतंत्र की स्थापना हुई है। लोकतंत्र को बनाये रखने के लिये अपनी आवाज को उठाना चाहिए। सरकारों को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध कराना चाहिए, जिससे युवाओं में असंतोष न पनपे और वे गलत रास्ते पर न जाये। न ही उनका कोई दुरुपयोग कर राष्ट्र विरोधी कार्यों में धन का लालच देकर कर सके। सभी को सरकार नौकरियां नही दे सकती। इसलिये युवाओ को स्वरोजगार के लिये मुफ्त आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाए। जिससे युवा आर्थिक संकट से निपटने में सक्षम हो जाये।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### कांग्रेस का एक और विकेट गिरा

**कांग्रेस** पार्टी के नेतृत्व कर्ताओं के उदासीन व्यवहार से नाराज होकर लगातार ही इसके पुराने वरिष्ठ कांग्रेसी आज एक के बाद एक पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं। पहले ज्योतिरादित्य फिर कपिल सिब्बल एवं अब गुलाम नबी आजाद जो कि कश्मीर घाटी के एक वरिष्ठ कांग्रेसी थे तथा शायद पूर्व में मुख्यमंत्री भी रह चुके थे उन्होंने भी कांग्रेस की रीति नीति से एवं पार्टी के मुखिया से नाराज होकर कांग्रेस पार्टी को अपना इस्तीफा देकर कांग्रेस से अपनी दूरी बना ली है। आश्चर्य कि उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देने का जो समय चुना उस समय पूरा गांधी परिवार आज विदेश यात्रा पर गया हुआ है। समझ नहीं आता है कि आज कांग्रेस जैसी एक अनुभवी वरिष्ठ पार्टी अपने पुराने अनुभवी नेताओं को क्यों कर नाराज कर रही है। आज कांग्रेस में राहुल गांधी ही एक ऐसे नेता हैं जिनके कहने पर पूरी पार्टी चलती है मगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के निगाह में आज भी राहुल को पार्टी के कामकाज का बिल्कुल भी अनुभव नहीं है यही कारण है कि उनसे पार्टी के अधिकतर कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नाराज रहते हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**माता** अमृतानंदमयी जी दूसरों के लिए जीने की भारत की गौरवशाली परंपरा का जीवित प्रतीक हैं। समाज कल्याण में उनके प्रयास असाधारण हैं।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**जदयू** अपने दम पर राज्य में कोई चुनाव नहीं जीत सकती है। नीतीश केवल अपने डिप्टी बदलते हैं और मुख्यमंत्री बने रहना चाहते हैं।

– **तारकेश्वर प्रसाद**
भाजपा नेता





**बिहार** ने देश को विशेष संदेश दिया है। नीतीश के साथ हमारी साझेदारी आश्चर्यजनक नतीजे देगी। ये दीर्घकालीन संबंध हैं।

– **तेजस्वी यादव**
बिहार के उप-मुख्यमंत्री

# सुपरटेक ट्विन टावर को ध्वस्त करने में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से हो पालन

● मुख्यमंत्री ने नोएडा के डेढ़ दशक पुराने इस मामले के दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए, 28 को होगा ध्वस्तीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में मैसर्स सुपरटैक के ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ध्वस्तीकरण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि टावर ध्वस्त करने की पूरी प्रक्रिया में आसपास के आवासीय परिसर में निवासरत लोगों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जाए। साथ ही, पर्यावरणीय मानकों का भी ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने डेढ़ दशक पुराने इस मामले के दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री की समीक्षा के बाद अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि आगामी 28 अगस्त को निर्धारित ट्विन टावर्स के ध्वस्तीकरण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ट्विन्स टावर्स के निकट स्थित एमराल्ड कोर्ट के 660 भवन और एटीएस विलेज के 762 भवन 28 अगस्त को सुबह 07 बजे खाली करा लिए जाएंगे। एमराल्ड कोर्ट और एटीएस विलेज सोसाइटी के वाहनों की वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था और बाग-बगीचों की सुरक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप ध्वस्तीकरण के दौरान ट्विन टावर्स के चारों ओर की सड़कों पर आवागमन प्रतिबंधित रखा जाएगा। ध्वस्तीकरण के समय सुरक्षा के दृष्टिगत नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे आधा घंटे बंद होगा। ट्विन टावर्स को ध्वस्त किए जाने के लिए सीएसआईआर, सीबीआरआई के सहयोग से मुम्बई की मेसर्स एडिफ इस इंजीनियरिंग एजेन्सी का चयन किया गया है। एजेन्सी ने पूर्व में कोचीन में भी एक 20 मंजिला बहुखण्डीय भवन का ध्वस्तीकरण किया है। ध्वस्तीकरण के लिए वॉटर फ ॅाल इम्प्लोजन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। यह तकनीक नियोजित ध्वस्तीकरण के लिए उपयोग में लायी जाती है। इससे डिजाइन के अनुसार वांछित दिशा में भवन को गिराया जा सकता है। विगत 10 अप्रैल को एक टेस्ट ब्लास्ट भी किया गया थाए जिसके नतीजों के आधार पर ब्लास्ट डिजाइन का संशोधन किया गया तथा सीबीआरआई से संशोधित डिजाइन की जांच कराई गई।

**3700 किग्रा विस्फोटक से ध्वस्त किया जाएगा टावर**

ट्विन टावर्स को ध्वस्त करने के लिए लगभग 3700 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री को स्टोर किया गया। दोनों टावर्स में 9600 छेद करते हुए इनमें विस्फोटक सामग्री को रखा जा चुका है और अब इन्हें चार्ज किया जा रहा है। ध्वस्तीकरण 28 अगस्त 2022 को अपरान्ह ढाई बजे सम्पादित किया जाएगा। एक बटन दबाने से दोनों टावर्स 12 सेकेंड में, एमराल्ड टावर तथा एटीएस विलेज टावर से दूर, सड़क की ओर ध्वस्त हो जाएंगे।

## महिला शक्ति से देश की तस्वीर बदल रही है: आनंदी बेन

● ऑर्गेनिक उत्पादों से किसान अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि महिला शक्ति से देश की तस्वीर बदल रही है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्वयं सहायता समूह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब वह समय आ गया है कि महिलाएं रोज़गार दे रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपने साथ आसपास की महिलाओं को जोड़ कर आत्मनिर्भर ही नहीं बन रही हैं बल्कि घर की आमदनी को बढ़ाने में भी सहयोग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं मास्टर ट्रेनर के रूप में साथ की महिलाओं को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण भी दे रही हैं। ये महिलाएं गांवों में गोबर और गोमूत्र सहित अन्य अपशिष्ट से खाद बनाने में भी बराबर का कार्य कर रही हैं।

राज्यपाल आज रायबरेली में चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र, दरियापुर में जनपद की प्रगतिशील किसान महिलाओं से संवाद कर रही थीं। उन्होंने रायबरेली की कई महिला किसानों से बारी-बारी से उनकी सक्सेज स्टोरी सुनी कि कैसे उन्होंने अपने-अपने गांवों में अल्प संसाधनों और सरकार के सहयोग से प्राकृतिक खेती तथा अन्य कृषि उत्पादों एवं उपज को बढ़ा कर अपने परिवार की और साथी महिलाओं की आय बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने प्रगतिशील महिला किसानों से उनके कृषि कार्यों के अनुभव सुने। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति को कम आंकने का समय अब जा चुका है और महिलाओं की खेती और किसानी के साथ-साथ ग्रामीण उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन और उसके क्रय विक्रय में नई चुनौतियों को स्वीकार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा और बच्चों का भविष्य ही देश का भविष्य है। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए राज्यपाल ने कहा आर्गेनिक उत्पादों से किसान अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ने राज्यपाल को अवगत कराया कि इस केंद्र ने अपने आसपास के 46 गांवों को गोद लिया है। इन गांवों में पौधारोपण के आधुनिक प्राकृतिक तरीकों को बताया जाता है। केंद्र ने आसपास के किसानों की एक टेलीफोन डॉयरेक्ट्री भी तैयार की है। इन फोन नंबरों पर किसानों को प्राकृतिक खेती के तरीके और खेती से अधिक धन कमाने के तरीके बताए जाते है। इसके साथ ही व्हाट्सएप ग्रुप में इन किसानों को जोड़ कर उन्हें नियमित रूप से नए-नए वैज्ञानिक कृषि प्रयोगों से अवगत कराया जाता है। केन्द्र पर राज्यपाल से महिला किसानों के समूह ने भी भेंट की और उन्हें अपने उत्पादों तथा गृह उद्योगों की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं द्वारा चलाई जा रही पोषण वाटिका के उत्पादों की विशेष जानकारी लेते हुए उन्हें अधिक उत्पादन के लिए उन्नत कृषि तकनीक के उपयोग के लिए केन्द्र से सहायता प्राप्त करने को कहा।

### एएसपी संजय यादव निलंबित, किए गए डीजीपी मुख्यालय से अटैच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने पीटीसी सीतापुर में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के पद पर तैनात संजय यादव को निलंबित कर दिया है। उन्हें डीजीपी मुख्यालय से अटैच किया गया है। गृह विभाग के निर्देश पर संजय यादव के खिलाफ जांच चल रही थी। उनके ऊपर बलिया में अपर पुलिस अधीक्षक रहने के दौरान राजस्थान में घूसखोरी में पकड़े गए अपने आईआरएस भाई शशांक की अवैध मदद करने का आरोप लगा था। दरअसल संजय यादव के छोटे भाई शशांक को कोटा, राजस्थान में एक साल पहले एसीबी ने रिश्वत के 16.32 लाख रुपयों के साथ गिरफ्तार किया था। उन्होंने मिठाई के डिब्बों में 15 लाख रुपए, लैपटाप, बैग व पर्स में 1.32 लाख रुपए रखे हुए थे। शशांक उस वक्त राजस्थान के कोटा में चीफ कंट्रोलर ऑफ फैक्ट्रीज के पद पर जबकि संजय यादव यूपी के बलिया जिले में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। आरोप है कि शशांक ने अपने भाई संजय यादव से मदद मांगी तो उन्होंने उसके बचाव की पुरजोर कोशिश की थी और पुलिस महकमे में अपने पद का लाभ उठाते हुए अधिकारियों पर अवैध दबाव बनाया था।

## बिजली आपूर्ति की प्रभावी व्यवस्था के लिए शिकायतों का तुरंत लें संज्ञान: ऊर्जा मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने निर्देशित किया है कि अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि किसानों के लिए की जा रही विद्युत आपूर्ति में किसी भी स्तर पर कटौती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि कम मानसून के चलते किसानों की फसलों को नुकसान से बचाने के लिए ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को सतर्क रहकर कार्य करना होगा, जिससे कि किसी भी स्तर पर समस्या होने पर तत्काल संज्ञान लिया जा सके।

ऊर्जा मंत्री शुक्रवार को शक्ति भवन में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आगे ले जाने के लिए बिजली का अपना अलग ही महत्वपूर्ण स्थान होगा। पर्याप्त और निर्बाध बिजली प्रदेश को ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगी। प्रदेश को ट्रिपिंग मुक्त, निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिले, इसके लिए अनुरक्षण कार्यों पर विशेष जोर दिया जाए, जहां कहीं पर भी जर्जर एवं ढीले तार हों, उसे तत्काल ठीक किया जाए। खराब पोल को हटाए। ट्रांसफार्मर न जले, इसकी नियमित निगरानी की जाए। ओवरलोड ट्रांसफार्मर, फीडर, उपकेंद्र का मांग के अनुरूप लोड भी बढ़ाया जाए। यह सभी कार्य निरंतर चलते रहना चाहिए। इसमें ढिलाई से विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं इसके सुचारू संचालन में व्यवधान उत्पन्न होगा। शर्मा ने कहा कि विद्युत व्यवस्था सुचारु रूप से बहाल रहे, इसके लिए बिजली खपत के सापेक्ष राजस्व वसूली पर भी ध्यान दें। उपभोक्ताओं को समय पर सही बिल दें। समय से नियमित बिल जमा करने के लिए उन्हें प्रेरित भी करें। ऑनलाइन विद्युत बिल जमा करने पर भी जोर दिया जाए। उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाएं। साथ ही प्रदेश को जल्द ही 24 घंटे बिजली मिले इस पर भी तेजी से कार्य किया जाए।

## हाईकोर्ट में विधायक अब्बास अंसारी की अग्रिम जमानत पर आदेश सुरक्षित

● निचली अदालत कर चुकी है फरारी की उद्घोषणा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**शस्त्र** लाइसेंस फर्जीवाड़ा मामले में मुख्तार अंसारी के बेटे व मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपना आदेश सुरक्षित कर लिया है। शुक्रवार को जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष इस याचिका पर बहस हुई। एकल पीठ के समक्ष मुल्जिम अब्बास की ओर से कहा गया कि वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शूटर है। इसलिए उसे अपने लाइसेंस पर सात असलहा रखने का अधिकार है। यह भी कहा गया कि उसका शस्त्र लाइसेंस स्थानांतरित होने के संदर्भ में दिल्ली के अधिकारियों द्वारा लखनऊ के जिलाधिकारी को पत्राचार किया गया था। लिहाजा यह नहीं कहा जा सकता कि उसने शस्त्र लाइसेंस के स्थानांतरण की बात छिपाई। वहीं अग्रिम जमानत का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि मुल्जिम के पास कुल आठ असलहे बरामद हुए थे। चार हजार से ज्यादा कारतूस भी बरामद हुए थे। कहा गया कि जो असलहे व कारतूस बरामद हुए थेए वे मेटल के थे और जिन्हें स्पोर्ट शूटिंग में प्रयोग नहीं किया जा सकता है। मुल्जिम ने इन असलहों को खरीदने के लिए एक ही लाइसेंस के दो यूआईडी का इस्तेमाल किया। इसका आपराधिक इतिहास भी है। बीते गुरुवार को एमपीएमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मामले में मुल्जिम अब्बास अंसारी के खिलाफ फरारी की उद्घोषणा की थी।

## संभल में एक बार फिर हाथरस जैसी घटना दोहराई गई: कांग्रेस

● दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों को मुआवजा व फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



संभल जिले एक बार फिर उन्नाव और हाथरस जैसी दुष्कर्म की घटना हुई। दुष्कर्म पीड़िता को संभल जिले के चंदौसी क्षेत्र के कुढ़फतेहगढ़ थाने में एफआईआर कराने के बाद 41 दिन तक न्याय नहीं मिला और दुष्कर्म पीड़िता ने अपनी जान दे दी। दुष्कर्म करने वाले चारों आरोपी 41 दिन तक फरार रहे। पीड़िता के जान देने के 12 घंटे के अंदर ही चारों आरोपी गिरफ्तार हो गए। इससे यह स्पष्ट होता है कि चारों आरोपियों को 41 दिन तक गिरफ्तार करने से बचती रही कुढ़फतेहगढ़ थाने की पुलिस। उत्तर प्रदेश पुलिस पर अभी भी योगी सरकार का इकबाल कायम नहीं है।

यह आरोप शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस पार्टी की ओर से लगाए गए। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि दुष्कर्म पीड़िता के जान देने के बाद पुलिस ने हाथरस जैसी आज संवेदनशीलता दिखाई दुष्कर्म पीड़िता के परिवारजन के निवेदन के बावजूद पीड़िता का अंतिम संस्कार रात में कर दिया गया, सुबह तक इंतजार नहीं किया गया। पूरे मामले में एसएसपी ने सिर्फ विवेचना अधिकारी को सस्पेंड किया। थानाध्यक्ष पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। पुलिस के ऐसे ही रवैये से थाने में जाने से डरती हैं दुष्कर्म पीड़िताएं। अधिकांश मां बाप अपनी बच्चियों को स्कूल नहीं भेजते।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी योगी सरकार से मांग करती है कि दुष्कर्म पीड़िता के परिवार जन को न्याय और उचित मुआवजा मिले। दोषियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला ले जाकर त्वरित कार्रवाई का प्रयास कर दोषियों को कठोर से कठोर सजा शीघ्र से शीघ्र दिलाई जाए। अन्यथा कुढ़फ तेहगढ़ थाना के लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### महेंद्र प्रताप सिंह फिर बने आप के प्रदेश मीडिया प्रभारी



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश मीडिया प्रभारी और प्रदेश सह मीडिया प्रभारी की घोषणा की है। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने बताया कि महेंद्र प्रताप सिंह को प्रदेश मीडिया प्रभारी और वैभव जायसवाल को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। महेंद्र प्रताप सिंह को इसके पहले भी प्रभारी बनाया गया था। महेंद्र प्रताप सिंह और वैभव जायसवाल आंदोलन के समय के साथी रहे हैं। महेंद्र प्रताप सिंह ने संगठन में जिला मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता जैसे दायित्वों का निर्वाह बखूबी किया है। शीर्ष नेतृत्व द्वारा दोबारा महेंद्र प्रताप सिंह और वैभव जायसवाल को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी देकर उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दी गईं। महेंद्र प्रताप सिंह और वैभव कुमार जायसवाल ने शीर्ष नेतृत्व का शुक्रिया अदा करते हुए कहा है कि जो जिम्मेदारी दी गई हैं हम उसे पूरी लगन और ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

## जन-समस्याओं के मुद्दे पर प्रसपा करेगी जनांदोलन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि पार्टी जन-समस्याओं के मुद्दे पर शीघ्र ही जनांदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी नीतियां होनी चाहिए जिससे बेरोजगारी कम हो और समृद्धि चंद घरानों तक ही सिमट कर न रह जाए। शिवपाल ने यह बात शुक्रवार को प्रसपा मुख्यालय में समाजवादी नेता भगवती सिंह की जयंती पर अयोजित कार्यक्रम में कही। शिवपाल सिंह ने कहा कि प्रसपा लोहिया, लोकनायक जयप्रकाश, जनेश्वर मिश्र व बाबू भगवती सिंह के विचारों पर चलते हुए सामाजिक न्याय व समाजवाद को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि बाबूजी समाजवाद व सामाजिक न्याय के योद्धा थे । वे प्रसपा को असली समाजवादी पार्टी बनाना चाहते थे। प्रसपा बाबूजी के अधूरे कार्यों को प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेगी। इस मौके पर प्रसपा मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्र ने कहा कि एक तरफ भारत अरबपतियों के मामले में तीसरे स्थान पर जर्मनी, इंग्लैंड व जापान से आगे है तो दूसरी तरफ 22.4 करोड़ आबादी कुपोषित है। प्रतिव्यक्ति आय में हिंदुस्तान 143 देशों से पीछे है। उन्होंने कहा कि प्रसपा ही असली समाजवादी पार्टी है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जय प्रकाश यादव, रघुनन्दन सिंह काका, फरहत मियां, अजय त्रिपाठी मुन्ना, रंजीत यादव, मोहम्मद साउत, पूर्व मंत्री संगीता यादव, प्रो.अल्पना बाजपेई, प्रेम वर्मा, दिनेश यादव, ग्यासुल हक, आशुतोष त्रिपाठी, हरिशंकर यादव, कमर रजा, योगेश पांडे, आलिम खान, शांति यादव, मिथिलेश सिंह, अरविंद यादव, देवीप्रसाद यादव फारुख आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज यूपी में सपना ही रह गया: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं चौपट हैं। जनता स्वास्थ्य विभाग की अव्यवस्थाओं की लगातार शिकार हो रही है। मुख्यमंत्री के ताबड़तोड़ आदेशों-निर्देशों और स्वास्थ्य मंत्री के बार-बार शर्मिंदा होने के बावजूद हालात सुधर नहीं रहे हैं। ऐसी दुर्व्यवस्था पहले कभी नहीं देखी गई।

अखिलेश यादव ने कहा कि कन्नौज के राजकीय मेडिकल कॉलेज में डिप्टी सीएम के निरीक्षण के दौरान पिता को पीठ पर ले जाकर इलाज के लिए बेटा भटकता रहा। सिद्धार्थनगर के जिला अस्पताल में मरीज को स्ट्रेचर ही नहीं मिल सका। गर्भवती महिलाएं वार्ड तक लगभग 100 मीटर पैदल चलने के लिए मजबूर है। भाजपा राज में हालत यह है कि गोण्डा के जिला अस्पताल में जीतेजी बीमार को स्ट्रेचर नहीं मिला। बुजुर्ग की जान गई, बेटे की गोद में दम तोड़ा फिर मृत्यु के बाद शव वाहन भी नहीं मिल सका। सपा अध्यक्ष ने कहा कि रामनगरी के अस्पताल भी रामभरोसे हो गए हैं। अयोध्या में विशेषज्ञ चिकित्सक न होने से दिल के मरीजों का इलाज बाधित है। गोरखपुर का बीबीडी अस्पताल भी खुद असुविधाओं का शिकार है। बेहतरीन इलाज की उम्मीद में प्रयागराज निवासी बलराम यादव अपने किडनी रोग पीड़ित 12 वर्ष के बच्चे को लेकर केजीएमयू आया वहां से उसे लाहिया संस्थान भेज दिया गया। वहां भी इलाज नहीं मिला तो पीजीआई में ओपीडी में दिखाया जहां डाक्टरों ने इलाज में मोटी रकम खर्च होने की बात कही तो निराश पिता वापस प्रयागराज लौट गया। अखिलेश ने कहा कि सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज का सपना उत्तर प्रदेश में सपना ही रह गया है। सरकारी अस्पतालों में बेड, वेंटिलेटर का खेल चल रहा है। मरीज हलकान होकर इधर से उधर भटकते रहते हैं। भाजपा सरकार की संवेदना जागती नहीं है। गरीब सड़क पर मरने को विवश है। मुख्यमंत्री जी के सभी दावे थोथे और खोखले नजर आते हैं।

**सपा ने विधायकों व विधान सभा प्रत्याशियों को सौंपा नगर निकाय चुनाव का जिम्मा**

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से उत्तर प्रदेश के नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के चुनावों की तैयारी के लिए विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 के निर्वाचित विधायक व विधान सभा प्रत्याशी अपने विधान सभा क्षेत्र में नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के पर्यवेक्षक नामित किए गए है।

## योगी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कांग्रेस ने मायूस करने वाला बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भड़काऊ भाषण मामले में कार्रवाई से इनकार करने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने मायूस करने वाला बताया है।

जारी बयान में आलम ने कहा कि आम तौर पर यह धारणा रही है कि अदालत के सामने सभी लोग बराबर होते हैं। कमजोर लोग इसी आस्था से प्रेरित हो कर ताक़तवर लोगों के खिलाफ़ भी अदालत जाने का साहस दिखा पाते हैं। यह धारणा ऐसे फैसलों से कमज़ोर होती है। उन्होंने कहा कि यह और भी दुखद है कि फैसला आने से पहले ही आम लोगों में चर्चा थी कि ऐसा ही फैसला आयेगा। यह स्थिति न्यायपालिका की गरिमा और लोकतंत्र दोनों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

शाहनवाज़ आलम ने अखिलेश यादव की सपा सरकार पर भी इस मामले में योगी आदित्यनाथ को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2015 से 2017 तक इस मामले की जांच ही रोक दी गयी थी।जबकि 2017 में सत्ता में आते ही योगी आदित्यनाथ ने अपने खिलाफ दर्ज सारे मामलों को निरस्त कर दिया था। उन्होंने कहा कि मुसल्मानों को सपा और भाजपा की इस मिलीभगत को समझना चाहिए।

### गोरखपुर में 6.10 एकड़ जमीन पर होगी स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट की स्थापना

**लखनऊ।** जनपद गोरखपुर में स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेन्ट की स्थापना के लिए इस संस्थान का निर्माण कार्य प्रस्तावित किया गया है। भारत सरकार का प्रदेश की राजधानी में मात्र एक इन्स्टीट्यूट ऑफहोटल मैनेजमेन्ट है तथा प्रदेश सरकार का अलीगढ़ में फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट स्थित है। पर्यटन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हास्पिटैलिटी एवं सर्विस सेक्टर में दक्ष मानव संसाधन की आवश्यकता है, जिसके लिए गोरखपुर में एसआईएचएम का निर्माण प्रस्तावित किया गया है।

## फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने फर्जी वेबसाइट और साफ्टवेयर के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह के मास्टरमाइंट को एसटीएफ ने कानपुर से गिरफ्तार कर भारी मात्रा में आधार कार्ड और उन्हें बनाने में प्रयुक्त होने वाले इलेक्ट्रनिक उपकरण बरामद किए हैं।

एसटीएफ को सूचना मिलीी कि फर्जी वेबसाइट व साफ्टवेयर के माध्यम से अनाधिकृत तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले साफ्टवेयर को बाइपास कर फर्जी आधार कार्ड बनाने वाला एक गिरोह कानपुर के बर्रा थाना क्षेत्र में सक्रिय है। इस सूचना पर एसटीएफ लखनऊ की साइबर टीम ने तकनीकी एवं मुखबिर के माध्यम से जानकारी एकत्र करके शुक्रवार को संगठित गिरोह के मास्टरमाइंड अनिल कुमार गौतम निवासी ग्राम व पोस्ट गौरियपुर, थाना कोतवाली अकबरपुर, कानपुर देहात को विश्व बैंक कालोनी गुरुदेव टावर बर्रा से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 8 एटीएम कार्ड, 12 कूटरचित आधार कार्ड, पैनकार्ड, निर्वाचन कार्ड, ईटीवी इंडिया प्रेस कार्ड, मोबाइल फ ोन, चेकबुक, 6 आधार इनरोलमेंट-करेक्शन-अपडेट फार्म,11 सर्टिफिकेट फ ार आधार इनरोलमेंट-अपडेट, तीन रजिस्टर, आठ मोहर, एक लैपटाप, एक फिंगर प्रिंट स्कैनर, एक रेटिना स्कैनर, एक थम्ब स्कैनर, एक लाइव कैमरा, एक जीपीएस डिवाइस और दो प्रिंटर बरामद हुए। पूछताछ मे गिरोह के मास्टरमाइंड अनिल कुमार गौतम ने बताया कि वर्ष-2021 में मैने जीडीजी इंडिया साफ्टवेयर सल्यूशन प्रालि नाम की कम्पनी खोली। जिसकी आड में फर्जी साफ्टवेयर व वेबसाइड के माध्यम से फर्जी तरीके से जनता के व्यक्तियों का आधार कार्ड बनाता हूं। उसने बताया कि मुझे यह वेबसाइट व साफ्टवेयर अमन उर्फ संदीप उर्फ हिमांशू निवासी लखनऊ एवं गुलाम बोस उर्फ पीयूष निवासी झारखण्ड द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। इस वेबसाइट के माध्यम से फ र्जी व कूटरचित आधार कार्ड बनाने व संशोधन करने का कार्य मै अपने लैपटाप के माध्यम से करता हूं। मैं उपरोक्त वेबसाइट व साफ्टवेयर हिमान्शू राज पाण्डेय निवासी कमलनाथ नगर वार्ड नम्बर 23 थाना कोतवाली नगर जनपद बेतिया, बिहार, गुफ रान जावेद निवासी बैगना किशनगंज जिला किशनगंज, बिहार गुलाब पासवान निवासी वार्ड नम्बर एक चॉनन कैण्ट जनपद मधुबनी, बिहार सोनू कुमार साह निवासी मटरिया पश्चिमी चम्पारन बिहार, सत्यप्रकाश सिसोदिया निवासी लखनऊ, आनन्द कुमार मोहन निवासी मुजफ्फरपुर, बिहार, राहुल कुमार निवासी नोएडा, नरेन्द्र कुमार निवासी उन्नाव, और बाबूराम यादव निवासी बस्ती व इनके अतिरिक्त कई अन्य व्यक्तियों को 20 से 30 हजार रूपये में बेच रखा है। मैने एनीडेस्क व टीमव्यूवर के माध्यम से उनके कम्प्यूटर व लैपटाप को रिमोट एक्सेस पर लेकर चाइल्ड इनरोलमेंट व आधार करेक्शन साफ्टवेयर उनके कम्प्यूटर-लैपटाप में लिंक के माध्यम से इंस्टाल किया है। जिसके माध्यम से वह लोग भी आधार कार्ड बनाते है। एसटीएफ के अनुसार गिरोह के अन्य सदस्यों की गतिविधियों व उनके द्वारा फर्जी तरीके से बनाये गये आधार कार्ड के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### लोक निर्माण मंत्री ने परशुराम की जन्मस्थली तक जाने वाली सड़क के चौड़ीकरण के लिए स्वीकृत की धनराशि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने जनपद शाहजहांपुर में तहसील जलालाबाद में परशुराम की जन्मस्थली के लिए मंदिर मार्ग तक सड़क के पुनर्निर्माण एवं सुधार कार्य हेतु धनराशि को स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि परशुराम की जन्मस्थली तक जाने वाले मार्ग का चौड़ीकरण हो जाने से ग्राम सुजाबलपुर संपर्क मार्ग से गोरखनाथ मंदिर होते हुए परशुराम जलाशय तक ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को आवागमन में अत्यधिक सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि परशुराम की जन्मस्थली को भव्य बनाया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जनपद शाहजहांपुर स्थित परशुराम की जन्म स्थली तक पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के सुचारू रूप से आवागमन हेतु कुल 03.50 किलोमीटर की सड़क के पुनर्निर्माण एवं सुधार कार्य हेतु स्वीकृत कुल लागत 226.38 लाख रुपए के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 22.63 लाख रुपए की स्वीकृति दे दी गई है।

## जनता के न्यायाधीश थे एनवी रमना: डॉ राजेश्वर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय बार काउंसिल द्वारा मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में कहा कि एनवी रमना ने सुप्रीम कोर्ट को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण रूप से काम किया। उन्होंने आम आदमी का देश की सुप्रीम कोर्ट और न्याय प्रणाली पर विश्वास को मजबूत किया। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व जॉइंट डायरेक्टर रहे सरोजनीनगर से विधायक डॉ राजेश्वर सिंह सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता भी हैं। समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीजेआई एन.वी.रमना का उच्च न्यायालयों की रिक्तियों को भरने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके सीजेआई रहते देश के विभिन्न हाईकोर्ट में 250 से अधिक और सुप्रीम कोर्ट में 11 न्यायाधीशों की नियुक्ति हुई। एनवी रमना ने महिलाओं के अधिकारों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए। एक मामले में सुनवाई करते हुए एन.वी.रमना ने कहा था कि घर में किसी महिला के काम का मूल्य उसके ऑफिस जाने वाले पति से किसी भी सूरत में कम नहीं है। उनका कहना था कि हमें न्यायपालिका में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि एनवी रमना साढ़े 8 सालों तक सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीश रहे। उन्होंने विभिन्न हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में दो दशकों से अधिक समय तक न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। वह जनता के न्यायाधीश थे, प्रतिष्ठित व अनुभवी होने के बावजूद उन्होंने सभी अधिवक्ताओं के प्रति सदैव सम्मान दिखाया। उन्होंने अदालत के अधिकारियों के कल्याण के लिए कार्य किये।

रिक्खीपुरवा के बक्सोहिया गांव में हुआ था विवाद...

# सीतापुर में विकास भवन के सामने लगे पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे

- जिला पंचायत सदस्य कामरेड अर्जुन लाल पर लगे मुकदमा वापस को लेकर हुआ प्रदर्शन
- विभिन्न संगठनों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के लगाए नारे

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर के** विकास भवन के सामने धरना स्थल पर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे उस समय लगना शुरू हो गए जब जिला पंचायत सदस्य कामरेड अर्जुन लाल पर हरगांव पुलिस ने मुकदमा वापस नहीं लिया। आपको बता दें कि कामरेड अर्जुन लाल रिक्खी पुरवा गांव में हुए विवाद को लेकर थाने पहुंचे थे लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने उनपर ही मुकदमा दर्ज कर दिया और उन्हें जेल भेज दिया जिससे आक्रोशित भारत की कम्युनिष्ट पार्टी सहित किसान संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने भी विकास भवन के सामने धरना दे रहे है। जहां पर भारी पुलिस बल भी मुस्तैद है। आपको बता दे कि भारत की कम्युनिष्ट पार्टी के पदाधिकारी अपनी मांगो को लेकर पहले से ही धरना दे रहे थे। उनकी मांग है कि कामरेड अर्जुनलाल समेत सभी की रिहाई हो और हरगांव थानाध्यक्ष की बर्खास्तगी की जाए तथा दंबग हमलावरों की गिरफ्तारी हो। 14 अगस्त को रिक्खीपुरवा के बक्सोहिया गांव के दबंगो ने गौशाला कर्मचारियों, प्रधान प्रतिनिधि सहित दर्जनभर लोगो की पिटाई की एवं धारधार हंथियार से हमलाकर कर घायल कर दिया था जिसकी रिपोर्ट लिखाने के लिए संगठन के पदाधिकारी गए थे लेकिन थानाध्यक्ष ने उनकी बात नहीं सुनी, जब जिला पंचायत सदस्य कामरेड अर्जुन लाल वहां पहुंचे तो उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और पिटाई कर मुकदमा लिखने के बाद जेल भेज दिया। जिनको रिहा कराने को लेकर कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन कर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगा रहे है। इस मौके पर भाकपा माले की कमला गौतम, शिवप्रकाश सिंह, मीना सिंह कामरेड, विनोद भारती, संगतिन नेत्री ऋचा सिंह, शिवप्रकाश सिंह, पिंदर सिंह, अनिल कुमार, सरोजनी देवी, राजेश साहनी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रीराम कथा महायज्ञ का हुआ अनुष्ठान

**सीतापुर।** ब्लाक कसमण्डा की ग्रामपंचायत महोली के पूर्व प्रधान ब्रजपाल सिंह व उनकी धर्म पत्नी पूर्व प्रधान ग्रामपंचायत महोली सीमा सिंह द्वारा अपने निज निवास महोली मे श्रीराम कथा महायज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया गया जिसकी विशाल कलश यात्रा कसमण्डा राजपरिवार द्वारा बनवाए गए सुप्रसिद्ध प्राचीन मा महोठेरानी मंदिर महोली से पूजा आर्चना करके गाजे बाजे के साथ पैदल, बाइक , चार पहिया बाहनो पर सुरूहोकर कमलापुर , शिवपुरी होते हुए पीरनगर संगम पहुची संगम पर पहुंचकर पंडित अमित भारद्वाज उर्फ राघव बाबा ने सभी श्रद्धालुओं को विधिवत बेद मंत्रो का उच्चारण करके संगम से कलश मे जल भरवाकर कलश यात्रा वापस महोली पहुंचकर यग्य स्थल पर सभी श्राद्धालुवो ने अपने अपने कलस स्थापित किए इस मौकेपर पंकज सिह, अनुराग जयसवाल, ऋषी मिश्रा,.उमग जयसवाल, जयक्रष्ण पाण्डेय, संजय सिंह, आकाश बाबू, रामेन्द्र सिंह , ब्रजेश मिश्रा,आदि सैकणो महिला पुरुष रामभक्त कलस यात्रा मे सम्मिलित हुए।

राष्ट्रीय शैाक महासंघ द्वारा आयोजित था कार्यक्रम...

# कार्यक्रम में 'माननीयों' के न पहुंचने से मायूस हुए 'आयोजक'

- कार्यक्रम में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक थे मुख्य अतिथि, नगर विकास राज्यमंत्री, एमएलसी व विधायकों को भी था पहुंचना

संवाददाता। सीतापुर



**वीवीआईपी के** आगमन के नाम पर भीड़ जुटाने की कोशिशे परवान नहीं चढ़ सकी। एक शिक्षक संगठन की उम्मीदों पर उस समय पानी फिर गया। जब कार्यक्रम में डिप्टी सीएम से लेकर एक भी मंत्री, विधायक, एमएलसी नहीं पहुंचा। आपको बता दें कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने शुक्रवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन शहर के एक गेस्ट हाउस में किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, सीतापुर से भाजपा एमएलसी सेउता विधायक ज्ञान तिवारी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, महोली विधायक शंशाक त्रिवेदी, सिधौली विधायक मनीष रावत को आना था लेकिन इनमे से कोई भी विशिष्ट अतिथि संगोष्ठी में शामिल नहीं हुआ। यहीं नहीं जिलाधिकारी अनुज सिंह और बीएसए अजीत कुमार भी नहीं पहुंचे। इसे लेकर कार्यक्रम में मौजूद लोग दबी जुबान यह कहते सुने गए कि शिक्षक संघ ने जो सोंचा था वह नहीं हो पाया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री भगवती सिंह जरूर शामिल हुए। मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों के न पहुंचने से आयोजको के चेहरे मुरझाए रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक अशोक प्रजापति, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम आयोजक महेश मिश्रा ने कहा कि हर किसी को देश की आजादी के बारे में जानकारी होनी चाहिए। मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक बैरिस्टर ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आजादी दिलाने वाले शहीदों के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर आदित्य मिश्रा, रामचन्द्र मिश्रा, मुरारी लाल श्रीवास्तव, पवन शंकर दीक्षित, निर्मला भार्गव, अंजनी, राजेश वर्मा संगठन मंत्री, राजकुमार, संतोष सिंह, इन्द्रमोहन, सतीश शुक्ला, हबीबुर्रहमान, सकील, धर्मेन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

# चोर को दबोचा, खंभे में बांधकर करने लगे इन्वेस्टिगेशन और फिर...

- पुलिस से उठा भरोसा तो लोगों ने खुद सुरक्षा का संभाला जिम्मा

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**सीतापुर की** कोतवाली लहरपुर इलाके में अपराधों की बाढ़ से जब पुलिस भी पब्लिक को राहत नहीं दिलवा पाई तो अपराधियों से मोर्चा लेने जनता ने खुद आगे आई। रात में पहरेदारी के लिए टोलियां बनाई और मोहल्ले में निगरानी शुरू कर दी। यह तरकीब काम भी आई, लहरपुर नगर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला बागवानी टोला में गुरुवार की रात एक लकड़ी की दुकान में लोगों को कुछ आहट लगी तो उधर पहुंचे, मोहल्ले वालों को देख दो चोर पुराना अस्पताल जबकि एक चोर मेन रोड की ओर भाग निकला। मेन रोड की तरफ भागे चोर का लोगों ने पीछा किया और दिनेश नाग किराना स्टोर के सामने चोर को दबोच लिया। चोर के पास से एक लोहे का बड़ा बेलचा तथा एक टॉर्च बरामद हुई। हांलाकि चोर के दो साथी फरार होने में कामयाब रहे। पहरेदारी के दौरान चोर दबोचने तक के घटनाक्रम ने लहरपुर पुलिस की सक्रियता पर ही सवाल खड़े किए थे, लेकिन उसके बाद जो कुछ हुआ उस घटनाक्रम से कानून का मखौल बनकर रह गया। दरअसल, पकड़े गए चोर को खंभे में बांधकर लोगों ने खुद ही इन्वेस्टिगेशन शुरू कर दी। इस दौरान किसी ने चोर के बाल पकड़कर झटका तो कोई सवालों की बौछार करने में जुट गया। कुछ लोग पिटाई करने पर भी आमादा रहे। काफी देर तक सड़क पर लगी जनता की अदालत में चोर पर आरोप तय किए जाते रहे, जांच पड़ताल कर उसके फरार साथियों की जानकारी जुटाने की कोशिशें होती रहीं। यह सारा घटनाक्रम किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया। आखिर में कुछ जागरूक नागरिकों की सलाह पर पुलिस को सूचना दी गई। नगर चौकी प्रभारी जयप्रकाश यादव अपनी टीम के साथ पहुंच गए और चोर को हिरासत में लेकर लहरपुर कोतवाली ले गए। नगर चौकी प्रभारी जयप्रकाश यादव के मुताबिक पकड़े गए शख्स ने अपना नाम भोला पुत्र राम औतार निवासी मोहल्ला बेहटी बताया है। आरोपी को मेडिकल के लिए भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# बीच सड़क लड़ते सांडो को जब बाबा के बुलडोजर ने हटाया!

- साड़ो की ऐसी भिड़ंत कि दुकानदारों की अटकी रही सांसे, सीतापुर के महमूदाबाद सिधौली मार्ग पर सांडो में हुई जबरदस्त भिड़ंत

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर में** जब बीच सड़क लड़ते सांडो को बाबा के बुलडोजर ने हटाया, बाबा का बुलडोजर अतिक्रमण ही नहीं हटा रहा है अपराधियों में खौफ पैदा कर रहा है, इसकी तस्वीरे सभी ने देखी होगी, लेकिन हम आपको सीतापुर में बाबा के बुलडोजर से बीच सड़क लड़ते सांडो को हटाए जाने की तस्वीर दिखा रहे है। मजेदार बात तो यह है कि जिस महमूदाबाद सिधौली मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के पास लड़ रहे आवारा सांडो को हटाने के लिए बाबा के बुलडोजर को आगे आना पड़ा, इसी इलाके से विधानसभा चुनाव के पूर्व सपा मुखिया अखिलेश यादव ने आवारा सांड के आतंक की एक वीडियो ट्वीट किया था, आई इंडिया के स्क्रीन पर देख सकते है कि किस तरह आवारा सांडों की बीच सड़क पर भिड़त हो रही है, आसपास के दुकानदारों की सांसे अटकी हुई है, कि कहीं लड़ते हुए यह सांड़ उनकी दुकान की तरफ न पहुंच जाए। कुछ लोग चिल्लाते हुए सांडो को अलग करने की कोशिश भी कर रहे है लेकिन उनका कोई जोर चलता नहीं दिखाई दे रहा है, तभी उधर से एक बुलडोजर आता है और लड़ते सांडो को हटाने के लिए क्या करता है।

## क्विक न्यूज

### यूट्यूब चैनल के पत्रकार को मारी गोली, प्रधान सहित 6 पर आरोप

**बरेली।** बरेली में एक ग्राम प्रधान और उसके साथियों पर गांव की टूटी सड़क गंदगी की वीडियो अपलोड करने पर एक पोर्टल न्यूज चौनल में काम करने बाले से रंजिश मानते हुए गोली मारने का आरोप लगाया गया है। घायल का बरेली के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। घटना बीती रात 8रू00 बजे की भुता थाना क्षेत्र के शेखापुर गांव की बताई जा रही है।भुता थाना क्षेत्र के गांव शेखापुर के रहने वाले अनुज सिंह ने भुता गांव के ग्राम प्रधान राकेश शुक्ला और उसके साथियों पर गोली मार देने का आरोप लगाया है। अनुज सिंह का कहना है कि वह एक पत्रकार है और यूट्यूब चौनल के लिए काम करता है। उसने कुछ समय पहले शेखापुर में पड़ने वाली सड़क घोटाले और प्राथमिक विद्यालय की दुर्दशा की वीडियो बनाकर अपने यूट्यूब चौनल पर चलाई थी। आरोप है कि इसके बाद ग्राम प्रधान उससे रंजिश मानने लगा। बीती शाम अनुज सिंह अपने खेत पर था तभी रात 8रू00 बजे ग्राम प्रधान राकेश सिंह अपने साथी रजनीश शुक्ला, सुआ शुक्ला ,अफजल खान ,अनिल सिंह और सुरजीत सिंह के साथ पहुंच गया और उसने अनुज सिंह के गोली मार दी। अनुज का इस वक्त अस्पताल में उपचार चल रहा है।वहीं इस मामले में एसपी ग्रामीण राजकुमार अग्रवाल का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है । अनुज सिंह ने एक वीडियो बनाकर अपलोड किया था आरोप है कि उसी के बाद से ग्राम प्रधान उससे रंजिश मानने लगा ।

### बैगुल नदी में उतराता मिला युवक का शव

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में बृहस्पतिवार को पुलिस ने बैगुल नदी में उतराता एक युवक का शव वरामद किया है।उसकी शनाख्त नही हो पाई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक बैगुल नदी में एक 30 बर्षीय युवक का शव का शव उतराते हुए आ रहा था। नेशनल हाइवे के बैगुल पुल से राहगीरो ने देखकर पुलिस को सूचना दी। जिस पर पहुँची पुलिस नदी में बहते युवक के शव को निकलवाकर जांच पड़ताल की।युवक का शब उलटा वह रहा था।उसके शरीर पर चोटों के निशान थे।पहचान मिटाने के लिए उसके शरीर पर तेजाब डालकर जला दिया गया था। हालांकि पुलिस कई दिन पुरानी लाश होने के कारण शब काला हो जाने की बात कह रही है।

### छात्रों की पिटाई मामले में सहायक अध्यापक निलंबित

**बरेली।** सहायक अध्यापक के द्वारा छात्र को पीटने के आरोप में बीएसए ने की बड़ी कार्यवाही की है।इस मामले में उन्होंने सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया है वहीं दूसरे अध्यापक पर अनुशासनिक कार्रवाई कर शिक्षामित्र से स्पष्टीकरण मांगा गया है।शीशगढ़ थाना क्षेत्र के गांव केसोपुर गुलड़िया के प्राथमिक विद्यालय मे सहायक अध्यापकों के द्वारा 2 छात्र की वेरहमी से पिटाई कर दी गई जिसमें एक कक्षा एक में पढ़ता है जिसकी उम्र 5 साल है और दूसरा चार में पढ़ता है जिसकी उम्र लगभग 7 साल है जिसमें जितेंद्र नाम के छात्र के गम्भीर चोटें आई है और दूसरे छात्र के हल्की-फुल्की चोटें आई हैं वहीं पूरे मामले में पीड़ित के परिवार ने थाना शीशगढ़ में शिकायती पत्र दिया था वहीं बच्चे के पिता दुर्गा प्रसाद ने बताया कि उनके व उनके भाई के बच्चों को सहायक अध्यापक विकास ने बच्चे को डंडो से इतनी बेरहमी से पीटा जिसमें एक बच्चे की पूरी पीठ लाल हो गई और डंडों के निशान बने हुए हैं और अध्यापक ने बच्चों को घर पर बताने पर और पिटाई करने की धमकी दी जिससे कि वह दोनों बच्चे सहमे हुए हैं! जब बेटे की पिटाई के वारे में उनके घर वालों को पता चला तो अध्यापकों से शिकायत करने पर उल्टा उन्होंने जान से मारने की धमकी दे डाली। इस मामले में बीएसए ने विनय कुमार ने कार्यवाही करते हुए सहायक अध्यापक विकास बाबू की निलंबित कर दिया है।वहीं दूसरे अध्यापक अभिषेक पर अनुशासनिक कार्रवाई कर शिक्षामित्र से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### स्वास्थ्य विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर ने किया दौरा

**मोहम्मदी खीरी।** नगर के बसविरवा में मलेरिया से फैली बीमारी और हुई मौतों पर आज उत्तर प्रदेश के स्वास्थ विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर ने बसबिरवा का दौरा किया। गांव में लगे स्वास्थ्य कैंप को देखा। वहीं अधीक्षक मयंक मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। सफाई के लिए भी निर्देश दिए। ग्रामीणों के लिए हालचाल जाना। बोले किसी मरीज को कोई स्वास्थ्य की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सब को तत्काल प्रभाव से जांच व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। गांव में लगभग 40 मलेरिया के मरीज प्रकाश में आए हैं। जिनको घर-घर स्वास्थ विभाग की ओर से दवाइयां वितरित की जा रही है।

# फूल कुमारी बनीं प्रेरण संकुल समिति की अध्यक्ष



- नीलम को मिला सचिव पद

**ढखेरवा-खीरी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकास खंड रमियाबेहड़ में बैरिया क्लस्टर के महक प्रेरणा संकुल स्तरीय समिति के नए पदधिकारियों का चयन किया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए फूलकुमारी को 63 मतों के साथ विजयी घोषित किया गया। साथ ही सीएलएफ की पूर्व अध्यक्ष गुरप्रीत कौर को 7 मत प्राप्त हुए जिन्हें हार का सामना करना पड़ा। साथ ही सचिव पद के लिए नीलम देवी को 44 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद के लिए ममता देवी सुजानपुर को 38 मत प्राप्त हुए। इन दोनों प्रत्याशियों को भी विजयी घोषित किया गया।

# मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में आ रही जागरूकता

- अंधविश्वास व भूत-प्रेत का चक्कर छोड़ इलाज को आगे आ रहे लोग
- मानसिक स्वास्थ्य विभाग में हर माह पहुंच रहे करीब 150 लोग

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**मानसिक तनाव** और अवसाद को भूत प्रेत का साया समझने वालों में अब जागरूकता आई है। अब उनको भलीभांति समझ आ चुका है कि यह भी अन्य बीमारियों की तरह ही एक बीमारी है। समय से इलाज और सलाह से इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। इसी का नतीजा है कि जिला चिकत्सालय मोतीपुर ओयल के कमरा सांख्य.02 में चल रहे मानसिक रोग विभाग में प्रतिदिन 4 से 5 लोग सलाह और इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इस तरह एक माह में 100 से 150 मरीज ऐसे आ रहे है जो कि मानसिक अवस्था को कथित भूत-प्रेत का साया समझते थे। मानसिक रोग विभाग में कार्यरत मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि अंधविश्वास के जाल में फंसकर कई लोग अपने मानसिक स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हैं। तांत्रिकए ओझाओं एवं हकीमों के चक्कर में अपना पैसा बर्बाद करने और बीमारी बढ़ जाने के बाद जब मरीज अस्पताल पहुँचते हैं तो सच्चाई के साथ ही उन्हे अपनी गलती का एहसास होता है। अस्पताल में जांच के बाद उन्हे पता चलता है कि वह वो किसी भूत . प्रेत के साये आदि से नहीं बल्कि अवसादए हिस्टीरियाए डिमेंशियाए सीजोफ्रेनिया जैसे मनोरोगों आदि से पीड़ित हैं। ऐसे मरीजों में अचानक रोनाए फिर हंसना जैसे कई तरह के लक्षण होते हैं। परामर्शदाता देवनंदन श्रीवास्तव ने बताया कि मनोरोगियों को दवाओं के साथ काउंसलिंग की जरूरत पड़ती है। काउंसलिंग के जरिए न सिर्फ मानसिक रोगी के मन के वहम या भ्रम को दूर किया जा सकता हैए बल्कि उन्हें समाज में बेहतर जीवन जीने की दिशा भी मिलती है। वहीं काउंसलिंग मरीज और परिवार के बीच एक बेहतर तालमेल कायम करने बिठाने के लिए भी बेहद जरूरी है।

मनोरोग विशेषज्ञ डा. अखिलेश शुक्ला ने बताया कि जागरूकता का अभाव मरीजों को अंध विश्वास की तरफले जा रहा है। यही कारण है कि लोग भ्रम का शिकार हो रहे हैं। ऐसे लोगों की काउंसलिंग और इलाज जिला अस्पताल मोतीपुर ओयल में किया जा रहा है। इसके साथ ही चिकित्सालय में आने वाले लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उनका कहना है कि तमाम जागरूक नागरिक इसका लाभ भी ले रहे हैं।

# पेज एक का शेष

## पांच दशक...

कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए और प्रदेश स्तर पर क्षेत्रीय दलों के लिए स्थान खाली कर दिया। आजाद ने आरोप लगाया, यह सब इसलिए हुआ क्योंकि बीते आठ वर्षो में नेतृत्व ने एक ऐसे व्यक्ति को पार्टी पर थोपने का प्रयास किया जो गंभीर नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि चापलूसों के संरक्षण में कांग्रेस को चलाया जा रहा है तथा पार्टी देश के वास्ते सही चीजों के लिए संघर्ष करने की अपनी इच्छाशक्ति और क्षमता खो चुकी है। उन्होंने पार्टी में संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को धोखा करार देते हुए कहा कि देश में कहीं भी, पार्टी में किसी भी स्तर पर चुनाव संपन्न नहीं हुए। आजाद ने सोनिया को लिखे पत्र में कहा कि 24 अकबर रोड में बैठे एआईसीसी के चुने हुए पदाधिकारियों को एआईसीसी का संचालन करने वाले छोटे समूह द्वारा तैयार की गई सूचियों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी को भारत जोड़ो यात्रा से पहले कांग्रेस जोड़ो यात्रा निकालनी चाहिए थी। आजाद ने कहा कि दुर्भाग्य से कांग्रेस में स्थिति इस स्तर पर पहुंच गई है कि वापसी का रास्ता नहीं दिख रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी की कमजोरियों पर ध्यान दिलाने के लिए पत्र लिखने वाले 23 नेताओं को अपशब्द कहे गए, उन्हें अपमानित किया गया, नीचा दिखाया गया। आजाद ने दावा किया, दुर्भाग्यवश कांग्रेस में हालात उस स्थिति तक पहुंच गए हैं जहां प्रतिनिधियों को तैयार किया जा रहा है ताकि वे पार्टी का नेतृत्व संभालें। यह प्रयोग विफल होने वाला है क्योंकि कांग्रेस समग्र रूप से नष्ट हो गई है। आजाद ने त्यागपत्र में लिखा कि 2014 में सोनिया गांधी के नेतृत्व में हार और राहुल गांधी के नेतृत्व में 2019 के लोकसभा चुनाव में अपमानजनक पराजय मिली तथा 2014-2022 के बीच कांग्रेस को कुल 49 विधानसभा चुनावों में से 39 चुनावों में हार मिली। गांधी परिवार को निशाने पर लेते हुए आजाद ने कहा कि सोनिया गांधी अब सिर्फ नाममात्र की नेता रह गई हैं, और सारे महत्वपूर्ण निर्णय राहुल गांधी या उनके सुरक्षा गार्ड और निजी सहायकों द्वारा लिए जाते है। राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने संप्रग सरकार के समय राहुल गांधी द्वारा एक अध्यादेश की प्रति फाड़े जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अपरिपक्वता का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण था। उन्होंने कहा, इस बचकाना व्यवहार ने प्रधानमंत्री और भारत सरकार के प्राधिकार को पूरी तरह चोट पहुंचाई। इस एक कदम ने 2014 में संप्रग सरकार की हार में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। आजाद पार्टी के जी23 समूह के प्रमुख सदस्य रहे हैं। हाल ही में उन्होंने जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की चुनाव अभियान समिति के प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया था।

## नए राजनीतिक...

थे। प्रोफेसर हरिओम का मानना है कि यदि आजाद ने विधानसभा चुनाव में अपने पार्टी प्रत्याशी उतारे तो भाजपा को सबसे ज्यादा लाभ होगा। लेकिन प्रोफेसर हरिओम का मानना है कि विधानसभा चुनाव अभी जल्द नहीं होने वाले। उन्होंने कहा कि आजाद को अपनी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। वहीं कांग्रेस की जम्मू-कश्मीर इकाई में विभाजन का पार्टी पर एक अलग असर होगा। चुनाव की तैयारी में जुटी पार्टी के कई वरिष्ठ नेंताओं ने कांग्रेस की जमीन पुख्ता करने के बजाय आजाद को समर्थन देने का फैसला किया है। 2014 विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने जम्मू क्षेत्र में पांच सीटें जीती थीं। मैदानी क्षेत्र जम्मू, सांबा और कथुआ में पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल सकी थी। रेयासी जिले में दो सीटें उसके खाते में आईं थी।

## केजरीवाल ने...

है। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य राज्यों की तरह ही भाजपा आप सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि सीबीआई ने उनके आवास पर छापा मारा, क्योंकि दिल्ली सरकार के अच्छे कामकाज की पूरे विश्व में सराहना की जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने विधानसभा में राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत द्वारा लाए प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह दूसरों के अच्छे कामों को लेकर असुरक्षित महसूस करते हैं। सिसोदिया ने कहा कि सीबीआई के अधिकारियों ने 14 घंटे की छापेमारी के दौरान उनके और यहां तक कि उनके बच्चों के कपड़ों की भी तलाशी ली, लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। वे राज्य सरकारों को गिराने के लिए जितने प्रयास कर रहे हैं, इसके बदले उन्हें स्कूलों तथा अस्पतालों के निर्माण के लिए मेहनत करनी चाहिए।

## आप की...

दावा करती रही है कि उसने अपने नीतियो और कार्यक्रमों से दिल्ली में शिक्षा क्षेत्र का कायाकल्प किया है। ठाकुर ने कहा कि उनकी बातों में किताब है लेकिन कर्मों में केवल शराब है।

## पूर्वी लद्दाख...

ने बड़ी संख्या में प्रौद्योगिकीय रूप से आधुनिक, अत्याधुनिक टैंक शामिल किए हैं और मध्यम से लेकर हल्के टैंक तक को मिश्रित रूप से तैनात किया है। सूत्र ने कहा कि ऊंचाई वाले स्थानों पर अपेक्षाकृत हल्के टैंक की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी जो मौजूदा टैंक के समान ही सक्षम हों। ये टैंक प्रोजेक्ट जोरावर के तहत हासिल किए जाएंगे। इसका नामकरण जोरावर सिंह के नाम पर किया गया है जिन्होंने जम्मू के राजा गुलाब सिंह के तहत एक सैन्य जनरल के रूप में सेवा दी थी। उन्होंने कहा कि मिसाइल दागने की क्षमता, ड्रोन रोधी उपकरण, चेतावनी प्रणाली और शक्ति एवं वजन का अनुपात इस टैंक को बहुत फुर्तीला बनाएगा।

## हेट स्पीच...

उसे अभियोग चलाने की मंजूरी देने से इनकार करने का निर्णय लेने की प्रक्रिया या जांच में कोई प्रक्रियात्मक त्रुटि नहीं मिली है। तत्कालीन सांसद आदित्यनाथ और कई अन्य लोगों के खिलाफ दो समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने के आरोप में गोरखपुर के एक पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थीण् यह आरोप लगाया गया था कि आदित्यनाथ द्वारा कथित रूप से नफरत फैलाने वाला भाषण देने के बाद गोरखपुर में उसी दिन हिंसा की कई घटनाएं हुईं।

## मुफ्त उपहार...

कहा कि उसके समक्ष तर्क रखा गया कि एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु सरकार एवं अन्य के मामले में शीर्ष अदालत के दो-न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिए गए 2013 के फैसले पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, इसमें शामिल मुद्दों की जटिलताओं एवं सुब्रमण्यम बालाजी मामले में इस अदालत के दो न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिए गए फैसले को रद्द करने के अनुरोध को देखते हुए, हम याचिकाओं के इस समूह को प्रधान न्यायाधीश का आदेश मिलने के बाद तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश देते हैं। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को कहा कि चार सप्ताह बाद इन याचिकाओं को सूचीबद्ध किया जाएगा। न्यायालय ने 2013 के अपने फैसले में कहा था कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 में निर्धारित मापदंडों की समीक्षा करने और उन पर विचार करने के बाद, वह इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को धारा 123 के तहत भ्रष्ट आचरण नहीं कहा जा सकता। पीठ ने कहा, आखिरकार, ऐसा प्रतीत होता है कि राजनीतिक दलों द्वारा उठाए गए मुद्दों को किसी भी आदेश को पारित करने से पहले व्यापक सुनवाई की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि इन याचिकाओं में उठाए गए सवाल राजनीतिक दलों द्वारा अपने चुनावी घोषणापत्र के हिस्से के रूप में या चुनावी भाषणों के दौरान मुफ्त उपहार बांटने के वादे से संबंधित हैं। न्यायालय ने आगे कहा कि याचिकाकर्ताओं की मुख्य दलील यह है कि इस तरह के चुनावी वादों का राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है और इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है। पीठ ने कहा, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हमारे जैसे चुनावी लोकतंत्र में, सच्ची शक्ति अंततः मतदाताओं के पास होती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मतदाता ही तय करता है कि कौन सी पार्टी या उम्मीदवार सत्ता में आएगा और वे विधाई कार्यकाल के अंत में उक्त पार्टी या उम्मीदवार के प्रदर्शन का भी आकलन करते हैं।न्यायालय ने बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान कहा था कि राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त उपहार देने की प्रथा से संबंधित गंभीर मुद्दे पर विचार होना चाहिए। पीठ ने पूछा था कि केंद्र इस मामले पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुला सकता। पीठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिकाओं पर विचार कर रही थी, जिसमें चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा इस तरह के वादों का विरोध किया गया है। याचिकाकर्ता की मांग है कि चुनाव आयोग ऐसे दलों के चुनाव चिह्न जब्त करने और उनका पंजीकरण रद्द करने की अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करे। शीर्ष अदालत ने 23 अगस्त को मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि सभी राजनीतिक दल मुफ्त उपहार के पक्ष में हैं और इस वजह से इससे निपटने का न्यायिक प्रयास किया गया है। पीठ ने कहा था, मैं कह सकता हूं कि इस मुद्दे पर भाजपा सहित सभी राजनीतिक दल एक ओर हैं।

# लंबित मामले बड़ी चुनौती: प्रधान न्यायाधीश



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण ने शुक्रवार को लंबित मामलों को एक बड़ी चुनौती करार दिया। उन्होंने उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के लिए मामलों को सूचीबद्ध करने के मुद्दे पर अधिक ध्यान न दे पाने को लेकर खेद भी व्यक्त किया। भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति रमण का कार्यकाल शुक्रवार को समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि लंबित मुद्दों के बढ़ते बोझ का समाधान खोजने के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों और कृत्रिम मेधा (आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस) का इस्तेमाल किए जाने की जरूरत है। औपचारिक पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति रमण ने कहा, हालांकि, हमने कुछ मॉड्यूल विकसित करने की कोशिश की, लेकिन अनुकूलता और सुरक्षा मुद्दों के कारण हम ज्यादा प्रगति नहीं कर सके। कोविड-19 महामारी के दौरान अदालतों का कामकाज जारी रखना प्राथमिकता थी और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की तरह हम बाजार से सीधे तकनीकी उपकरण नहीं खरीद सकते। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, हमें इस तथ्य को स्वीकार करना होगा कि लंबित मामले हमारे लिए एक बड़ी चुनौती हैं। मैं यह स्वीकार करता हूं कि मामलों को सौंपने और सूचीबद्ध करने के मुद्दों पर मैं ज्यादा ध्यान नहीं दे सका। मुझे इस पर खेद है। हम रोजाना सामने आने वाली समस्याओं से निपटने में ही व्यस्त रहते हैं। हाल ही में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सुप्रीम कोर्ट बार एसो. (एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष दुष्यंत दवे ने कहा था कि प्रधान न्यायाधीश के पास मामले सौंपने और सूचीबद्ध करने की शक्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शीर्ष अदालत में मामलों को सूचीबद्ध करने के लिए एक पूर्ण रूप से स्वचालित प्रणाली विकसित करने की मांग की थी। दवे ने उच्चतम न्यायालय में अपने मामलों को सूचीबद्ध कराने में युवा अधिवक्ताओं के सामने पेश आने वाली समस्याओं का हवाला दिया था। शुक्रवार को अपने पहले विदाई संबोधन में न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि न्यायपालिका की जरूरतें बाकियों से अलग हैं और जब तक बार पूरे दिल से सहयोग करने को तैयार नहीं होता, तब तक जरूरी बदलाव लाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, पेशे से जुड़ने वाले कनिष्ठ अपने वरिष्ठों को आदर्श के रूप में देखते हैं। मैं सभी वरिष्ठों से आग्रह करता हूं कि वे सही राह पर चलने के लिए उनका मार्गदर्शन करें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका समय के साथ विकसित हुई है और इसे किसी एक आदेश या निर्णय से परिभाषित नहीं किया जा सकता या आंका नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक संस्था की विश्वसनीयता की रक्षा नहीं की जाती, तब तक अदालत का एक कर्मचारी होने के नाते किसी व्यक्ति को लोगों और समाज से सम्मान नहीं मिल सकता। 24 अप्रैल 2021 को प्रधान न्यायाधीश बनने वाले न्यायमूर्ति रमण ने कहा, आइए, हम सभी आम आदमी को शीघ्र और किफायती न्याय दिलाने की प्रक्रिया से जुड़ी चर्चा और संवाद में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि वह संस्था के विकास में योगदान देने वाले न तो पहले शख्स हैं और न ही आखिरी होंगे। प्रधान न्यायाधीश के मुताबिक, लोग आएंगे-जाएंगे, लेकिन संस्था हमेशा बनी रहेगी। मैं अपने सभी सहयोगियों और बार सदस्यों का उनके सक्रिय समर्थन व सहयोग के लिए आभार जताता हूं। मुझे निश्चित रूप से आप सभी की कमी खलेगी। धन्यवाद। अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति रमण के कार्यकाल में उच्च न्यायालयों में 224 रिक्तियां भरी गईं, जबकि न्यायाधिकरणों में सौ से अधिक सदस्यों की नियुक्ति की गई। वेणुगोपाल ने न्यायमूर्ति रमण की उपलब्धियों को उल्लेखनीय करार दिया और कहा कि उनके कार्यकाल में रिक्तियां भरी गईं तथा पहली बार शीर्ष अदालत ने 34 न्यायाधीशों की पूरी क्षमता के साथ काम किया।

# छह सौ भ्रष्ट अधिकारियों पर अभियोग चलाने के लिए 171 मामले मंजूरी के वास्ते लंबित

**नई दिल्ली।** सीवीसी की ताजा रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि भ्रष्टाचार के आरोपी 600 से ज्यादा अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन के वास्ते 171 मामले विभिन्न सरकारी विभागों की मंजूरी के लिए लंबित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से सबसे ज्यादा 65 मामले ऐसे हैं, जिनमें वित्तीय सेवा विभाग के 325 अधिकारी आरोपी हैं। सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क विभाग के 67 अधिकारियों के विरुद्ध 12 मामले, रेलवे मंत्रालय के 30 अधिकारियों के विरुद्ध 11 मामले और रक्षा मंत्रालय के 19 अधिकारियों के विरुद्ध आठ मामले दर्ज हैं।

इन मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 दिसंबर 2021 तक, 15 अधिकारियों पर अभियोग चलाने की मंजूरी के वास्ते उत्तर प्रदेश सरकार के पास आठ मामले लंबित थे। रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में आठ अधिकारियों के विरुद्ध छह मामले थे। रिपोर्ट के अनुसार, जम्मू-कश्मीर सरकार के पास आठ अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा चलाने के वास्ते ऐसे पांच मामले और दिल्ली सरकार के पास 36 अधिकारियों के विरुद्ध चार मामले लंबित हैं।

कोयला मंत्रालय को भ्रष्टाचार के आरोपी 11 अधिकारियों के विरुद्ध चार मामलों में मंजूरी देना बाकी है, जबकि शिक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय में तीन-तीन ऐसे मामले लंबित हैं। सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट-2021 में यह जानकारी दी गई है। आयकर विभाग, आवासीय और शहरी मामलों के मंत्रालय तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में भी तीन-तीन मामले मंजूरी के लिए लंबित हैं। आयोग द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत विभिन्न संगठनों के लिए अभियोजन के वास्ते लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा की जाती है।



नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तंजानिया की रक्षामंत्री से हाथ मिलाकर गर्मजोशी से किया स्वागत।

## भाजपा नेता सोमैया ने आदित्य ठाकरे और असलम शेख पर स्टूडियो घोटाले में शामिल रहने का आरोप लगाया

**मुंबई।** भाजपा के नेता किरीट सोमैया ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मुंबई के पूर्व प्रभारी मंत्री और शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे तथा कांग्रेस नेता असलम शेख 1000 करोड़ रुपए के स्टूडियो घोटाले में शामिल रहे हैं। सोमैया ने आरोप लगाया कि दोनों मुंबई के उत्तरी मलाड उपनगर के एक इलाके में तटीय नियमन क्षेत्रों (सीआरजेड) का उल्लंघन करते हुए एक फिल्म स्टूडियो के निर्माण में शामिल थे। भाजपा नेता ने आज अधिकारियों के साथ इस स्थान का दौरा किया।

## इंडिया इन्वेस्टर पर्सनेलिटी रिपोर्ट जारी

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े म्युचुअल फंड ऐप्स में से एक और सबसे तेज़ी से विकसित होते इन्वेस्टमेन्ट अडवाइज़री प्लेटफॉर्म ईटी मनी ने हाल ही में अपनी एक्सक्लुज़िव रिपोर्ट इंडिया इन्वेस्टर पर्सनेलिटी रिपोर्ट 2022 जारी की है, जिसमें लाखों निवेशकों की सोच और उनके विचारों पर रोशनी डाली गई है। इनवेस्टर पर्सनेलिटी असेसमेन्ट फीचर के द्वारा इन रूझानों का आकलन किया गया है, जो चार मानको, रिस्क टॉलरेन्स, लॉस एवर्ज़न, फाइनैंशियल मास्टरीऔर ओवरकॉन्फिडेन्स लैवल जोखिम सहने की क्षमता, नुकसान को कम करनाए वित्तीय महारत और ज़्यादा आत्मविश्वास के आधार पर निवेशक यानि इन्वेस्टर का मूल्यांकन करता है और निवेश के बारे में उनकी सोच का अनुमान लगाता है। यह मूल्यांकन निवेशक को आठ अनूठे इन्वेस्टर पर्सनेलिटी टैग्स देता हैए जो निवेश के प्रकार पर निर्भर करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार ज़्यादातर भारतीय निवेशक स्ट्रैटेजाइज़र-35 फीसदी होते हैं। यह निवेशकों का ऐसा प्रकार है जो जोखिम की गणना करके ही एक्शन लेते हैं। इसके बाद 31 फीसदी निवेशक एक्स्प्लोरर होते हैंए जो स्मार्ट हैं और कभी-कभी ज़्यादा आत्मविश्वास के साथ जोखिम लेने की क्षमता रखते हैं।

## ठेकेदारों के कमीशन के आरोपों के बीच कुमारस्वामी ने सरकारी ठेकों का बहिष्कार करने की अपील की

**मैसुरु।** लोक निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लिए जाने के ठेकेदारों के आरोपों के बीच जनता दल-सेकुलर (जेडीएस) के नेता एच डी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को उनसे अनुरोध किया कि भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए छह महीने तक सरकारी निविदाओं का बहिष्कार करें। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों राष्ट्रीय दल प्रतिशत के कारोबार में लगे हैं और चुनावों तथा पार्टियों के खर्चों के लिए इस धन का इस्तेमाल किया जाता है। कुमारस्वामी ने कहा, मैं ठेकेदारों के संगठन के पदाधिकारियों से अनुरोध करता हूं कि छह महीने तक सरकारी निविदाओं का बहिष्कार करें। देखें क्या होता है। आपको यह व्यवस्था (कमीशन) बंद करनी चाहिए क्योंकि यह राज्य की जनता के साथ धोखाधड़ी के समान है और आपकी अपनी जिंदगी तबाह कर रहा है।

## मुंबई पुलिस को सोमालिया जैसे हमले से बचने की सलाह देने वाला संदेश मिला

**मुंबई।** मुंबई पुलिस के यातायात हेल्पलाइन नंबर पर एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से एक व्हाट्सऐप संदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें उसे भारत में सोमालिया जैसे हमले से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यातायात हेल्पलाइन नंबर पर पिछले सप्ताह कई संदेश प्राप्त हुए थे, जिनमें शहर में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले जैसा एक और हमला किए जाने की धमकी दी गई थी। अधिकारी ने बताया कि नए संदेश में कोई धमकी नहीं दी गई, लेकिन पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ये संदेश कहां से आए हैं। सोमालिया की राजधानी मोगादिशु स्थित हयात होटल पर अल-शबाब समूह ने हाल में हमला किया था। बहरहाल, संदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इसमें अफ्रीकी देश में हुए किस हमले का जिक्र किया गया है।

# आजाद से पहले भी कई नेता कह चुके है कांग्रेस को अलविदा

**भाषा।** नई दिल्ली

**चुनावी हार** और दरकते जनाधार के बीच अब तक सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही कांग्रेस के लिए मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं और पार्टी से नेताओं के पलायन का सिलसिला जारी है। इस क्रम में नया नाम गुलाम नबी आजाद का है जिन्होंने करीब पांच दशक के बाद कांग्रेस को अलविदा कह दिया। इस साल मई में उदयपुर चिंतन शिविर के दौरान संगठन के भीतर बड़े सुधारों की घोषणा के बाद भी नेताओं का पलायन नहीं थमा। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ होने से पहले आजाद ने शुक्रवार को इस्तीफ दे दिया। आजाद से पहले कपिल सिब्बल और अश्विनी कुमार जैसे नेताओं ने पार्टी का साथ छोड़ा था। कुछ महीनों पहले हार्दिक पटेल और सुनील जाखड़ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आरपीएन सिंह ने कांग्रेस को अलविदा कहा था। उनसे पहले जितिन प्रसाद ने भाजपा का दामन थामा था और वह फिलहाल उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। पिछले कुछ वर्षों में कांग्रेस छोड़ने वाले कई प्रमुख नेताओं में कई नाम ऐसे हैं जो कभी राहुल गांधी की युवा ब्रिगेड का हिस्सा माने जाते थे। राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले प्रमुख युवा नेताओं के पार्टी छोड़ने का सिलसिला मार्च, 2020 में उस समय हुआ जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस को अलविदा कह भाजपा का दामन थाम लिया। नतीजा यह हुआ कि मध्य प्रदेश में 15 साल के बाद बनी कांग्रेस की सरकार 15 महीनों में ही सत्ता से बाहर हो गई। पिछले साल ही महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुष्मिता देव कांग्रेस को छोड़कर तृणमूल कांग्रेस के पाले में चली गईं। इससे पहले झारखंड में अजय कुमार, हरियाणा में अशोक तंवर और त्रिपुरा में प्रद्युत देव बर्मन जैसे युवा नेताओं ने कांग्रेस को अलविदा कह दिया था। अजय कुमार की अब कांग्रेस में वापसी हो चुकी है। कांग्रेस ने संगठन के समक्ष खड़ी इस चुनौती और अन्य चुनौतियों से निपटने के लिए बड़े सुधारों की तरफ कदम भी बढ़ाया है। पार्टी के एक नेता ने कहा, इस समय कांग्रेस की विचारधारा के प्रति समर्पित हर नेता और कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि वह पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करे। सोनिया गांधी जी ने उदयपुर नवसंकल्प शिविर में सही कहा था कि अब कर्ज उतारने का समय है। इसी भावना को ध्यान में रखकर काम करना होगा।

## केरल के कान्वेंट में नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण, चार गिरफ्तार

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण केरल में एक कान्वेंट में घुसकर चार नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ग्रामीण इलाके में स्थित ननरी (ननों के रहने की जगह) के पास पुलिस के रात्रि गश्ती दल ने एक दिन पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों के धार्मिक संस्थान में घुसने के मकसद का खुलासा हुआ। आरोपियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर, एक महिला पुलिस अधिकारी ने कान्वेंट में जाकर नाबालिग लड़कियों का बयान दर्ज किया जिसमें पता चला कि उनका पिछले कुछ दिनों से यौन शोषण किया जा रहा था। पीड़िताओं के बयान के आधार पर दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों पर यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) और भारतीय दंड संहिता की धारा 460 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



नई दिल्ली में भारत का पहला स्वदेश निर्मित विमान आईएनएस विक्रांत।

# मै घर पर हूं, सीबीआई का लुकआउट नोटिस मुझे बदनाम करने की कोशिश: भट्टाचार्य

**कोलकाता।** प. बंगाल में प्राथमिक विद्यालय शिक्षक भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में विधायक माणिक भट्टाचार्य के खिलाफ सीबीआई द्वारा लुकआउट नोटिस जारी किए जाने के एक दिन बाद तृणमूल नेता ने कहा कि वह शहर में अपने आवास में हैं और जांच एजेंसी के साथ सहयोग कर रहे हैं। राज्य प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भट्टाचार्य ने कहा कि लुकआउट नोटिस उन्हें बदनाम करने की कोशिश है। उन्होंने एक बांग्ला समाचार चैनल से कहा, मैं न तो बच कर भागा हूं और न ही कहीं गया हूं। मैं यादवपुर में अपने आवास में हूं। मैं नहीं जानता कि मेरे खिलाफ लुकआउट नोटिस क्यों जारी किया गया। मैंने जांच को लेकर सीबीआई के साथ हमेशा सहयोग किया है और मैं भविष्य में भी ऐसा ही करता रहूंगा। भट्टाचार्य ने कहा, ऐसा लगता है कि मुझे बदनाम करने के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया गया। मुझे नहीं पता कि संशय की यह स्थिति क्यों पैदा की जा रही है।

सीबीआई ने एक अधिकारी ने बताया था कि जांच एजेंसी ने भट्टाचार्य के अपने आवास पर नहीं मिलने के बाद बृहस्पतिवार को उनके विरुद्ध लुकआउट नोटिस जारी किया था। नादिया जिले के पलाशीपाड़ा के विधायक भट्टाचार्य से पहले ईडी ने पूछताछ की थी। ईडी इस मामले में इस बात का पता लगा रहा है कि धन किन-किन हाथोंा रास्तों से गुजरा है। एजेंसी ने इन अनियमितताओं के सिलसिले में इस माह के प्रारंभ में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के पूर्व सलाहकार डॉ. शांति प्रसाद सिन्हा और उनके पूर्व सचिव अशोक कुमार साहा को गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने जुलाई में इस घोटाले में पैसों के लेन-देन का पता लगाने के लिए पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार किया था। इस घोटाले की जांच के सिलसिले में बुधवार को सिलीगुड़ी में उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय के कुलपति सुवीरेश भट्टाचार्य के कार्यालय भी पर छापा मारा था।

## आजाद ने मजबूरी में दिया इस्तीफा, कांग्रेस डूबा हुआ जहाज: जम्मू एवं कश्मीर भाजपा अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भाजपा की जम्मू एवं कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रवींद्र रैना ने शुक्रवार को दावा किया कि वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद को मजबूर होकर कांग्रेस से इस्तीफा देना पड़ा क्योंकि पार्टी में उनका अपमान हो रहा था। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में कांग्रेस को डूबा हुआ जहाज बताया और कहा, आजाद का इस्तीफा दर्शाता है कि कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है और यह एक रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित होती है। यह इस सच्चाई को भी स्थापित करता है कि कांग्रेस सिर्फ एक परिवार की चिंता करती है और वहां दूसरों के लिए कोई स्थान नहीं है। आजाद ने करीब पांच दशकों के बाद शुक्रवार को यह दावा करते हुए पार्टी को अलविदा कह दिया कि देश का सबसे पुराना दल अब समग्र रूप से नष्ट हो चुका है तथा नेतृत्व आतंरिक चुनाव के नाम पर धोखा दे रहा है। रैना ने कहा कि आजाद ने दशकों तक कांग्रेस की सेवा की और उसके लिए खून व पसीना बहाया।

# घुसपैठ करने की कोशिश में मारे गए आतंकी के पास से मिला चीनी हथियार: सेना

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर** के उरी में नियंत्रण रेखा के पास बृहस्पतिवार को एक घुसपैठ रोधी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया और उनके पास से चीन में निर्मित एक एम-16 राइफलें बरामद की गई है। सेना ने इस राइफल की बरामदगी को असामान्य घटना बताया है। सेना ने कहा कि उरी के कमलकोट क्षेत्र में मारे गए पाकिस्तानी आतंकवादियों के पास से ए के श्रेणी के दो हथियार, एक चीनी एम-16 राइफल और गोलाबारूद बरामद किए गए।

सेना की 19 इन्फेंट्री डिवीजन के प्रमुख मेजर जनरल अजय चांदपुरी ने बारामुला में संवाददाताओं से कहा, आमतौर पर हमें एके श्रेणी के हथियार मिलते हैं और कभी-कभार एम-4 राइफलें भी बरामद होती हैं। यह एम-16 चीन में निर्मित नौ मिलीमीटर कैलिबर का हथियार है। यह एक असामान्य बात है। उन्होंने कहा कि ऐसा कहना जल्दबाजी होगी कि पाकिस्तानी फौज और चीनी सेना के बीच कोई संभावित साठगांठ है। मेजर जनरल चांदपुरी ने कहा, इसके बड़े परिप्रेक्ष्य को लेकर अटकलें लगाना जल्दबाजी होगी। इसलिए मुझे लगता है कि हमें जांच करने की जरूरत है।

नियंत्रण रेखा के उस पार स्थित आतंकवादियों की संख्या पर मेजर जनरल चांदपुरी ने कहा कि कई सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर, 100-200 आतंकवादी घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे हैं और वे नियंत्रण रेखा के पास 15-20 ठिकानों पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा, संघर्ष विराम से दोनों तरफ के लोगों को फायदा मिला है वहीं, आतंकी ठिकानों पर आतंकवादियों की मौजूदगी और घुसपैठ करने का उनका प्रयास जारी है।

## एनआईआईटी यूनिवर्सिटी का संबोधन आज

**बंगलुरू।** ज्ञान समाज के उभरते क्षेत्रों में हायर एजुकेशन और लर्निंग में इनोवेशन लाने की दृष्टि से स्थापित भविष्य की यूनिवर्सिटी एनआईआईटी यूनिवर्सिटी एनयू स्ट्रेस और वेलबींग पर शहर में शिक्षकों को संबोधित करेंगे। 27 अगस्त को लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। सेशन में एनयू और यूनिवर्सिटी द्वारा पेश किए जाने वाले विभिन्न न्यू एज प्रोग्राम का ओवरव्यू भी देगा जो समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं और छात्रों को सुरक्षित भविष्य वाला करियर बनाने में मदद करते हैं। टेक्नोलॉजी के आगमन और हाई प्रेशर वाले जीवन के साथ, तनाव बढ़ गया है। एक निश्चित स्तर तक तनाव अच्छा है लेकिन अगर यह सीमा से परे चला जाता है, तो यह हमारे दैनिक जीवन में तबाही मचा सकता है। यह सही तरीके से सोचने और प्रभावी ढंग से कार्य करने की हमारी क्षमता को कम करता है। कोविड के बाद,तनाव मानव जीवन के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बन गया है। एनयू में एसोसिएट प्रोफेसर और एक मनोवैज्ञानिक डॉ. रितु डंगवाल, शिक्षकों को तनाव को समझने और इससे निपटने के लिए कुछ रणनीतियों को साझा करने में मदद करेंगी। एनयू में एडमिशन और इंडस्ट्री लेड प्रोग्राम की हेड मोनिशा टंडन द्वारा शिक्षकों को यूनिवर्सिटी और इसके विभिन्न न्यू एज प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# पुलिस ने मीरवाइज उमर फारूक को नमाज के लिए घर से निकलने से रोका

**भाषा।** श्रीनगर

**पुलिस** ने शुक्रवार को हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को यहां ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए अपने घर से निकलने से रोक दिया। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिन पहले उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा था कि मीरवाइज नजरबंद नहीं हैं। मीरवाइज का वाहन जैसे ही उनके आवास के मुख्य द्वार पर पहुंचा, दो पुलिस अधिकारियों ने इसे रोक दिया और उनसे आवास के अंदर जाने को कहा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से पूछा, उपराज्यपाल ने घोषणा की है कि मैं एक आजाद व्यक्ति हूं...मैं मीरवाइज के तौर पर अपने धार्मिक कर्तव्यों के निर्वहन के लिए जामिया मस्जिद जा रहा हूं। मुझे रोका क्यों जा रहा?

इस पर, एक अधिकारी ने जवाब दिया कि सुरक्षा समीक्षा की जा रही है, जिसके चलते उन्हें बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। मीरवाइज ने कहा कि नागरिक के तौर पर उनके अधिकार छीने जा रहे हैं, जबकि उपराज्यपाल ने एक स्पष्ट बयान दिया था कि उनकी आवाजाही पर कोई पाबंदी नहीं है। मीरवाइज ने अपने आवास के मुख्य द्वार से बाहर निकलने कोशिश की, लेकिन दो अधिकारियों के साथ मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया।

मीरवाइज ने कहा, कृपया मुझे लिखित में दीजिए कि मुझे क्यों रोका जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने संसद में कहा था कि कश्मीर में कोई भी नजरबंद नहीं है। उपराज्यपाल ने इसी तर्ज पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया को बयान दिए, लेकिन आप यहां मुझे रोकने आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार दावा कर रही है कि कश्मीर में सबकुछ सामान्य हो गया है और लोग खुश हैं। उन्होंने अपने आवास के अंदर लौटने से पहले कहा, मैं लोगों की खुशी में शरीक होना चाहता हूं। आप मुझे क्यों रोक रहे हैं? सिन्हा ने पिछले हफ्ते बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि मीरवाइज नजरबंद नहीं हैं और उनके आसपास मौजूद पुलिसकर्मी सिर्फ उनकी सुरक्षा के लिए हैं।

## आरएसएस की कठपुतली है कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई : सिद्दरमैया

**मैसुरु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्दरमैया ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के हाथों की कठपुतली बताते हुए एक अक्षम व्यक्ति करार दिया है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मौजूदा सरकार गैरकानूनी है क्योंकि यह राज्य के लोगों द्वारा वैध रूप से नहीं चुनी गई थी बल्कि भाजपा के ऑपरेशन कमल के माध्यम से सत्ता में आई थी। सिद्दरमैया ने कहा, हमारे पास एक अक्षम मुख्यमंत्री हैं, जो आरएसएस के हाथों की कठपुतली बन गए हैं। राज्य में कोई सरकार नहीं है और कोई शासन नहीं है, जैसा कि मंत्री मधुस्वामी ने खुद कहा है। हाल ही में टेलीफोन पर बातचीत के दौरान मधुस्वामी की कथित टिप्पणी कि सरकार काम नहीं कर रही है, हम किसी तरह से सरकार चला रहे हैं लीक होने के बाद वायरल हो गई थी, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को काफी शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी। कर्नाटक विस में विपक्ष के नेता सिद्दारमैया ने यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए राज्य ठेकेदार संघ द्वारा सरकार के खिलाफ 40 प्रतिशत कमीशन लेने के आरोप के संदर्भ में कहा कि जब कोई आरोप लगे हैं तो जांच होनी चाहिए।

# तेलंगाना को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**तेलंगाना** को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के कार्यान्वयन के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में इकोनॉमिक टाइम्स द्वारा आयोजित डिजी-टेक कॉन्क्लेव-2022 के तीसरे संस्करण में राज्य के आईटी, उद्योग व नगर प्रशासन मंत्री केटी रामाराव ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। राजधानी दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में अपने संबोधन में तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री केटी रामाराव ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने यह व्यवस्था लागू कर दी है कि किसी भी प्रकार के उद्योग लगाने के लिए सभी विभागों से 15 दिनों के भीतर उद्यमी को सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र मिल जाते हैं। यही वजह है कि देश भर में इज ऑफ डूइंग बिजनेस में तेलंगाना पहले स्थान पर है। कंपनियां दो सप्ताह में सभी प्रकार की जरूरी अनुमति लेकर अपनी पसंद का व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। यदि ऐसा नहीं होता है तो 16वें दिन कंपनी को अनुमति दी गई मानी जाती है। इसके लिए किसी भी सिफारिश की कोई आवश्यकता नहीं है। समारोह में जयेश रंजन, आईटी और उद्योग विभाग के विशेष मुख्य सचिव और डॉ. गौरव उप्पल भी उपस्थित थे।




## कर्नाटक सरकार ने टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ की घोषणा की

**बेंगलुरु।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस बीएसई 532540,एनएसई और कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी और सायंस एंड टेक्नॉलॉजी डिपार्टमेंट ने घोषणा की है कि टीसीएस रूरल आईटी क्विज़ के 23 वें संस्करण में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन्स भारत भर में शुरू हो चुके हैं। बेंगलुरु टेक समिट 2022 के एक हिस्से के रूप में इस क्विज़ का आयोजन किया जाएगा। इस क्विज़ में ऑनलाइन टेस्ट्सए और वर्चुअल और फिजिकल क्विज़ शोज़ भी होंगे। छोटे शहरों और ज़िलों के आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को इसमें हिस्सा लेने के लिए बढ़ावा दिया जाता है। शहर निगम की सीमाओं के भीतर के स्कूलों के छात्र इसमें हिस्सा नहीं ले सकते। इस क्विज़ में विभिन्न क्षेत्रों और पहलुओं में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिनमें प्रौद्योगिकी पर्यावरण, कारोबार,लोगए नए रुझान और लेजेंड्स शामिल हैं।

# जयशंकर ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज से की मुलाकात

**भाषा।** ब्यूनस आयर्स



**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज से मुलाकात की और व्यापार संबंधों को अधिक टिकाऊएवं महत्वाकांक्षी बनाने के तरीकों सहित रक्षा तथा परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग की संभावना पर चर्चा की। जयशंकर अपनी तीन लैटिन अमेरिकी देशों की पहली आधिकारिक यात्रा के अंतिम चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना पहुंचे। जयशंकर ने वित्त मंत्री सर्जियो मस्सा से भी मुलाकात की और उनके साथ आर्थिक सहयोग पर चर्चा की। जयशंकर ने ट्वीट किया, अर्जेंटीना के वित्त मंत्री सर्जियो मस्सा से मिलकर काफी खुशी हुई। हमारे आर्थिक सहयोग में विस्तार को लेकर उनके सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना करता हूं। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज से मुलाकात के बाद जयशंकर ने कहा, मेरा स्वागत करने के लिए राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज का धन्यवाद। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया है। दोनों नेताओं ने व्यापार संबंधों को अधिक टिकाऊ एवं महत्वाकांक्षी बनाने सहित द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने वैश्विक दक्षिण और हमारे द्विपक्षीय संबंधों के दृष्टिकोण से ऊर्जा तथा खाद्य सुरक्षा को लेकर भी विचार साझा किए। दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा क्षेत्र की संभावनाओं पर भी बातचीत की। जयशंकर ब्राजील, पराग्वे और अर्जेंटीना की आधिकारिक यात्रा पर हैं। यह दक्षिण अमेरिका की उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है।

## अमेरिका के केंटुकी प्रांत में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, दो घायल

**भाषा।** हेंडरसन (अमेरिका)

**अमेरिका** के पश्चिमी केंटुकी में पुरुषों के एक आश्रय गृह में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। हेंडरसन पुलिस विभाग ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि हार्बर हाउस क्रिश्चियन सेंटर में एक शूटर के होने की सूचना पर अधिकारियों ने बृहस्पतिवार शाम को कार्रवाई की। हेंडरसन शहर के आयुक्त रॉबर्ट प्रुइट ने इंडियाना के इवांसविले में द कूरियर एंड प्रेस को बताया कि गोलीबारी शाम लगभग सात बजकर 40 मिनट पर हुई और उस समय लगभग 15 लोग केंद्र के अंदर थे। पुलिस ने संदिग्ध की पहचान हेंडरसन के केनेथ बी. गिब्स के रूप में की और कहा कि उसे हिरासत में ले लिया गया है।

# फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों के बारे में दिए बयान को लेकर फंसी ट्रस

**भाषा।** लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री पद की दौड़ में पूर्व वित्त मंत्री रिषी सुनक से आगे चल रहीं लिज ट्रस फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के बारे में की गई अपनी टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को विवादों में घिर गईं। विदेश मंत्री ट्रस ने कहा था कि मैक्रों ब्रिटेन के दोस्त हैं या दुश्मन इस बारे में अभी फैसला होना है और यदि वह प्रधानमंत्री बनती हैं तो मैक्रों के बारे में निर्णय उनके काम के आधार पर करेंगी, बयानों के आधार पर नहीं। वह बृहस्पतिवार शाम को नॉरविक में एक समारोह में पूछे गए सवालों का जवाब दे रही थीं और इसी सवाल के जवाब में सुनक ने जवाब दिया कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति मित्र हैं और वह पहले कह चुके हैं कि यदि वह बोरिस जॉनसन के उत्तराधिकारी बनते हैं तो यूरोप के साथ ब्रिटेन के संबंधों को दुरुस्त करना चाहेंगे। पूर्वी इंग्लैंड में आयोजित समारोह में ट्रस से पूछा गया कि क्या फ्रांसीसी राष्ट्रपति दोस्त हैं या दुश्मन हैं। इस पर उन्होंने जवाब दिया था, अभी फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा, अगर मैं प्रधानमंत्री बनती हूं तो मैं उन्हें उनके बारे में काम देखकर निर्णय लूंगी, बयानों के आधार पर नहीं। विपक्षी लेबर पार्टी ने ट्रस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बयान को ब्रिटेन के सबसे करीबी देशों में से एक के अपमान के रूप में देखा जाएगा। ट्रस की पार्टी के सदस्यों ने भी सोशल मीडिया पर उनकी टिप्पणियों की आलोचना की। पूर्व विदेश मंत्री एलिस्टेयर बर्ट ने कहा कि ट्रस ने गंभीर चूक की है और उन्हें अधिक कूटनीतिक रुख रखना चाहिए।

## अमेरिका : टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी महिलाओं पर हमला करने के आरोप में एक महिला गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास में चार भारतीय-अमेरिकी महिलाओं के एक समूह के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया मंचों पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। वीडियो में आरोपी महिला कथित तौर पर अपशब्द बोलती और भारतीय-अमेरिकी महिलाओं को भारत वापस जाने के लिए कहती नजर आ रही है। घटना बुधवार रात टेक्सास के डलास में एक पार्किंग में हुई थी। आरोपी महिला वीडियो में खुद को मैक्सिकन-अमेरिकी बताती और भारतीय-अमेरिकी महिलाओं के समूह पर हमला करती दिख रही है। महिला वीडियो में मैं तुम भारतीय से नफरत करती हूं। ए सभी भारतीय अमेरिका इसलिए आते हैं क्योंकि वे एक बेहतर जिंदगी चाहते हैं कहती नजर आ रही है। मैक्सिकन-अमेरिकी महिला की पहचान प्लानो की एस्मेराल्डा अप्टन के तौर पर हुई है। सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करने वाले ने एक व्यक्ति ने लिखा, यह घटना टेक्सास के डलास में मेरी मां और उनकी तीन दोस्तों के साथ हुई। वीडियो साझा करने वाले व्यक्ति की मां को वीडियो में मैक्सिकन-अमेरिकी महिला का विरोध करते हुए और नस्लीय गाली नहीं देने का अनुरोध करते हुए देखा जा सकता है।

## हमलों में नागरिकों को हताहत होने से बचाने के लिए नया केंद्र स्थापित करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** पेंटागन अगले साल एक नया केंद्र स्थापित करेगा, जिसका उद्देश्य बेहतर प्रशिक्षण और अधिक निगरानी के माध्यम से दुनिया के विभिन्न देशों में सैन्य अभियानों के दौरान हमले शुरू होने से पहले नागरिकों को हताहत होने से बचाना है। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के निर्देश पर बृहस्पतिवार को जारी की गई योजना पिछले अगस्त में काबुल में अमेरिकी हवाई हमले को लेकर हुई व्यापक आलोचना के बाद सामने आई है। अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के अंतिम चरण में हुए इस हमले में 10 नागरिक मारे गए थे। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि नए नागरिक सुरक्षा केंद्र के विकास और अन्य सुधारों पर प्रति वर्ष कई करोड़ डॉलर खर्च किए जाएंगे तथा इस योजना में लगभग 150 कर्मचारी शामिल होंगे। केंद्र एक अक्टूबर 2023 से शुरू होगा और 2025 तक पूरी तरह से काम करने लगेगा।

## कोविड-19 विवाद के कारण अमेरिका ने चीनी एयरलाइन की उड़ानों को निलंबित किया

**बीजिंग।** वायरस रोधी नियंत्रणों को लेकर विवाद में बीजिंग द्वारा अमेरिकी कंपनियों की उड़ान निलंबित किए जाने के बाद अमेरिका की सरकार ने अमेरिका से चीन के लिए चीनी एयरलाइंस की 26 उड़ानों को निलंबित कर दिया है। परिवहन विभाग ने बृहस्पतिवार को शिकायत की कि बीजिंग ने एक हवाई यात्रा समझौते का उल्लंघन किया और एयरलाइनों के साथ एक ऐसी प्रणाली के तहत गलत व्यवहार किया, जिसके लिए यात्रियों को कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण करने पर उड़ानों को निलंबित करने की आवश्यकता होती है।परिवहन विभाग के मुताबिक, अमेरिकी नियामकों ने न्यूयॉर्क शहर से एयर चाइना लिमिटेड की सात उड़ानों और लॉस एंजिलिस से एयर चाइना, चाइना इस्टर्न एयरलाइंस लिमिटेड, चाइना सदर्न एयरलाइंस लिमिटेड और शियामन एयरलाइंस लिमिटेड की कुल 19 उड़ानों को स्थगित किया है।

# तहव्वुर को भारत प्रत्यर्पित करने से जुड़ा मामला करीब एक साल से लंबित

**● मुंबई 26-11 हमला**

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी संघीय** अदालत में पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने से जुड़ा मामला करीब एक साल से लंबित पड़ा है। राणा 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के मामले में वांछित है। इन आतंकवादी हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोग मारे गए थे और 200 से अधिक लोग घायल हो गए थे। भारत ने उसे भगोड़ा घोषित किया है। लॉस एंजिलिस में कैलिफोर्निया की जिला अदालत की न्यायाधीश जैकलीन चुलजियान ने इस मामले पर आखिरी सुनवाई जून 2021 में की थी और इस संबंध में आखिरी बार दस्तावेज 15 जुलाई को दाखिल किए गए थे। अब एक साल से अधिक समय बीत चुका है और अदालत ने राणा को भारत में प्रत्यर्पित करने के अमेरिकी सरकार के अनुरोध पर अभी तक फैसला नहीं किया है। तब से अदालत ने इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है। अमेरिकी सरकार ने राणा को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध करते हुए कहा था कि भारत ने राणा के प्रत्यर्पण अनुरोध में प्रत्एक आपराधिक आरोपों को लेकर पर्याप्त सबूत दिए हैं। राणा मुंबई आतंकवादी हमले में कथित भूमिका के चलते वांछित है और भारत ने उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है। राणा लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली का बचपन का दोस्त है। पाकिस्तानी मूल का 60 वर्षीय अमेरिकी नागरिक हेडली 2008 के मुंबई हमलों की साजिश रचने में शामिल था। वह मामले में गवाह बन गया था और वर्तमान में हमले में अपनी भूमिका के लिए अमेरिका में 35 साल जेल की सजा काट रहा है और उसने ही राणा के खिलाफ गवाही दी है। राणा के वकील ने प्रत्यर्पण का विरोध किया है।

## ऑस्ट्रेलिया पुलिस ने लगभग दो टन मादक पदार्थ जब्त किया

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने पश्चिम एशिया से सिडनी भेजा गया 1.8 मीट्रिक टन मेथमफेटामाइन (मेथ) बरामद किया है, जिसे मार्बल टाइल्स में छिपाकर रखा गया था। पुलिस का कहना है कि यह ऑस्ट्रेलिया में अब तक हुई अवैध मादक पदार्थ की सबसे बड़ी बरामदगी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि इस महीने पोर्ट बॉटनी पहुंचे 24 कंटेनरों से 748 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ, जिसके बाद तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले, बीते सप्ताह उसी बंदरगाह पर पहुंचे 19 कंटेनरों में 1,060 किलोग्राम मेथ बरामद किया गया था। मादक पदार्थ जिन कंटेनरों में छिपाया गया था, वे संयुक्त अरब अमीरात से भेजे गए थे। पुलिस का अनुमान है कि इतनी बड़ी मात्रा में पाए गए मादक पदार्थ की कीमत एक अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा है। इससे पता चलता है कि ऑस्ट्रेलिया में इन पदार्थों का सेवन करने वाले लोग अन्य देशों की तुलना में इसकी कितनी बड़ी कीमत चुकाते हैं। इस बरामदगी की गूंज मादक पदार्थ की आपूर्ति करने वाले कई लोगों को हफ्तों सुनाई देगी।

# वैश्विक व्यवस्था के लिए खतरा बन रहे हैं चीन और रूस: ताइवान

**भाषा।** ताइपे



**ताइवान** की राष्ट्रपति ने शुक्रवार को कहा कि बीजिंग द्वारा ताइवान के पास बड़े स्तर पर सैन्य अभ्यास करने और यूक्रेन पर मॉस्को के हमले के जरिए चीन और रूस वैश्विक व्यवस्था को बिगाड़ना और खतरे में डालना चाहते हैं। राष्ट्रपति साई इंग वेन ने अमेरिका की सीनेटर मार्शा ब्लैकबर्न के साथ ताइपे में हुई एक बैठक के दौरान यह बात कही। अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की इस महीने हुई यात्रा के बाद ब्लैकबर्न की यह दूसरी ताइवान यात्रा है। पेलोसी की इस यात्रा को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए चीन ने ताइवान द्वीप के पास सैन्य अभ्यास किया जिसमें कई मिसाइलें दागी गई और दर्जनों युद्धपोत तथा युद्धक विमानों ने हिस्सा लिया। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और जरूरत पड़ने पर सैन्य बल से उस पर नियंत्रण करने की इच्छा रखता है। बीजिंग ने रूस के साथ अपना गठजोड़ को भी मजबूत किया है और यूक्रेन पर उसके हमले का मौन समर्थन भी किया है। साई ने कहा, इन घटनाक्रमों से पता चलता है कि किस तरह निरंकुश शासन वाले देश विश्व व्यवस्था के लिए खतरा बन गए हैं। अमेरिका के टेनेसी से रिपब्लिकन पार्टी की सीनेटर ब्लैकबर्न ने दोनों सरकारों के बीच साझा मूल्यों को दोहराया और कहा कि वह ताइवान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में समर्थन करने के लिए काम करना जारी रखेंगी।

## आईएईए के अधिकारी अगले सप्ताह कर सकते हैं जपोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र का दौरा

**कीव।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के अधिकारी अस्थाई रूप से बंद हो गए जपोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र का अगले हफ्ते दौरा कर सकते हैं। बीती रात इस इलाके में और गोलाबारी हुई। यूक्रेन के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र की एक ट्रांसमिशन लाइन आग से नष्ट होने के कारण बृहस्पतिवार को क्षेत्र में बिजली नहीं थी और देश में परमाणु हादसा होने का खतरा बढ़ गया। गौरतलब है कि देश में 1986 में हुआ चेर्नोबिल परमाणु हादसा अब भी लोगों को डरा रहा है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Bhawan Bhardwaj is the owner of First Floor, without roof rights part of Property bearing MPL No. WZ-298, built on Plot of No. S-9-10 out of Khasra No. 293-700, 798-801, Situated in the area of Village Tihar, Delhi State Delhi vide a Relinquishment Deed dated 31.03.2021 (Doc No. 7614) All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph: 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**Public Notice**

Notice is hereby given to the General public that Mr. Diwan Nandlal Sawhney was absolute owner of Apartment No. C4B172 located in Wing B on 17th Floor, having super area of 124.77 Sq. Mrs. (1343 Sq. Ft.) alongwith Parking Space(s) No. 4BB107 (Open/Covered) in the Multi-storeyed Building No. 4 known as "DLF Carlton Estate" constructed on Plot of land area measuring 5.428 Acres, Situated in the revenue estate of Villages Wazirabad, and located in Group Housing in the residential colony known as DLF City (earlier known as DLF Qutab Enclave Complex), Phase-V, Gurgaon(Haryana),vide Conveyance Deed dated 27.04.2005, Document No. 1962 and Unfortunately, Mr. Diwan Nandlal Sawhney expired and after his death Mrs. Farida became the owner of above said property vide Will dated 22.09.2016 executed by Mr. Diwan Nandlal Sawhney. Now, Mrs. Farida is intending to sell the above said property to Mr. Vikram Mehta vide Sale Deed. Further Mr. Vikram Mehta is mortgaging the above said property to Axis Finance Limited in case anyone has any objection, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Northex Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

Public notice to be known to all that I, Purushotam Samraj S/o Late Shri Daniel Samraj & Late Smt. J. Samraj R/o DDA MIG Flat No. J-8, Third Floor, Bhim Nagri Safdarjung Development Area, New Delhi-110016, is the Mutatee/owners of DDA MIG Flat No. J-8, Third Floor, Bhim Nagri Safdarjung Development Area, New Delhi 110016, has applied conversion of aforesaid property from lease hold to free hold in DDA. The original (1) Allotment Letter (2) Possession Slip issued by DDA of the above said flat have been lost an FIR/NCR NO. LR. 725773/2022, Date 25th August 2022.
Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9654048054, within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform or write to

Dy. Director ( LAB(H)
MIG, D-Block, Third Floor, or
Director LAB(H)
MIG, DDA Vikas Sadan INA New Delhi-110023.

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that **S Manjit Singh claims** to be owner and in possession of **Entire Third Floor with Roof Rightsof Property No.4, on Road No. 66 at Punjabi Bagh (West), N.D.-26 (hereinafter called the said property)** by virtue ofTwo Reg. Relinquishment Deed/s Dated 15.04.2010 and 16.04.2010 r/w reg. gift deed executed by Kartar Kaur on 07.02.2011 vide doc no. 966 , Initially S Inder Singh and Kartar Kaur was the Owner of said property and after the death ofS Inder Singh , the entire property is transferred to S Manjit Singh as aforesaid and now Said S Manjit Singh has agreed to sell the said Property to **HARJINDER SINGH AND KUNWAR SINGH** And Said **HARJINDER SINGH AND KUNWAR SINGH** has agreed to create a mortgage in favour of our clients, **IDFC FIRST BANK LTD , ITO Branch , New Delhi**
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/ registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **10 days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan against the said property and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

Vishal Diwan (Advocate)
For Diwan and Company LLP
Advocates and Solicitors
House No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi –110019
Mobile No. 9818399999

## कोटक ने एसआईपीए एसटीपी और एसडब्ल्यूपी की शुरुआत की

नोएडा। कोटक म्यूचुअल फंड ने सभी निवेशकों के लिए एसआईपी , एसटीपी , और एसडब्ल्यूपी के लिए अपनी स्मार्ट सुविधा के शुभारंभ की घोषणा की। यह सुविधा एसआईपी, एसटीपी, एसडब्ल्यूपी के पारंपरिक तरीके को एक कदम आगे ले जाती हैए जिसमें निवेशकों की किस्त एसआईपी ,एसटीपी के मामले में या निकासी एसडब्ल्यूपी के मामले में बाजार के मूल्यांकन के आधार पर अलग.अलग होती है। यह नई सुविधा सभी असीमित अवधि वाली योजनाओं, इक्विटी इंडेक्स फंड्स और कोटक इक्विटी हाइब्रिड फंड के लिए उपलब्ध है। इस अवसर पर नीलेश शाह ग्रुप प्रेसिडेंट एवं एमडीए कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनीए ने कहा कि इक्विटी के मूल्यांकन पर आधारित साधनों की तलाश कर रहे सभी निवेशकों के लिए बेहद मददगार साबित होगी।

## पियर टू पियर इन्वेस्टमेंट से होगा अधिक लाभ

मुंबई। लेनदेनक्लब ने उत्तर प्रदेश में फिक्स्ड मैच्योरिटी पियर-टू-पियर इन्वेस्टमेंट प्लान लॉन्च किया। भारत के सबसे बड़े पी2पी लेंडिंग प्लेटफॉर्म लेनदेनक्लब ने आज उत्तर प्रदेश में फिक्स्ड मैच्योरिटी पियर टू पियर प्लानष् एफएमपीपी पेश किया। यह नए दौर का एक ऐसा टम आधारित पियर टू पियर प्लान है जो न्यूनतम 10,000 प्रति निवेश के साथ निवेशकों को 10.12 प्रतिशत प्रति वर्ष तक का स्थिर उच्च रिटर्न प्रदान करता है। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 23 के अंत तक उत्तर प्रदेश में अपने मौजूदा निवेशक आधार को दोगुना करना है। लेनदेनक्लब आरबीआई, अनुमोदित एनबीएफसी. पी2पी है जो 20 लाख से अधिक निवेशकों को सेवा प्रदान करता है। कंपनी ने फिक्स्ड मैच्योरिटी पी2पी इन्वेस्टमेंट प्लान को इस तरह से डिजाइन किया है कि इसमें निवेश की गई राशि को उधारकर्ताओं के एक विशाल पूल में हाइपर, डाइवर्सिफ़ ाय किया जाता है। एफएमपीपी के लॉन्च पर लेनदेनक्लब के को-फाउंडर और सीईओ भाविन पटेल ने कहा कि हमने उत्तर प्रदेश में ऐसे निवेशकों की संख्या में स्थिर वृद्धि देखी है जो निवेश के दूसरे विकल्पों में निवेश करने के इच्छुक हैं। वैकल्पिक परिसंपत्ति वर्गों के इस युग में एक अग्रणीए ग्राहक.प्रथम निवेश पेशकश है।

# कर चोरी रोकने को अर्थव्यवस्था के नए क्षेत्रों तक आईटी ने बनाई पहुंच: सीबीडीटी प्रमुख

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय प्रत्यक्ष** कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा है कि आयकर विभाग कर चोरी पर लगाम लगाने के लिए अर्थव्यवस्था के नए क्षेत्रों में दस्तक दे रहा है और विदेशों में संपत्तियां रखने वाले भारतीयों के बारे में आंकड़ों के विश्लेषण का तरीका अपना रहा है। आयकर विभाग का नियंत्रक संगठन सीबीडीटी कर चोरी की घटनाएं रोकने के लिए देश भर में तलाशी अभियान और संदिग्ध संपत्तियों को जब्त करने की कार्वाई चलाता है। इसके अलावा वह प्रत्यक्ष कर श्रेणी के तहत सरकार के लिए राजस्व का संग्रह भी करता है। सीबीडीटी के चेयरमैन ने एक परिचर्चा के दौरान कहा कि अब अर्थव्यवस्था के नए क्षेत्रों को भी निगरानी की जद में लाया गया है। उन्होंने कहा, हम खुद को सिर्फ रियल एस्टेट या डेवलपरों तक ही सीमित नहीं रख रहे हैं। अब हम अर्थव्यवस्था के नए इलाकों एवं नए क्षेत्रों तक दस्तक दे रहे हैं। इनमें परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनियां, गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़ी गतिविधियां भी शामिल हैं। कर चोरी की नई प्रवृत्तियों के बारे में पूछे जाने पर गुप्ता ने कहा,मैं यह कह सकता हूं कि हमारा फलक काफी विस्तृत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत को विभिन्न देशों से साझा रिपोर्टिंग मानकों (सीआरएस) और विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम (एफएटीसीए) के जरिए भारतीय नागरिकों की विदेशी परिसंपत्तियों के आंकड़े बड़े पैमाने पर मिल रहे हैं। सीआरएस वित्तीय खाता सूचना के स्वचालित आदान-प्रदान की एक वैश्विक मानक

### बैंकों के लिए नए टीडीएस प्रावधानों पर जल्द ही स्पष्टीकरण परिपत्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड जल्द ही विभिन्न पक्षों, विशेष रूप से बैंकों के लिए नए टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) प्रावधानों के लागू होने की प्रक्रियाओं को स्पष्ट करने के लिए एक परिपत्र जारी करेगा। ए टीडीएस प्रावधान किसी व्यवसाय या पेशे में मिले लाभ या पूर्व शर्तों से संबंधित है। सीबीडीटी के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा कि बोर्ड इस विषय पर एक आधिकारिक परिपत्र जारी करेगा, जिसमे एकमुश्त निपटान (ओटीएस) जैसे मुद्दे शामिल है, जिनका सामना बैंक कर रहे है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) आयकर विभाग के लिए नीतियां बनाता है।

## विमानन क्षेत्र के नियामकों में मानव संसाधन, क्षमता बढ़ाने पर काम कर रहे : सिंधिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**नागर विमानन** मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि देश का नागर विमानन क्षेत्र आगामी वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा। इस अनुमान के साथ सरकार क्षेत्र के नियामकों नागर विमानन महानिदेशालय और नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो में मानव संसाधन और क्षमताएं बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। डीजीसीए क्षेत्र में बचाव संबंधी पहलुओं पर ध्यान देता है जबकि सुरक्षा संबंधी जिम्मेदारी बीसीएए के पास है। दोनों ही नियामक पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। मेरा काम बचाव और सुरक्षा दोनों पहलुओं के लिहाज से जवाबदेही सुनिश्चित करना है। नागर विमानन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विस्तार को देखते हुए यह और आवश्यक हो गया है कि हम डीजीसीए और बीसीएएस में मानव संसाधन और क्षमता दोनों को बढ़ाएं। मैं इस पर काम कर रहा हूं। आने वाले वर्षों में भारत में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 40 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं भारतीय विमानन कंपनियों के पास विमानों की संख्या भी बढ़कर 1,200 होने और हवाईअड्डों, हेलीपोर्ट और वॉटरड्रोम (जल क्षेत्र में विमान उतारने और उडान भरने की जगह) की संख्या बढ़कर 220 होने का अनुमान है।

### एयर इंडिया के कर्मचारियों के वेतन में कटौती एक सितंबर से होगी बंद

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी की वजह से कर्मचारियों के वेतन में जो कटौती की जा रही थी वह अब एक सितंबर से बंद कर दी जाएगी। इससे एयरलाइन के कर्मचारियो को महामारी से पहले तक जो वेतन मिलता था अब वही वेतन उन्हें एक सितंबर से मिलने लगेगा। टाटा समूह ने इस वर्ष जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया। एयरलाइन ने एक सितंबर से क्रू सदस्यो के भत्तो और भोजन व्यवस्था मे संशोधन करने का भी निर्णय किया है। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने कर्मचारियो को भेजे संदेश मे कहा कि एयरलाइन सभी कर्मचारियो के वेतन मे की जा रही कटौती एक सितंबर 2022 से बंद कर देगी।

## सीतारमण ने अमेरिका के उप वित्त मंत्री से मुलाकात की, वैश्विक अर्थव्यवस्था पर चर्चा

**भाषा।** नई दिल्ली

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने अमेरिका के उप वित्त मंत्री वैली अडेएमो से शुक्रवार को मुलाकात की और वैश्विक अर्थव्यवस्था एवं वित्तीय क्षेत्र के मुद्दों पर उनके साथ बातचीत की। वित्त मंत्रालय ने ट्विटर पर लिखा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अमेरिकी उप वित्त मंत्री वैली अडेएमो ने 2023 में भारत की जी20 की अध्यक्षता के बारे में बात की और भारत-अमेरिकी साझेदारी को बढ़ाने के लिए किन क्षेत्रों में सहयोग किया जा सकता है इस बारे में भी चर्चा की।

भारत अगले वर्ष जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

# सजग रुख के बीच सेंसेक्स, निफ्टी में रही मजबूती

**● साप्ताहिक आधार पर नुकसान**

**भाषा।** मुंबई



**घरेलू शेयर** बाजार में शुक्रवार को मामूली तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक लाभ में रहा। वैश्विक स्तर पर ज्यादातर बाजारों में मजबूत रुख के बीच कारोबार के अंतिम पलों में उतार-चढ़ाव हावी रहने से कारोबार के दौरान बनी तेजी जाती रही।वैश्विक निवेशकों को अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल के सालाना जैक्सन होल संगोष्ठी में संबोधन का इंतजार है। ऐसी संभावना है कि वह अपने संबोधन में नीतिगत रुख को लेकर चीजें साफ करेंगे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 59.15 अंक यानी 0.10 प्रतिशत चढ़कर 58,833.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 546.93 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 36.45 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,558.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स शेयरों में एनटीपीसी में सबसे अधिक 2.80 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा, टाइटन, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, डॉ. रेड्डीज और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। इनमें 1.92 प्रतिशत तक की गिरावट रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व के प्रमुख की टिप्पणी से पहले निवेशकों में भरोसे की कमी दिखी और उन्होंने सतर्क रुख अपनाया और बिकवाली की। निवेशकों को महंगाई को काबू में लाने के लिए फेडरल रिजर्व की तरफ से नीतिगत मोर्चे पर रुख का इंतजार है...। उन्होंने कहा कि सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर धातु और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) शेयरों के खंड में तेजी रही।

## अडाणी समूह ने शेयर आवंटन के लिए सेबी की मंजूरी को आवश्यक बताने की एनडीटीवी की दलील खारिज की

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने शुक्रवार को एनडीटीवी की इस दलील को खारिज किया कि उसकी प्रवर्तक इकाई आरआरपीआर लिमिटेड में हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के लिए बाजार सेबी की मंजूरी जरूरी है। प्रवर्तक इकाई नियामक के उस आदेश का हिस्सा नहीं है जिसमें एनडीटीवी के प्रवर्तकों प्रणय रॉय और राधिका रॉय के प्रतिभूति बाजार में कारोबार करने पर रोक लगाई गई थी। एनडीटीवी ने शेयर बाजार को बताया था कि अडाणी समूह की फर्म विश्वप्रधान कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के लिए एनडीटीवी की प्रवर्तक इकाई आरआरपीआर लिमिटेड में हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी जरूरी है।

**PUBLIC NOTICE**

Be it known that my clients (1) **RAJESH KUMAR PURI** S/o Late Shri Gulzari Lal Puri (2) **NISHA PURI** W/o Shri Rajesh Kumar Puri both R/o 204, First Floor, Vaishali, Pitampura, Delhi-110034, have **disowned and severed all their relation** with their son namely **Mr. ANKIT PURI**, his wife **Mrs. BHARTI PURI** and Grandsons (1) **JEEHAN PURI** & (2) **NISHKARSH PURI.**
That my clients have debarred all the four above named persons from their movable and immovable properties / assets due to the mis-behaviours of their son & daughter-in-law.
Any body dealing with them in any matter (socially / monetary etc) shall be doing at his/her/their Own risk, Cost and responsibility and my clients will not be responsible for their any act.

PARKASH CHAND, Advocate
Enrolment No. D-9065/2019
Chamber No. 914, 9th Floor, Lawyers
Chamber, Rohini Court Complex, Delhi-85

**PUBLIC NOTICE**

My Clients, Sh. Dharmendra S/o Late Sh. Jagram and Sh. Rajesh Kumar S/o Late Sh. Jagram, who are the registered owners of Property Bearing No. RZ-7-M, (Old Plot No. 559), Land Measuring 100 Sq. Yds., Out of Khasra 97/1, situated in the area of village Sagarpur, Delhi State, Abadi known as Gali No. 3, Main Sagarpur, New Delhi-110046 vide Registered Relinquishment Deed dated 04.05.2022 Registration No. 2287 executed by 1. Sh. Balwan Singh S/o Late Jagram 2. Smt. Neelam D/o Late Jagram 3. Smt. Promila Devi W/o Late Sh. Krishan Kumar 4. Sh. Nitish Kumar S/o Late Sh. Krishan Kumar 5. Sh. Nagesh Kumar S/o Late Sh. Krishan Kumar in favour of Sh. Dharmendra S/o Late Sh. Jagram and Sh. Rajesh Kumar S/o Late Sh. Jagram. The said property is going to be mortgaged with IIFL Home Finance Limited. Any other Legal Heir/person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notify to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Vishal Mehan (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No. 9811215181

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसइआइएए), हरियाणा, बे नंबर 55-58, पर्यतन भवन, सेक्टर -2, पंचकुला ने दिनांक 16.08.2022 के पत्र क्रमांक- SEIAA/HR/HR / 2022 / 165 दिनांक 16.08.2022 के माध्यम से सेक्टर-53, जिला गुरुग्राम, हरियाणा में मिश्रित भूमि उपयोग (19.244 एकड़) के तहत ग्रुप हाउसिंग स्कीम (संशोधन और विस्तार) के लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 के अंतर्गत मैसर्स विपुल लिमिटेड को गोल्ड रेटिंग के साथ "पर्यावरणीय मंजूरी" प्रदान की है। आम जनता को यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त पर्यावरण मंजूरी पत्र राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसइआइएए), हरियाणा की वेबसाइट http://environmentclearance.nic.in पर उपलब्ध है।

यह सार्वजनिक सूचना पर्यावरण मंजूरी पत्र के XI (Miscellaneous) की शर्त संख्या (1) के अनुपालन में जारी किया गया है।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
कृते विपुल लिमिटेड

स्थान: गुरूग्राम
दिनांक: 27.08.2022

# डीएम-एसपी ने किया जिला जेल का निरीक्षण



जिला कारागार का निरीक्षण करते डीएम डाण् उज्जवल कुमार व एसपी आकाश तोमर

संवाददाता। गोंडा

**आज शुक्रवार** को जिलाधिकारी डॉक्टर उज्व्वल कुमार व पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण पर पहुंचे डीएम ने वहां पर कैदियों से बात की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने स्वयं विभिन्न बैरकोंए अस्पतालए भोजनालयए भंडार कक्षए पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा सख्त निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाए जेल में निरुद्ध कैदियों का मेडिकल चेकअप कराने के लिए मेडिकल कैंप भी आयोजित कराते रहने के निर्देश दिए।

## कजरी तीज की तैयारियां परखीं



कजरी तीज की तैयारियों का जायजा लेते डीएम डाण् उज्जवल कुमार व एसपी आकाश तोमर

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉण् उज्व्वल कुमार ने एसपी आकाश तोमर के शुक्रवार को करनैलगंज के सरयू घाट पर चल रहे कजरीतीज की तैयारियों का लिया जायजा। इस दौरान वहां पर उपस्थित उपजिलाधिकारी करनैलगंज हीरालालए एक्सईएन निर्माण खंड. 2 तथा खंड विकास अधिकारी करनैलगंज को निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को जल भरने से पहले सरयू घाट पर सारी व्यवस्थाएं तैयार कर ली जाय। ताकि जल भरने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना होने पाय। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बेखौफ बाइक सवार दबंगों ने कांवड़िये को मारी गोली, हालत गम्भीर, रेफर

**शिवगढ़, रायबरेली।** पुरानी रंजिश में बाइक सवार बेखौफ दबंगों ने कांवड लेकर जा रहे 29 वर्षीय युवक को गोली मार दी, जिसकी खबर से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। घायल युवक को साथी कांवड़ियों की मदद से 102 एंबुलेंस द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले जाया गया जहां, डॉक्टरों ने युवक की हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक रात करीब 10 बजे बाराबंकी जिले के कान्हूपुर निवासी हरिश्चंद्र, संत प्रसाद, नरेश और दर्शन चार कांवडिया कांवड लेकर रायबरेली जिले के डलमऊ जल भरने जा रहे थे। जो डलमऊ में जल भरकर वापस लौटकर बाराबंकी जिले के अवसानेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करते। कांवडिया डलमऊ जाते समय शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाईवे पर स्थित चंदापुर मोड़ के पास पहुंचे ही थे तभी पीछे चल रहे 29 वर्षीय कांवडिया सन्त प्रसाद को पीछे से आए उसके ही गांव ही रहने वाले स्प्लेंडर बाइक सवार 2 बेखौफ दबंगों ने गोली मार दी। गोली कांड की वारदात से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। जिसे साथी कांवड़ियों की मदद से 102 एंबुलेंस द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने युवक के जिस्म से छर्रे निकालने के बाद युवक सन्तप्रसाद पुत्र लालता प्रसाद की हालत गम्भीर देखते हुए एक्सपर्ट ऑपिनियन के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीएससी अधीक्षक अमित सिंह ने बताया कि युवक के शरीर में करीब 40 से अधिक छोटे-छोटे छेद पाए गए हैं। जिसके शरीर से दो छर्रे भी निकाले गए हैं। बाइक सवार दबंग कान्हूपुर के पूर्व प्रधान के बेटे बताए जा रहे हैं। इस बाबत जब शिवगढ़ थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनंद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले में दो के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# हड़ताल पर डटे हैं हाईकोर्ट अधिवक्ता

## रविवार की बैठक में तय होगी आगे की रणनीति

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का आंदोलन तीसरे दिन 26 अगस्त शुक्रवार को भी जारी रहा। अधिवक्ताओं के कार्य से विरत रहने से न्यायिक कार्य बुरी तरह प्रभावित रहा। दोपहर बाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने बैठक कर आंदोलन जारी रहने का निर्णय लिया। कहा कि रविवार को बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। इसके पूर्व अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट परिसर में जाने वाले प्रवेश द्वारों पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया। कहा कि न्यायालय प्रशासन को कई बार समय दिया गया इसके बावजूद मुकदमों से जुड़ी सुनवाई की व्यवस्था को सुधारा नहीं जा रहा है। इसका खामियाजा वादकारियों और अधिवक्ताओं दोनों को भुगतना पड़ रहा है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने बार के पदाधिकारियों को यह आश्वासन दिया था कि समस्याओं का जल्द ही निराकरण कर दिया जाएगा। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अध्यक्ष राधाकांत ओझा ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा।बैठक के दौरान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राजस्व परिषद बार एसोसिएशन के आंदोलन का समर्थन किया और परिषद के चेयरमैन के आदेश को मनमाना करार दिया। कहा कि हाईकोर्ट के अधिवक्ता चेयरमैन के इस आदेश का पुरजोर विरोध करते हैं। राजस्व परिषद बार एसोसिएशन के आंदोलन का समर्थन करते हैं। महासचिव सत्यधीर सिंह जादौन ने कहा कि आंदोलन केसंबंध में 28 अगस्त को बार के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। उसमें आगे के आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।उधर सुबह कोर्ट परिसर में प्रवेश द्वारों पर प्रदर्शन करने वालों में अशोक कुमार सिंह उदय शंकर तिवारी अतुल पांडेय संतोष कुमार मिश्र ऋषेश श्रीवास्तव अश्वनी कुमार ओझा हरवंश सिंह प्रशांत सिंह रिंकू सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र नीरज कुमार त्रिपाठी सुरेंद्र नाथ मिश्र धर्मेंद्र सिंह यादव संजय सिंह सोमवंसी यादवेश यादव संयुक्त सचिव प्रेस आशुतोष त्रिपाठी उष्मा मिश्रा अरुण कुमार सिंह पूजा सिंह आदि मौजूद रहे।

## घर में रखे सोने, चांदी के आभूषण, मोबाइल चोरी

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव में छत के सहारे चोर घर में घुस गये तथा घर में रखे सोने, चांदी के आभूषण व मोबाइल चुरा ले गये हैं। घर में हुई चोरी की शिकायत पीड़ित ने पुलिस की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी सहादत पुत्र लाल शाह ने बताया कि उनका पूरा परिवार घर में सोता रहा। अज्ञात चोर छत के सहारे घर में घुस आये। चोरों ने घर घुस कर कमरे व बक्से के ताले तोड़ दिये। ताले तोड़ कर बक्से में रखे सोने के आभूषण बेंदा, नथुनी, मंगलसूत्र, अंगूठी, हथफूल तथा चांदी की बाल चोटी, पायल, 4 सेट तोड़िया व मोबाइल चुरा ले गये हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि जब उनकी नींद खुली तो दरवाजे व बक्से के ताले टूटे देखकर चोरी की जानकारी हुई। चोरी होने की उन्होंने तुरंत सूचना डायल 112 पर दी। सूचना देने पर पुलिस मौके पर आयी तथा जांच करने के बाद चली गई।

# उफनाई यमुना ने दर्जनों गांवों को लिया चपेट में

संवाददाता। बांदा

**यमुना नदी** का जलस्तर खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर बह रहा है और कानपुर चिल्ला हाईवे मैं पानी आ जाने से बंद कर दिया गया है बांदा जनपद के लगभग एक सैकड़ा गांव के संपर्क मार्ग डूब गए हैं उत्तर प्रदेश के2कबीना मंत्री राज्य मंत्री जिला अधिकारी बांदा आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा समस्त अधिकारीगण रेस्क्यू अभियान में लगे हुए हैं चारों तरफहाहाकार मचा हुआ है सभी स्टीमर नाव में स्टीमर में टहल-टहल कर बाढ़ पीड़ितों को मदद पहुंचा रहे हैं हालांकि जनता का कहना है कि अभी सही तरीके से मदद नहीं हो रही है। बाँदा में यमुना नदी झांसी और हथिनी कुंड से छोड़े गए पानी की वजह से लगभग एक सैकड़ा गांव के संपर्क मार्ग टूट गए हैं गांव टापू बन चुके हैं काफी गांव डूब चुके हैं अर्थात पानी गांव में घुस गया है मन कैप कबीना मंत्री राकेश सचान तथा राज्य मंत्री रामकेश निषाद जिला अधिकारी अनुराग पटेल समस्त सरकारी मशीनरी नेतागण समाजसेवी सभी बचाव कार्य में जुटे हुए हैं जिला प्रशासन ने एनडीआरएफको भी सूचित कर दिया है बांदा से कानपुर हाईवे हाईवे मार्ग बंद हो गया है क्योंकि चिल्ला रोड पर पानी 5 फीट सड़क से ऊपर बह रहा है हजारों एकड़ भूमि कृषि भूमि फसल नष्ट हो चुकी है चारों तरफ त्राहिमाम त्राहिमाम हो रहा है रात दिन बचाव कार रेस्क्यू अभियान लोगों को खाना पहुंचाने का कार्य चल रहा है क्षेत्रों से हटाकर लोगों को ऊंचाई पर लाया गया है केंद्र बनाए गए हैं स्कूलों में रखा गया है और केन नदी के बढ़ रहे जल स्तर से जनपद कई गाँव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं । जिसके चलते इन गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है । जनपद की दोनों प्रमुख नदियाँ यमुना खतरे के निशान से 2 मीटर ऊपर व केन खतरे के निशान से डेढ़ मीटर ऊपर बह रही है। फ्लिहाल प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों पर लोगों के आवागमन के लिए नाव की व्यवस्था करा दी गई है व बाढ़ चौकियों के माध्यम से स्थिति पर नजर रखी जा रही है। मध्यप्रदेश की घाटियों में बारिस के कारण केन एयमुना नदियों में बाढ़ आ गई है। जिसके चलते जनपद में दर्जनों गांवों का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट गया है। नदियों में लगातार बाढ़ का पानी बढ़ रहा है। जिसके चलते बांदा के चिल्लाए पैलानी और जसपुरा क्षेत्रों के 1सैकड़ा गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है और इन गांवो का मुख्य मार्गों से संपर्क टूट गया है और प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की फसलें भी जलमग्न हो गई हैं ।वहीं जिलाधिकारी अनुराग पटेल का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ की स्थिति पर पूरी नजर रखी जा रही है। जिन गांवों का संपर्क टूट गया है वहाँ पर आवागमन के लिए नाव की व्यवस्था की गई है और प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों की माध्यम से स्थिति पर नजर रखी जा रही है। दो मंत्री लगातार कैंप कर रहे हैं यमुना नदी में बाढ़ में लाइफजैकेट पहनकर निरीक्षण कर रहे हैं जगह.जगह लेकिन यह भी देखने वाली बात है की लाइफ जैकेट जिला कलेक्टर के पास एसडीएम के पास नहीं है खतरा तो किसी समय भी किसी को हो सकता है।





## प्रशासन सतर्क, दो मंत्रियों ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

# राजस्व परिषद बार का आंदोलन जारी

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का भी मिला समर्थन

**प्रयागराज।** पश्चिमी यूपी के नौ मंडलों के स्टांप वादों को लखनऊस्थानांतरित किए जाने के विरोध मे राजस्व परिषद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रही। एसोसिएशन के पदाधिकारियों और राजस्व परिषद के न्यायिक सदस्यों के बीच हड़ताल समाप्त करने को लेकर हुई वार्ता बिना नतीजे के खत्म हो गई। अब सोमवार की बैठक में आगे की रणनीति तय होगी। बार एसोसिएशन का कहना है कि जब क्षेत्राधिकार इलाहाबाद में निहित है तो स्टांप वादों को लखनऊ कैसे स्थानांतरित कर दिया गया। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि चेयरमैन बार की सहमति बगैर मनमानी कर रहे हैं।बार उनके निर्णय को कत्तई स्वीकार नहीं करेगी और जब तक 11 अगस्त के निर्णय को वापस नहीं ले लिया जाता आंदोलन जारी रहेगा। राजस्व परिषद बार एसोसिएशन के आंदोलन का समर्थन हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने भी किया है। पूर्व महासचिव विजय चंद्र श्रीवास्तव ने अधिकारियों पर अपने निहित हित के लिए राजस्व परिषद की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। बैठक में महासचिव बी के पांडेय सत्येंद्र सिंह कल्लन तिवारी सुरेंद्र कुमार एपी सिंह अनुरुद्ध चतुर्वेदी उमंग श्रीवास्तव हरीष चंद्र सिंह मनीष गजला

## क्विक न्यूज

### प्रो. ऋषिकेश सिंह बने प्राचार्य

**गोंडा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेजए गोंडा के स्नातकोत्तर राजनीति शास्त्र विभाग के प्रोफेसर डाण् ऋषिकेश सिंह को उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोगए प्रयागराज से प्राचार्य पद पर चयनोपरांत उच्च शिक्षा निदेशकए प्रयागराज ने श्री कृष्ण गीता स्नातकोत्तर महाविद्यालयए लालगंजएआजमगढ़ आवंटित किया है। प्रोफेसर ऋषिकेश सिंह 1 सितंबर 2022 को उक्त महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे। प्रोफेसर सिंह एक जाने.माने राजनीति शास्त्री हैं और राजनीति विज्ञान पर उनकी दो दर्जन से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित हैं और वर्तमान समय में राजनीति विज्ञान के अध्ययन में इन पुस्तकों का विशेष योगदान है। प्रोफेसर सिंह सन 2006 से इंडियन जर्नल आफसोशल साइंसेज एंड सोसाइटीज नामक अंतरराष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिका का संपादन कर रहे हैं जिसका अगस्त 2022 में तैतीसवा अंक प्रकाशित होने जा रहा है । प्रोफेसर सिंह के निर्देशन में 6 शोध छात्रों को शोध उपाधि प्राप्त हो चुकी है तथा वर्तमान में 6 छात्र शोध कर रहे हैं। विभिन्न राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रोफेसर सिंह के तीन दर्जन से ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित हैं तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेमिनार तथा वेवीनार आयोजित करने का अनुभव है। इनके गजलों का संग्रह जो कह दिया सो कह दिया है तथा प्रोफेसर सिंह ने आञ्जनेय एकादश भी लिखा है जो हनुमान जी की वंदना है। प्रोफेसर सिंह आलोचक भी हैं और उन्होंने कई साहित्यकारों के लेखन पर आलोचना भी लिखी है ।

### सर्पदंश से युवक की हुई मृत्यु, झाडफूंक के चक्कर में पडे रहे परिजन

**चित्रकूट।** पहाडी थाना क्षेत्र के सकरौली गांव के लवकुश (28) पुत्र मंगल की सर्पदंश से मृत्यु होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। शुक्रवार को मर्चरी में लवकुश के पिता मंगल ने बताया कि गुरुवार को देर शाम लवकुश खेत से पशुओं को चारा लेने गया था। वहां सर्प के काटने के बाद परिजन पास के गांव साहपुर में ले जाकर घंटों झाडफूंक कराते रहे। अराम न मिलने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने गम्भीर दशा देखकर प्रयागराज रेफर कर दिया। प्रयागराज में घंटों इलाज के बाद शुक्रवार को उसकी मृत्यु हो गई। लवकुश की मृत्यु की सूचना पर घर में कोहराम मच गया। लवकुश की शादी पांच वर्ष पहले हुई थी। उसके दो पुत्र हैं। खेती-किसानी कर घर का गुजर-बसर करता था। पहाडी थाना प्रभारी गुलाब त्रिपाठी ने बताया कि सर्पदंश से मृत्यु पर शव को पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। झाडफूंक के चक्कर में परिजन समय से उसे अस्पताल नहीं लाये।

# राज्यपाल ने कृषि में आ रही समस्याओं को जानने के लिए महिला कृषकों से बातचीत की



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल शुकवार को के कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर पहुँची जहां उन्होंने कृषक महिलाओं से बातचीत किया, इसके साथ ही वह प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। राज्यपाल का यह दौरा किसानों की वस्तु स्थिति को भली प्रकार समझने के लिए माना जा रहा है। राज्यपाल ने जहां कृषि में आ रही समस्याओं को महिला कृषकों से बातचीत कर जानने की कोशिश किया वहीं दूसरी तरफ महिलाओं को आधुनिक तकनीक व गौ आधारित प्राकृतिक खेती को अपनाने की बात कही। उन्होंने बताया कि महिला खेती से जुड़े उद्योग अचार मुरब्बा व प्राकृतिक खेती उनके लिए विकास के नए द्वार खोलने का काम करेगा। प्राकृतिक विधि से उपजाया अनाज अधिक गुणवत्ता के कारण अच्छा दाम मिलने से खेती में उन्हें कई गुना लाभ होगा। जिससे उनकी इनकम में वृद्धि होगी। दूरदर्शन से बात करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र की अध्यक्ष डॉ नीलिमा कुँवर ने बताया कि महामहिम ने कृषि वैज्ञान केंद्रों को महिला उत्थान के लिए खेती से जुड़े विभिन्न प्रोग्राम चलाए जाने के निर्देश दिया, जिससे महिला सशक्त बने। वही किसानों ने बताया कि किसानों की इनकम डबल करने के लिए सरकार दिन-रात प्रयास कर रही है, उसी कड़ी में राज्यपाल महोदय ने हम किसानों से खेती में और गुणात्मक सुधार के लिए बात-चीत किया जिससे किसानों की इनकम बढ़ाई जा सके।

## पमां गांव में बिजली चोरी करते सात ग्रामीण पकड़े

**जालौन ( उरई )।** बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग ने ग्राम पमां में सघन चेकिंग अभियान चलाया। बिजली जमा न करने पर 25 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिये गये जबकि बिजली चोरी करने के आरोप में 7 लोगों के रिपोर्ट दर्ज करायी जा रही है।

शुक्रवार को एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, जेई नवीन कुमार, टीजी 2 शशिभूषण भरद्वाज, लाइनमैन रमाकांत, किशोर व लाल सिंह की टीम ने ग्राम पमां में घर घर जाकर चेकिंग की। चेकिंग दौरान 20 हजार से अधिक के 25 उपभोक्ताओं के बिल जमा न होने पर कनेक्शन काट दिये गये।चेकिंग के दौरान टीम को 7 उपभोक्ता ऐसे मिले जो मीटर से पहले केविल में कट लगाकर बिजली प्रयोग कर रहे थे।

चोरी से बिजली से प्रयोग करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सूचना भेजी जा रही है। चेकिंग दौरान टीम ने 56 हजार रुपए जमा कराये। एस डी ओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सद्‌गुरु चिकित्सालय में 37वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट



डॉयरेक्टर को बैज लगाकर शुभारम्भ करते सद्‌गुरु परिवार के सदस्य

**श्री सद्गुरु** सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड में 37वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा का शुभारंभ पूज्य गुरुदेव का पूजन अर्चन कर सद्गुरु परिवार के सदस्यों को बैज लगाकर किया।

शुक्रवार को नेत्रदान जागरूकता को हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी प्वाइंट की शुरुवात की। ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ बीके जैन समेत सदगुरु परिवार के सभी सदस्यों ने नेत्रदान पखवाड़ा के तहत 25 अगस्त से आठ सितम्बर तक नेत्रदान जागरूकता को रैली, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन की जानकारी दी। ग्रामीण नेत्र शिविरों व विजन सेंटरों से भी नेत्रदान जागरूकता चलाई जायेगी। पाखवाड़े के शुभारंभ पर ट्रस्टी डा बीके जैन ने कहा कि नेत्रदान सबसे बडा दान है। भगवन ने हम सबको दो अनमोल आंखे दी है।ये अनमोल आंखे हमारी मृत्यु पश्चात आग में जलकर राख हो जाती है। हम चाहे तोये अनमोल आंखे मृत्यु के बाद किसी और को देकर उसे दुनिया दिखा सकते है। खुद को अपने परिवार को, रिश्तेदारों को, मित्रो को, समाज को नेत्रदान के बारे में बतायें। जागरूक करें तभी नेत्रदान पखवाड़ा मनाने का सही उद्देश्य होगा।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर महिलाओं की टीम करेगी औषधीय पौधों की बुवाई

- डीएम ने हरी झंडी दिखाकर महिलाओं से भरी बस को किया रवाना
- जनपद के 78 किमी क्षेत्रफल में 40 महिलाओं की टीम संभालेगी जिम्मा





महिलाओं से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती डीएम

संवाददाता। उरई (जालौन)

**जिलाधिकारी चाँदनी** सिंह ने आज स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बुन्देलखण्ड ऐक्सप्रेसवे पर औषधि पौधरोपण भ्रमण हेतु बस को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के घोषणा के बाद बुन्देलखण्ड ऐक्सप्रेसवे लगभग 300 किमी पर औषधि पौधरोपण किया जाना है जिसमें से जनपद जालौन के अंतर्गत 78 किमी बुन्देलखण्ड ऐक्सप्रेसवे पर औषधि पौधरोपण किया जायेगा। उन्होने कहा कि इस ऐक्सप्रेसवे के किनारे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा औषधि पौधों की बुवाई व देखरेख करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि ऐक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर औषधि पौधे लगाये जायेगे। इसके लिये आज 40 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भ्रमण हेतु रवाना किया गया हैं। उन्होंने कहा कि औषधि पौधों द्वारा जो प्रोडक्ट मेडिसन उपयोग के लिये बनाये जायेंगे जिसका टाइअप वैद्यनाथ आर्युवेद झांसी से हुआ हैं उनके माध्यम से क्रय-विक्रय किया जायेगा। इसके लिये चार कलस्टर की महिलाओं को वैद्यनाथ आयुर्वेदिक झांसी द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक शिवाकान्त द्विवेदी, डीसी मनरेगा अवधेश दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सूखे के चलते खर-पतवार से पट गए खेत

- नहीं काम कर रहे खर-पतवार नाशी रसायन
- निराई कराने पर अधिक खर्च हो रहा पैसाए धान की फसल की लागत बढ़ी



धान के खेत से खर-पतवार निकालती हुई महिलाएं

संवाददाता। तिलोई, अमेठी

**सूखे के** हालात के चलते अब खेती किसानी का काम पूरी तरह से अव्यवस्थित हो चुका है। खेतों पर जहां दरारे स्पष्ट नजर आने लगी हैंए वहीं किसान अपनी फसलों पर खरपतवार पर नियंत्रण नहीं लगा पा रहे हैं। साथ ही खेतों में अब निंराई का काम भी थम सा गया है। इन सब हालात के चलते किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। अब तक खेती के कार्य में व्यस्त किसान अब एक तरह से खेतों में नमी नहीं हो पाने के चलते खेतों में कुछ काम नहीं कर पा रहे हैंए सिर्फ बारिश का इंतजार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कृषि प्रधान सिंहपुर विकास क्षेत्र में किसानों के पास खेती.किसानी के अलावा और भी कोई ठोस काम नहीं रह गया है। किसान जहां बरसात के शुरुवाती हफ्ता पहले पूरी तरह से खेती किसानी में व्यस्त नजर आ रहे थेए चाहे वह धान की बुवाईए रोपाई का काम होए लेकिन अब उनके सामने बिन पानी सब सून की स्थिति हो गई है। बरसात के दिनों से बारिश नहीं होने के चलते अब किसानों के पास कोई काम बच नहीं गया है। किसान टकटकी लगाए सिर्फआसमान की ओर इस उम्मीद से पूरे दिन बैठे रहते हैं अभी भी अच्छी बारिश हो तो वह फिर से एक बार अपने खेतों की ओर रुख करें और फसलों पर बढ़ रहे खरपतवार को नियंत्रित कर सके ए क्योंकि बारिश नहीं होने के चलते किसान खरपतवार को निकाल नहीं पा रहे हैंए जिससे खरपतवार लगातार बढ़ रहे हैं। किसानों के अनुसार सूखे खेतों में खरपतवार के और बढ़ने की आशंका रहती है। इसी तरह के हालात पंद्रह दिन और रहे तो निश्चित रूप से फसलों पर खरपतवार का नियंत्रण किसानों के लिए आसान नहीं रह जाएगा। विदित हो कि सिंहपुर क्षेत्र में किसानों द्वारा अब तक लगभग 40 हजार हेक्टेयर में धान की फसल तथा 3 हजार हेक्टेयर में अन्य फसले बोई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त और भी खरीफ फसलों में मुख्य रूप से अरहर मक्का तथा सब्जी की फसलें भी किसानों द्वारा ली जा रही है। सभी फसलों पर अब मौसम के विपरीत बने हालात ने किसानों की रातों की नींद गायब कर दी है। किसानों को अभी से ही अकाल की काली छाया मंडराने लगी है। हालांकि प्रदेश में इस तरह के हालत पिछले तीन सालों से लगातार बन रहे हैं और लगातार अकाल की मार झेलते हुए किसानों की आर्थिक स्थिति भी खासा जर्जर होती जा रही है। किसान बाजार में साहूकारों के कर्ज के बोझ के तले दबते जा रहे हैं। यदि खरपतवार समय पर नियंत्रित नहीं हुआ तो इसका दुष्प्रभाव फसलों पर पड़ता है और उत्पादन भी इससे खासा प्रभावित होता है। वर्तमान में हालात कुछ ऐसे ही नजर आ रहे हैं। किसानों की अगर मानें तो दो.चार दिनों में कहीं बारिश नहीं हुई तो फसलों पर खरपतवार को रोक पाना आसान नहीं होगा और यदि ऐसा होता है तो इससे न केवल उत्पादन ही प्रभावित होगाए बल्कि किसानों को भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

# एशिया कप में होगी महाद्वीपीय बादशाहत की जंग

## ● टी-20 विश्व कप के लक्ष्य के साथ

**भाषा।** दुबई

**भारत और** पाकिस्तान के साथ उपमहाद्वीप की शीर्ष टीमें शनिवार से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए जब मैदान में उतरेंगी तो उनका लक्ष्य इस खिताब को जीतने के साथ इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को और पुख्ता करना होगा। आगामी टी20 विश्व कप के कारण छह साल के बाद इस टूर्नामेंट को भी खेल के अपने सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में खेला जाएगा जहां कोई भी टीम किसी भी टीम मात देने का माद्दा रखती है। क्वालीफायर हांगकांग के अलावा टूर्नामेंट में भाग ले रही सात बार की चैम्पियन भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश की टीमें अपने दिन किसी को भी हरा सकती है। मेजबान श्रीलंका में आर्थिक और राजनीतिक संकट के कारण टूर्नामेंट का आयोजन यूएई में करना पड़ा। अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व कप की तुलना में यूएई की परिस्थितियां काफी अलग होगी लेकिन सभी टीमें अगले दो हफ्तों के दौरान आईसीसी की प्रतियोगिता के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देना चाहेंगे। भारतीय टीम रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ दबाव वाले अपने शुरूआती मैच में उस आक्रामक खेल को जारी रखना चाहेगी, जिससे टीम को नए कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में पिछले कुछ मैचों में सफलता मिली है। इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में सभी की निगाहें विराट कोहली पर होंगी, जो लंबे समय से लय में आने की कोशिश कर रहे है। विश्राम के बाद वापसी कर रहे विराट कोहली अलावा बल्लेबाजी के शीर्ष तीन क्रम में कप्तान रोहित शर्मा और लोकेश राहुल पर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। टीम को हालांकि चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी। पाकिस्तान के प्रदर्शन में भी पिछले 12 महीने से लगातार सुधार हो रहा है। टीम 10 साल के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर से चैम्पियन बनने के लिए पूरा जोर लगाएगी। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले टीम के शीर्ष तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी के चोटिल होने के कारण गेंदबाजी थोड़ी कमजोर हुई है लेकिन बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे धाकड़ बल्लेबाज अपने दम पर मैच जिताने की क्षमता रखते है। अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद नबी की कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम उच्च रैंकिंग वाली टीमों को हराने की कोशिश करेगा। टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप में बड़ी टीमों को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके थे। राशिद खान हमेशा की तरह गेंद के साथ उनके तुरुप का इक्का होंगे। टीम बल्लेबाजों से बड़ी पारी की उम्मीद करेगी। श्रीलंका की टीम ने नए मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड की देखरेख में काफी सुधार किया है। टीम में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ियों के पास इस टूर्नामेंट से रातों रात स्टार बनने और देश में संघर्ष की स्थिति के बीच लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का इस से अच्छा मौका नहीं होगा। बांग्लादेश की टीम ने विश्व कप के बाद से सबसे छोटे प्रारूप में संघर्ष किया है। टीम को हालांकि फिर से कप्तान बने शाकिब अल हसन के नेतृत्व बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी। बांग्लादेश ने विश्व कप से पहले श्रीधरन श्रीराम को तकनीकी निदेशक के रूप में टीम से जोड़ा है जो टी20 प्रारूप की कमियों को दूर करने पर ध्यान देंगे। हांगकांग की टीम भारत और पाकिस्तान के ग्रुप में है। उपमहाद्वीप की दोनों बड़ी टीमों को हांगकांग से सावधान रहना होगा। टीम ने ओमान में आयोजित क्वालीफायर में संयुक्त अरब अमीरात को हराकर चौथी बार एशिया कप के लिए क्वालीफाई किया है।



**टीमें :भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान। स्टैंडबायः श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, दीपक चाहर।

**पाकिस्तानः** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, फखर जमां, हैदर अली, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, मोहम्मद हसनैन, शाहनवाज दहानी, उस्मान कादिर।

**बांग्लादेशः** शाकिब अल हसन (कप्तान), अनामुल हक, मुशफिकुर रहीम, अफिफ हुसैन, मोसादेक हुसैन, महमूदुल्लाह, महेदी हसन, मोहम्मद सैफुद्दीन, हसन महमूद, मुस्तफिजुर रहमान, नसुम अहमद, सब्बीर रहमान, मेहदी हसन मिराज, इबादत हुसैन, परवेज हुसैन एमोन, नुरुल हसन सोहन, तस्कीन अहमद।

**श्रीलंकाः** दासुन शनाका (कप्तान), दनुष्का गुणथिलका, पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, चरित असलंका, भानुका राजपक्षे, आशेन बंडारा, धनंजया डी सिल्वा, वनिन्दु हसरंगा, महेश तीक्षाना, जेफरी वेंडरसे, प्रवीण जयविक्रमा, चमिका करुणारत्ने, दिलशान मधुशनका, मथीशा पथिराना, नुवानीडु फर्नांडो, दिनेश चांदीमल।

**अफगानिस्तानः** मोहम्मद नबी (कप्तान), नजीबुल्लाह जदरान (उपकप्तान), अफसर जजई (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह ओमरजई, फरीद अहमद मलिक, फजल हक फारुकी, हशमतुल्लाह शाहिदी, हजरतुल्लाह जजई, इब्राहिम जदरान, करीम जनत, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, नूर अहमद, रहमानुल्ला गुरबाज (विकेटकीपर), राशिद खान, समीउल्लाह शिनवारी और उस्मान गनी।

**हांगकांगः**निजाकत खान (कप्तान), किंचित शाह, जीशान अली, हारून अरशद, बाबर हयात, आफताब हुसैन, अतीक इकबाल, एजाज खान, एहसान खान, स्कॉट मैककिनी (विकेटकीपर), गजनफर मोहम्मद, यासिम मुर्तजा, धनंजय राव, वाजिद शाह , आयुष शुक्ला, अहान त्रिवेदी, मोहम्मद वहीद।

## भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज वसीम चोटिल

**दुबई।** तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी के चोटिल होने के कारण एशिया कप से बाहर होने के बाद पाकिस्तान के एक अन्य तेज गेंदबाज मोहम्मद वसीम को भारत के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले पीठ दर्द के कारण अभ्यास सत्र छोड़ना पड़ा। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को चोट का स्थिति का सही आकलन करने के लिए एमआरआई स्कैन के लिए भेजा गया है। उन्होंने गुरुवार को यहां आईसीसी अकादमी मे नेट अभ्यास के दौरान पीठ मे दर्द की शिकायत की थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) किसी तरह का जोखिम नही उठाना चाहता और इसलिए उसने तेज गेंदबाज को एहतियात के तौर पर स्कैन के लिए भेजा। इस युवा तेज गेंदबाज ने पाकिस्तान के लिए अभी तक आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच और 11 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने पिछले साल जुलाई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। पाकिस्तान इस तेज गेंदबाज के जल्दी ठीक होने की उम्मीद करेगा क्योंकि वह पहले ही अपने प्रमुख गेंदबाज शाहीन के बिना खेलेगा जो कि घुटने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। पाकिस्तान एशिया कप में अपना पहला मैच रविवार को भारत के खिलाफ खेलेगा।



## एशिया कपः आईपीएल जैसा प्रदर्शन जारी रखना चाहते हैं श्रीलंकाई बल्लेबाज भानुका राजपक्षे

**दुबई।** श्रीलंका के बल्लेबाज भानुका राजपक्षे शनिवार से यहां शुरू होने वाले एशिया कप में वैसा ही क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहते हैं जैसा उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेला था। इस साल आईपीएल में राजपक्षे ने पंजाब किंग्स के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया था और अपने पावर हिटिंग कौशल से कुछ प्रभावित करने वाली आक्रामक पारियां खेली थीं। राजपक्षे ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, आईपीएल में खेलने का अनुभव मेरे लिए टीम में अच्छी ऊर्जा लाएगा। श्रीलंकाई टीम में वापसी में मैं काफी सकारात्मकता लेकर आया हूं क्योंकि मैंने आईपीएल में शिखर धवन, मयंक अग्रवाल और केजी (कागिसो रबाडा) जैसे खिलाड़ियों से काफी बातचीत की थी। राजपक्षे ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मुझे उन बातों की जानकारी देने की जरूरत है लेकिन इनसे काफी सकारात्मकता आई। , मैं उम्मीद कर रहा हूं कि हम विश्व क्रिकेट में भी उसी तरह का क्रिकेट खेल सकते हैं। पंजाब किंग्स के लिए 30 वर्षीय राजपक्षे ने 159.68 के स्ट्राइक रेट से 206 रन बनाए थे। श्रीलंकाई टीम शनिवार को एशिया कप के शुरुआती मुकाबले में अफगानिस्तान से भिड़ेगी।



## कोचिंग के पिछले अनुभव से बांग्लादेश के साथ जिम्मेदारी निभाने में मदद मिलेगीः श्रीराम

**दुबई।** बांग्लादेश टीम के तकनीकी सलाहकार बने भारत के पूर्व क्रिकेटर श्रीधरन श्रीराम ने शुक्रवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के साथ कोचिंग का अनुभव उन्हे अपनी नई जिम्मेदारी निभाने में मददगार होगा। श्रीराम आगामी एशिया कप और अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले टी20 विश्व कप मे बांग्लादेश की टीम से जुड़े होगे। इस 46 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि बांग्लादेश के साथ वह अपनी जिम्मेदारियो के बारे में बहुत स्पष्ट है।

## प्रो कबड्डी लीग का नया सत्र सात अक्टूबर से, दर्शकों को भी होगी अनुमति

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के नौवें सत्र की शुरुआत सात अक्टूबर को होगी जिसमे दर्शको को स्टेडियम मे आने की अनुमति दी जाएगी। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। इस प्रतियोगिता के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि लीग चरण के मैच बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद मे खेले जाएंगे। लीग चरण दिसंबर तक चलेगा।कोविड-19 महामारी के कारण पिछले सत्र मे दर्शकों को स्टेडियम मे आने की अनुमति नही दी गई थी। आगामी सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी पांच और छह अगस्त को की गई थी।

## जापानी क्लब उरावा रेड्स एशियाई चैंपियन्स लीग के फाइनल में

**सियोल।** जापान के क्लब उरावा रेड्स ने दक्षिण कोरिया के जोबुक मोटर्स को पेनल्टी शूटआउट मे 3-। से हराकर एशियाई चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मे प्रवेश किया। सैतामा स्टेडियम मे खेला गया यह सेमी फाइनल मैच निर्धारित समय तक 2-2 से बराबरी पर था, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा। जोबुक के किम बो-क्यूंग, ली सेउंग-की और किम जिन-सु के चूकने के बाद उरावा के अतरू एसाका ने विजई गोल दागा। दो बार के चैंपियन उरावा को फाइनल मे अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे मे जानने के लिए 2023 तक इंतजार करना होगा। टूर्नामेंट को दो भौगोलिक हिस्सो मे बांटा गया है और पश्चिमी क्षेत्र फरवरी मे अपना नॉकआउट चरण पूरा करेगा।

## महिला विश्व एमेच्योर टीम गोल्फ : भारतीय तिकड़ी दूसरे दौर में 10 पायदान खिसकी

**पेरिस।** गोल्फर अवनि प्रशांत, स्मृति भार्गव और निश्ना पटेल की भारतीय तिकड़ी शुक्रवार को यहां एस्प्रितो सांतो ट्राफी गोल्फ टूर्नामेंट की महिला विश्व एमेच्योर टीम चैम्पियनशिप के दूसरे दौर के बाद 10 पायदान खिसक गई। अवनि ने दूसरे दौर मे 76 का कार्ड खेला, उन्होंने पहले दौर मे 77 का कार्ड बनाया था। इससे वह 73वें स्थान पर है। स्मृति (73-77) संयुक्त 84 और निश्ना (77-77) संयुक्त 103वें स्थान पर थी। स्वीडन की इंग्रिड लिंडब्लाड ने छह अंडर 65 का कार्ड खेला और अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

# युकी दूसरे दौर में बाहर



## ●यूएस ओपन क्वालीफायर्स मैच

**भाषा।** न्यूयार्क

**यूकी भांबरी** की दूसरे दौर में बेल्जियम के जिजो बर्ग के हाथों सीधे सेटों में हार के साथ ही भारत की यूएस ओपन क्वालीफायर्स टेनिस टूर्नामेंट में चुनौती भी समाप्त हो गई। भारत का यह 30 वर्षीय खिलाड़ी गुरुवार को खेले गए मैच में बेल्जियम के अपने प्रतिद्वंदी से 3-6, 2-6 से हार गया था। विश्व में 552वे नंबर के भांबरी के लिए विश्व में 155वें नंबर के बर्ग के सामने मुकाबला किसी भी समय आसान नहीं रहा। पहले सेट में हालांकि एक समय स्कोर 3-3 से बराबरी पर था। बर्ग ने जल्द ही मैच का रुख पलट दिया और पहला सेट जीतने के बाद दूसरा सेट भी आसानी से अपने नाम किया। इससे पहले बुधवार को भारत के शीर्ष रैंकिंग के पुरुष एकल खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और सुमित नागल पहले दौर में हारकर बाहर हो गए थे। दुनिया के 241वें नंबर के रामनाथन अमेरिकी किशोर ब्रूनो कुजुहारा से एक घंटे 28 मिनट में 3-6, 5-7 से, जबकि नागल कनाडा के वासेक पोस्पिसिल से 6-7, 4-6 से हार गए थे।

### केनिन को हराकर पेरा सेमीफाइनल में

**क्लीवलैंड।** बर्नार्डा पेरा ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सोफिया केनिन को 6-2, 5-7, 6-3 से हराकर डब्ल्यूटीए टूर में अपना लगातार 13वां मैच जीता और टेनिस इन द लैंड टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो महीने पहले विंबलडन के मुख्य ड्रा में हारने के बाद विश्व रैंकिंग में 51वें नंबर पर काबिज पेरा ने कोई मैच नहीं गंवाया है।

# एआईएफएफ अध्यक्ष पद के लिए मैं सही उम्मीदवारः भूटिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व कप्तान** बाइचुंग भूटिया ने शुक्रवार को अपनी विश्वसनीयता , अनुभव और क्रिकेट में अपने समकक्ष सौरव गांगुली का हवाला देते हुए कहा कि वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) का नेतृत्व करने के लिए निश्चित रूप से सही व्यक्ति हैं। भूटिया और गांगुली दोनों ही अपने-अपने खेल के सम्मानित पूर्व कप्तान हैं। गांगुली का जन्म से कोलकाता से रिश्ता रहा है तो वहीं भूटिया का भी इस शहर से गहरा संबंध है। अपने करियर के शीर्ष पर उन्होंने लंबे समय तक मोहन बागान और ईस्ट बंगाल का प्रतिनिधित्व किया। भूटिया के सामने एआईएफएफ चुनावों में पूर्व गोलकीपर कल्याण चौबे की चुनौती होगी। चौबे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता भी है और वह एआईएफएफ चुनावों में जीत के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। दोनों पूर्व खिलाड़ियों ने गुरुवार को अपने नामांकन दाखिल किए। भूटिया ने एक बातचीत में कहा, आज मैं जो कुछ भी बना हूं वो सिर्फ फुटबॉल की वजह से है। इसकी वजह से मुझे पद्मश्री का सम्मान मिला है। मैंने मैदान पर 16 साल तक भारत का प्रतिनिधित्व किया है। अब समय खेल को कुछ वापस देने का है। निलंबन के बाद साथ इसमें सुधार की जरूरत है। भारत की तरफ से 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद 2011 में संन्यास लेने वाले 45 वर्षीय भूटिया ने कहा, मैं एआईएफएफ के लिए नया नहीं हूं। मैं सरकार और खेल मंत्रालय के साथ काम कर रहा हूं। सरकार सभी खिलाड़ियों का समर्थन कर रही है। हमारे प्रधानमंत्री भारत में खेलों के विकास में मदद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरे पास भारतीय फुटबॉल प्रशासन के लिए अनुभव, ज्ञान और योजनाएं हैं। मैं यह कर सकता हूं। चारों ओर इतनी नकारात्मकता के बीच हमें सुधारों की जरूरत है। खिलाड़ी अब खेल प्रशासन जुड़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। उन्होंने गांगुली का उदाहरण देते हुए कहा, सौरव गांगुली को देखें, वह एक सम्मानित क्रिकेटर हैं और क्रिकेट प्रशासन में इतना अच्छा कर रहे हैं। ने लगभग दो दशकों तक सिक्किम फुटबॉल संघ में सलाहकार के रूप में अपने अनुभव के जिक्र के साथ यूनाइटेड सिक्किम क्लब चलाने का हवाला दिया। मैं भारतीय फुटबॉल में अच्छा बदलाव कर सकता हूं। मेरे पास विश्वसनीयता है, मैं सक्षम हूं। यह निश्चित रूप से एक चुनौती है, लेकिन असंभव नहीं है। भूटिया संन्यास के बाद फुटबॉल प्रशासन में कई भूमिकाओं में शामिल रहे हैं।






## ● एआईएफएफ चुनाव

## कोसाराजू ने एआईएफएफ कोषाध्यक्ष पद से नामांकन वापस लिया

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश फुटबॉल संघ के अध्यक्ष गोपालकृष्ण कोसाराजू ने दो सितंबर को होने वाले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के चुनाव मे कोषाध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन शुक्रवार को वापस ले लिया। इस पद के लिए कोसाराजू का मुकाबला अरुणाचल प्रदेश के किपा अजय के साथ था। कोसाराजू के हटने के बाद अजय अब इस पद के इकलौते उम्मीदवार बचे है। कोसाराजू ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा को शुक्रवार को भजे ई-मेल मे कहा, मै आपको सूचित करना चाहता हूं कि मै कोषाध्यक्ष पद के लिए दाखिल नामांकन वापस ले रहा हूं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख शनिवार दोपहर एक बजे तक है।

## रूबी तोमर और ऐश्वर्य तोमर चयन ट्रायल्स में जीते

**भाषा।** नई दिल्ली

**पंजाब की** रूबी तोमर ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी6 राष्ट्रीय निशानेबाजी चयन ट्रायल में जीत दर्ज की जबकि ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने भोपाल में पुरूषों के 10 मीटर एयर राइफल टी5 ट्रायल जीता। रूबी ने अपने ही राज्य की सिमरनजीत कौर बरार पर 24-23 की रोमांचक जीत दर्ज की। वह पहले दौर में 578 अंक से चौथे स्थान पर रहकर अगले दौर के लिए क्वालीफाई किया जबकि सिमरनजीत 577 अंक से पांचवें स्थान पर थीं। शीर्ष आठ सेमीफाइनल चरण में सिमरनजीत ने पहले सेमीफाइनल में 13 हिट से जबकि रूबी दूसरे सेमीफाइनल में 11 हिट से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। अभिद्न्या अशोक पाटिल और सुरभि पाठक ने भी पदक दौड़ में जगह बनाई। अभिदन्या ने फाइनल में 15 हिट से कांस्य पदक जीता। भोपाल में ऐश्वर्य तोमर ने टी5 पुरूष 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में दबदबा बनाते हुए नौसेना के नीरज कुमार को 17-5 से हराया। नीरज 264.1 अंक के स्कोर से शीर्ष आठ चरण में शीर्ष पर थे जबकि ऐश्वर्य 262.5 अंक से दूसरे स्थान पर थे। 60 शॉट के क्वालीफिकेशन में ऐश्वर्य 630.9 अंक से 393 निशानेबाजों में शीर्ष स्थान पर रहे। मध्य प्रदेश की आशी चौकसी ने महिला और जूनियर महिला 50 मीटर राइफल प्रोन टी5 ट्रायल्स दोनों में जीत हासिल की।

# सात्विक -चिराग ने पहला पदक पक्का किया

## ● विश्व बैडमिंटन : पुरुष युगल में भारत जीता, प्रणय हारे

**भाषा।** तोक्यो

**सात्विकसाईराज** रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपना पहला पदक पक्का करके नया इतिहास रचा, लेकिन एचएस प्रणय का शानदार अभियान क्वार्टर फाइनल में थम गया। इस माह के शुरू में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली विश्व में सातवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने बेहतरीन प्रदर्शन करके खिताब की प्रबल दावेदार और मौजूदा चैंपियन ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी की विश्व में दूसरे नंबर की जापानी जोड़ी को एक घंटे 15 मिनट तक चले मैच में 24-22, 15-21, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे उन्होंने पहली बार विश्व चैंपियनशिप में अपने लिए पदक सुनिश्चित किया।यह भारत का विश्व चैंपियनशिप में युगल में दूसरा पदक है। इससे पहले ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने 2011 में महिला युगल में कांस्य पदक जीता था। सात्विक और चिराग ने भी अपने लिए कम से कम कांस्य पदक पक्का कर लिया है। सेमीफाइनल में उनका सामना आरोन चिया और सोह वूई यिक की छठी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। भारत का यह विश्व चैंपियनशिप में कुल मिलाकर 13वां पदक है। पीवी सिंधू ने 2019 में स्वर्ण पदक सहित इस प्रतियोगिता में कुल पांच पदक जीते हैं जबकि साइना नेहवाल ने एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया है। इनके अलावा किदांबी श्रीकांत ने रजत, लक्ष्य सेन, बी साई प्रणीत और प्रकाश पादुकोण ने कांस्य पदक जीते हैं। भारत एक और पदक अपने नाम कर सकता था लेकिन चीन के झाओ जुन पेंग ने तीन गेम तक चले एक मैच में प्रणय को 19-21, 21-6, 21-18 से हराकर भारतीयों का दिल तोड़ दिया। इससे पहले एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला का विजय अभियान तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी से पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ समाप्त हो गया। गैरवरीय भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया की तीसरी वरीय जोड़ी से 30 मिनट से भी कम समय में 8-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले दूसरे दौर में डेनमार्क के आठवीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन को हराया था। सात्विक और चिराग दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरे और उन्होंने पहले गेम में शुरू में दबदबा बनाए रखा। भारतीय जोड़ी एक समय 12-5 से आगे थी लेकिन जापानी जोड़ी ने लगातार सात अंक बनाकर 16-14 से बढ़त हासिल कर ली।भारतीय जोड़ी ने हालांकि जुझारूपन दिखाकर पहला गेम अपने नाम किया। ताकुरो और यूगो ने दूसरे गेम में 9-9 की बराबरी से शानदार वापसी की और यह गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक खींच दिया। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद फिर से अच्छा खेल दिखाया और इंटरवल तक 11-5 से बढ़त हासिल कर ली। सात्विक और चिराग ने जल्द ही इसे 14-8 कर दिया। भारतीयों ने यहां पर नेट पर फाउल किया और एक अंक गंवाया लेकिन वह तुरंत ही स्कोर 16-9 करने में सफल रहे। यूगो ने इसके बाद कुछ शानदार शॉट लगाए, जिनमें एक शक्तिशाली स्मैश और एक क्रॉस कोर्ट रिटर्न भी शामिल है। इससे जापानी जोड़ी ने तीन अंक बनाए लेकिन इसके बाद उनके दो शॉट बाहर चले गए जिससे भारतीय जोड़ी 19-13 से आगे हो गई। भारतीयों के पास जल्द ही सात मैच पॉइंट थे और उन्होंने यूगो की गलती से मैच अपने नाम करने में देर नहीं लगाई। पुरुष एकल में प्रणय से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने इससे पहले दो बार के चैंपियन केंटो मोमोटा और हमवतन लक्ष्य सेन को हराया था। लेकिन यह भारतीय खिलाड़ी पहला गेम जीतने के बावजूद मैच गंवा बैठा। पहले गेम में भी प्रणय एक समय 19-13 से आगे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने चीनी खिलाड़ी को वापसी का मौका दिया और स्कोर 19-19 से बराबर हो गया। प्रणय ने हालांकि इसके बाद दो अंक बनाकर शुरुआती बढ़त हासिल की। प्रणय दूसरे गेम में किसी भी समय लय में नहीं दिखे और झाओ ने इंटरवल तक 11-। से बढ़त हासिल कर रखी थी। चीनी खिलाड़ी ने यह गेम आसानी से जीता। निर्णायक गेम में प्रणय ने गलतियां की लेकिन फिर भी खुद को मैच में बनाए रखा। इंटरवल तक वह एक अंक की बढ़त पर थे।



## मंधाना के अर्धशतक से सदर्न ब्रेव की द हंड्रेड में बड़ी जीत



**साउथम्पटन।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतक की मदद से सदर्न ब्रेव ने ट्रेंट रॉकेट्स को 10 विकेट से हराकर द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण मे अपनी जगह सुरक्षित की। मंधाना ने 31 गेंदो पर 57 रन बनाए जिसमे नौ चौके और दो छक्के भी शामिल है। इससे पहले लॉरेन बेल ने 10 रन देकर चार विकेट लिए और रॉकेट्स की टीम को आठ विकेट पर 88 रन ही बनाने दिए। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज डैनी वायट ने अपनी टीम को 44 गेंद शेष रहते ही जीत दिला दी। वायट ने 25 गेंदो पर 36 रन बनाए। मंधाना ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होने पहली गेंद पर ही चौका जड़ा और केवल 30 गेंदो पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होने विजई छक्का भी लगाया।

## मनु गंडास ने श्रीलंका के थंगाराजा को पछाड़कर चेन्नई ओपन गोल्फ खिताब जीता

**चेन्नई।** भारतीय गोल्फर मनु गंडास ने शुक्रवार को यहां अंतिम दिन पांच अंडर 67 के स्कोर से चेन्नई ओपन मे चार शॉट की शानदार जीत दर्ज की। हरियाणा के गोल्फर गंडास ने श्रीलंका के एन थंगाराजा (66-67-67-72) को पछाड़ा जिन्होंने अंतिम दौर मे 72 के कार्ड से कुल 16 अंडर 272 के स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया। छब्बीस वर्षीय गंडास (68-65-68-67) बीती रात संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर थे, वह एक शॉट से पहले स्थान से पिछड़ रहे थे। गंडास का कुल स्कोर 20 अंडर 268 रहा जिससे उन्होंने पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट मे खुद का तीसरा स्थान मजबूत किया। बेंगलुरू के खालिन जोशी (68) और चंडीगढ़ के अभिजीत सिंह चड्ढा (71) 15 अंडर 273 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

## डूरंड कप : हैदराबाद ने चेन्नईयिन को 3-। से हराया

**इम्फाल।** मौजूदा इंडियन सुपर लीग चैम्पियन हैदराबाद एफसी ने शुक्रवार को यहां चेन्नईयिन एफसी को 3-। से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट मे दूसरी जीत दर्ज की। हैदराबाद के लिए नाईजीरियाई फॉरवर्ड बार्थोलोम्यू ओगबेचे ने 64वें और 74वें मिनट मे दो गोल दागे जबकि ब्राजील के मिडफील्डर जोआओ विक्टर ने 55वें मिनट मे गोल किया। चेन्नईयिन एफसी ने 42वे मिनट मे अनिरूद्ध थापा की मदद से हाफ टाइम से पहले बढ़त हासिल कर ली थी। लेकिन दूसरे हाफ मे हैदराबाद ने तीन गोल कर जीत दर्ज की। इस जीत से हैदराबाद के दो मैचो मे छह अंक हो गए है जबकि चेन्नईयिन एफसी के इतने ही मैचो मे एक अंक है।

